रांची
शुक्रवार
02.12.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 09
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
हौसले के तरकश में कोशिश का तीर जिंदा रखो, हार जाओ चाहे जिंदगी में सब कुछ, मगर फिर से जीतने की उम्मीद जिंदा रखो।

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-296 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## जी-20 को मानव केंद्रित विकास का मॉडल बनायें : मोदी

### बोले पीएम ○ भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई उन्मुख और निर्णायक होगा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विश्व के आर्थिक रूप से शक्तिशाली 20 देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को साथी देशों का आह्वान किया कि आगामी एक वर्ष में एक समावेशी, महत्वाकांक्षी एवं कार्योन्मुखी एजेंडे पर चलते हुए टकराव एवं प्रतिस्पर्धा से मुक्त संरक्षण, सद्भाव और आशा की ज्योति के साथ मानव केंद्रित विकास का प्रतिमान स्थापित करने के प्रयास में वे सहयोग करें। श्री मोदी ने जी-20 में भारत की अध्यक्षता की औपचारिक शुरुआत के मौके पर एक लेख में वैश्विक व्यवस्था को लेकर भारत का दर्शन प्रस्तुत करते हुए यह बात कही। उन्होंने जी-20 की 17 वर्षों की उपलब्धियों की सराहना



करते हुए कहा कि संगठन की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतर्राष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आये।

#### भारत की परंपरा सभी को एक समान मानने की

**पीएम** ने कहा कि कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करनेवाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाये? उन्होंने कहा कि भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य- हमारे भीतर और हमारे बीच भी हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है।

हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा कि अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी-20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गये। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों।

कैबिनेट : बैठक में कुल 37 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## सरकार ने इस वर्ष आठ लाख टन धान खरीद का लक्ष्य किया निर्धारित



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गुरुवार झारखंड मंत्रालय में को हुई कैबिनेट की बैठक में 37 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक में वर्ष 2022-23 के लिए धान अधिप्राप्ति की मंजूरी दी गयी है। साधारण धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 प्रति क्विंटल और ग्रेड ए धान के लिए 2060 रुपया और 10 रुपया बोनस राशि किसानों को देने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। एक किसान से अधिकतम 200 क्विंटल खरीद करने की स्वीकृति दी गयी है। इस वर्ष आठ लाख टन धान खरीद का लक्ष्य सरकार ने रखी है। इसके अलावा झारखंड टैक्सटाइल एपैरल एवं फुटवेयर नीति को एक साल का अवधि विस्तार दिया गया है। यह 18-09-23 तक प्रभावी रहेगा। वहीं, झारखंड राज्य के कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने पर सहमति बनी है। बैठक के बाद विभागीय सचिव वंदना डाडेल ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य मंत्रिपरिषद ने अल्पसंख्यक समुदाय के कब्रिस्तानों की पक्की घेराबंदी योजना की रूप-रेखा एवं कार्यान्वयन की प्रक्रिया के संबंध में स्वीकृति प्रदान कर दी है। बैठक में देवघर जिलाधिकारी कार्यालय के निर्माण के लिए 52,53,10,800 रुपये के प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। रांची नगर निगम अंतर्गत झिरी में अवस्थित लेगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से जैव-खनन, संसाधन पुनर्प्राप्ति एवं जैव उपचार करते हुए भूमि सुधार करने की योजना बनाने के लिए योजना की कुल लागत की राशि रु. 13617.00 लाख (एक सौ छत्तीस करोड़ सत्रह लाख) की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी। राज्य मंत्रिपरिषद ने झारखंड सरकार के सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों तथा बैंकों में सार्वजनिक एवं अन्य अवकाश घोषित करने की स्वीकृति दी गयी। बैठक में झारखंड विधान-मंडल (सदस्यों का वेतन, भत्ता और पेंशन) नियमावली, 2015, झारखंड विधान-मंडल सचेतक (सुविधा और भत्ता) नियमावली, 2015, झारखंड विधान सभा के पदाधिकारी (वेतन एवं भत्ता) नियमावली, 2015 तथा झारखंड विधान-मंडल नेता-विरोधी दल (वेतन और भत्ता) नियमावली, 2015 में संशोधन की स्वीकृति दी गयी। राज्य आपदा मिशन निधि (एसडीएमएफ) का गठन करने की भी स्वीकृति दी गयी।

#### महत्वपूर्ण निर्णय

- इंडिया रिजर्व बटालियन में आरक्षी के पद पर नियुक्ति हेतु अधिसूचित नियम में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- केंद्रीय पुलिस संगठन से राज्य के विभिन्न सशस्त्र वाहिनियों के तहत समादेष्टा के गैर संवर्गीय पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर सेवा प्राप्त पदाधिकारियों के सेवा शर्त के निर्धारण की स्वीकृति दी गयी।
- आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नयी दिल्ली द्वारा सूचीबद्ध एजेंसियों का झारखंड वित्त नियमावली के नियम-235 को क्षान्त करते हुए नियम-245 के अन्तर्गत मनोनयन करते हुए इन एजेंसियों के माध्यम से राज्य के समस्त सुपात्र लाभुकों को गोल्डन कार्ड निर्गत करने हेतु घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड राज्य अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति नियमावली 2022 में कक्षा 6 से 8 के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावासी हेतु दो हजार रुपये के स्थान पर ढ़ाई हजार रुपये संशोधन करने की स्वीकृति दी गयी।

### पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई

## पल्स अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर समेत 82.77 करोड़ की संपत्ति की जब्त

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल व उनके पति अभिषेक झा की 82.77 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के स्वामित्व वाले पल्स सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पीटल, पल्स डायग्नोस्टिक एंड इमेजिनिंग सेंटर व रांची स्थित दो भूखंडों को जब्त किया है। ईडी ने सभी की बाजार मूल्य 82.77 करोड़ आंका है।

**मनरेगा घोटाले से अर्जित पैसों की मनी लाउंड्रिंग :** ईडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि झारखंड पुलिस व एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज कई एफआईआर के आधार एजेंसी ने मनरेगा घोटाले में पीएमएलए की जांच शुरू की थी। जांच में यह बात सामने आयी कि मनरेगा घोटाले की अपराध से अर्जित पैसे व कमीशन को पूजा सिंघल व उनके रिश्तेदारों के अलग-अलग बैंक खातों में जमा कराया गया था। पद का दुरूपयोग कर पूजा सिंघल ने बाद में भी काफी अवैध कमायी की। पूजा सिंघल की यह अवैध कमायी उनके आय से काफी अधिक थी। पूजा सिंघल ने अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति का निवेश अस्पताल निर्माण व अचल संपत्ति की खरीद में किया।

**कैसे घिरी पूजा सिंघल :** ईडी ने छह मई को पूजा सिंघल, उनके सीएम सुमन कुमार समेत अन्य के ठिकानों पर छापेमारी की थी। तब ईडी ने कैश 19.41 करोड़ रुपये जब्त किये थे। इस मामले में 11 मई को पूजा सिंघल की गिरफ्तारी हुई थी, जबकि पांच जुलाई को उनके खिलाफ ईडी ने चार्जशीट दायर किया था। ईडी ने जांच में पाया था कि पल्स अस्पताल व डायग्नोसिस सेंटर के जरिये काली कमायी को सफेद किया गया। वहीं, अस्पताल में कुल निवेश 45 करोड़ से अधिक का सामने आया था। मशीनों की खरीद व निर्माण में भी गलत आंकड़े दिखाये गये थे।




#### अस्पताल का संचालन रहेगा जारी

**ईडी** के द्वारा प्रोविजनल अटैचमेंट के बाद भी पल्स अस्पताल व डायग्नोसिस सेंटर का संचालन जारी रहेगा। इस दौरान एडुकेटिंग अथोरिटी में मामला जायेगा।

#### झारखंड सरकार को भी भेजी गयी है रिपोर्ट

**ईडी** ने बताया है कि पद का दुरूपयोग कर संपत्ति अर्जित करने के मामले में पीएमएलए के सेक्शन 66(2) के तहत झारखंड सरकार को भी रिपोर्ट भेजी गयी है। ईडी के रिपोर्ट पर राज्य सरकार प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत पूजा सिंघल व अन्य पर कार्रवाई कर सकती है। ईडी ने बताया है कि पूजा सिंघल समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मनरेगा घोटाले में अबतक तीन चार्जशीट दायर हुए हैं। इस मामले में अनुसंधान जारी है।

### कैशकांड मामला : दो सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** विधायक कैशकांड मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने पक्षकारों की मांग पर समय देते हुए दो सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश दिये हैं। विधायक कैश कांड मामले को लेकर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से और राज्य सरकार की ओर से समय की मांग की गयी। उनकी इस मांग को अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार दो सप्ताह में अपना शपथ पत्र कोर्ट में दाखिल कर दें। अगर राज्य सरकार के जवाब पर किसी को प्रति शपथ पत्र दाखिल करना है तो भी वह दो सप्ताह में दाखिल कर दें।

### जब्त ऑटो की होगी नीलामी

**रांची।** शहर के यातायात थाना में जब्त ऑटो की नीलामी की जायेगी। इसकी शुरुआत दो दिसम्बर से होगी। इसको लेकर पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। प्रभारी ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम ने बताया कि दो दिसम्बर को जगन्नाथपुर यातायात थाना और गोंदा यातायात थाना में जब्त किये गये ऑटो की नीलामी होगी। जगन्नाथपुर यातायात थाना में दिन के 11 बजे से और गोंदा यातायात थाना में तीन बजे से होगी। इसके बाद पांच दिसम्बर को लालपुर यातायात थाना और चुटिया यातायात थाना में ऑटो की नीलामी होगी। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के आलोक में प्रभारी ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम ने पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी है।

## पूर्व मंत्री समरेश सिंह का निधन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री व बोकारो के पूर्व विधायक समरेश सिंह का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने सिटी सेंटर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। शुक्रवार को इन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जायेगी। पैतृक गांव चंदनकियारी में शुक्रवार को सुबह नौ बजे अंतिम संस्कार किया जायेगा।

सिंह के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत अन्य ने शोक जताया है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने समरेश सिंह के निधन पर शोक जताते हुए ट्वीट कर कहा कि इनके निधन की खबर से आहत हूं। इन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जायेगी। वहीं, झारखंड के पूर्व सीएम व बीजेपी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने समरेश सिंह के निधन पर ट्वीट कर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जननेता समरेश सिंह के निधन की दुखद सूचना से मन व्यथित है। अपने धारदार आंदोलनों के लिए वह सदैव याद किये जायेंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने ट्वीट कर समरेश सिंह के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा है कि इनके निधन का दुखद समाचार मिला। भगवान उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

#### सीएम हेमंत, केंद्रीय मंत्री समेत अन्य ने जताया शोक



## पति-पत्नी के विवाद में महिला को लगी गोली, रिम्स में चल रहा इलाज

नवीन मेल संवाददाता

- रातू थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ के नोबा नगर की है घटना
- पति को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

**रातू।** थाना क्षेत्र के कटहल मोड़ स्थित नोबा नगर में पति-पत्नी के विवाद में गोली चली है जिसमें पत्नी को गोली लगी है। हालांकि, यह साफ नहीं है कि महिला ने खुद को गोली मारी है या उस पर हमला किया गया है। फिलहाल महिला का रिम्स में इलाज चल रहा है। 31 वर्षीय महिला संध्या देवी पेशे से पत्रकार है और एक चैनल में एंकरिंग करती है।

घटना गुरुवार की सुबह नौ बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक महिला संध्या देवी के पति जयंत से कहासुनी हुई थी। इसके बाद बंद कमरे में पिस्टल से तीन फायर हुआ। एक गोली महिला के सीने को छूते हुए निकल गयी। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल महिला को परिजनों ने रिम्स पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं, घटना में प्रयुक्त पिस्टल के अलावा घर मे रखे एक राइफल व एयरगन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही है।

## दिल्ली, बेंगलुरु व वाराणसी एयरपोर्ट पर डिजी यात्रा की सुविधा हुई शुरू

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डिजी यात्रा सुविधा की शुरुआत कर दी है। दिल्ली के अलावा वाराणसी व बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी डिजी यात्रा सुविधा शुरू की गयी है। इसमें राष्ट्रीय राजधानी में हवाई अड्डे पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर हवाई यात्रियों को प्रवेश की अनुमति होगी। डिजी यात्रा सुविधा के साथ हवाई अड्डों पर यात्रियों को कागज रहित प्रवेश मिलेगा। सुरक्षा जांच क्षेत्रों सहित विभिन्न चेक प्वाइंट्स पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर



यात्री डेटा को स्वचालित रूप से अपडेट किया जा सकेगा। सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आधार-आधारित सत्यापन और एक सेल्फ इमेज कैप्चर का उपयोग करके डिजी यात्रा ऐप पर अपना विवरण दर्ज करना होगा। उसके अगले चरण में बोर्डिंग पास को स्कैन करना होता है और अपने क्रेडेंशियल्स को हवाई अड्डे के साथ साझा किया जाता है।

एयरपोर्ट के ई-गेट पर यात्री को पहले बार कोडेड बोर्डिंग पास को स्कैन करना होगा। उसके बाद ई-गेट पर लगा फेशियल रिकग्निशन सिस्टम यात्री की पहचान और यात्रा दस्तावेज को मान्य करेगा। एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद यात्री ई-गेट से एयरपोर्ट में प्रवेश कर सकता है। यात्री को सुरक्षा क्लियर करने और विमान में सवार होने के लिए सामान्य प्रक्रिया का पालन करना होगा। डिजी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## व्यवस्थाओं को सरल और सुलभ बना रही राज्य सरकार : हेमंत सोरेन

### ○ सीएम हेमंत सोरेन ने सुओ-मोटो ऑनलाइन म्युटेशन प्रक्रिया का किया शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में गुरुवार को सुओ-मोटो ऑनलाइन म्युटेशन प्रक्रिया का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम तथा श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थित रहे। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन की खरीद-बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाये हैं। सुओ-मोटो ऑनलाइन म्युटेशन (दाखिल-खारिज) प्रक्रिया का शुभारंभ भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसा आप सभी जानते हैं कि जमीन खरीद-बिक्री हेतु निबंधन, दाखिल-खारिज, रसीद कटने से लेकर रजिस्टर पंजी-2 तक की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। कई बार ये प्रक्रियाएं आम जनता के लिए काफी जटिल हो जाती हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि हम आम जनता को सरल और सुलभ व्यवस्था उपलब्ध करायें। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े जिला एवं प्रखंडस्तरीय अधिकारियों से कहा कि सुओ-मोटो ऑनलाइन म्युटेशन प्रक्रिया पहली बार झारखंड में लागू की जा रही है, प्रारंभ में कुछ तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं। सभी अधिकारी शुरुआती दिनों में प्रक्रिया पर नजर बनाये रखें। कुछ तकनीकी दिक्कतें होने पर विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जा सके।



#### ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें

**मुख्यमंत्री** ने सभी अधिकारियों से कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुओ-मोटो ऑनलाइन म्युटेशन (दाखिल-खारिज) प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करायें। इस पारदर्शी प्रक्रिया की शुरुआत होने से ग्रामीण लोगों को बिचौलियों से भी मुक्ति मिल सकेगी। वैसे बिचौलिये जो ग्रामीणों के बीच सक्रिय रहते हैं उनसे लोगों को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही एक कार्य योजना तैयार कर रही है जिसमें ओल्ड एज के लोगों को कचहरी का चक्कर न काटना पड़े और उनका सभी कार्य आसानी से सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव केके सोन, निदेशक उमाशंकर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## गुजरात चुनाव : पहले चरण में 89 सीटों पर लगभग 60 प्रतिशत मतदान

-कृष्णमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** गुजरात विधान सभा के कुल 182 सीटों पर 4.90 करोड़ मतदाताओं वाले चुनाव के पहले चरण में 89 सीटों पर एक दिसम्बर को लगभग 60 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि 2017 में पहले चरण में 89 सीटों पर 67.36 प्रतिशत मतदान तथा 2012 में पहले चरण में 89 सीटों पर 71.46 प्रतिशत मतदान हुए थे। मालूम हो कि पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन 14 नवम्बर को हुआ था। दूसरे चरण की 93 सीटों के लिए मतदान पांच दिसम्बर को है, इसके लिये नामांकन 17 नवम्बर को हुआ था। दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार का अंतिम दिन पहले चरण के मतदान के दिन एक दिसम्बर को ही था। इस दिन भाजपा ने 50 किलोमीटर लंबी रैली करके भरपूर फायदा उठाने की कोशिश की है। चुनाव परिणाम आठ दिसम्बर को आयेगा। 2012 में पहले चरण में 89 सीटों पर 71.46 प्रतिशत मतदान हुए थे। जिसमें भाजपा को 61, कांग्रेस को 22, जीपीपी को दो, जदयू को एक, एनसीपी को एक सीटें मिली थीं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

- 2017 में 67.36 प्रतिशत तथा 2012 में 71.46 प्रतिशत हुए थे मतदान

# मांडर में फुचका खाने से एक ही परिवार के छह लोग बीमार, तीन की हालत गंभीर, आईसीयू में भर्ती








**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** फुचका खाने से गोरे करमटोली गांव में गुरुवार को एक ही परिवार के छह लोग बीमार हो गये। बीमार लोगों में 35 वर्षीय असगरी बेगम और इनके पांच बच्चे शामिल है।इसमें तीन लोगों की स्थिति गंभीर है जिन्हें मांडर मिशन स्थित कांस्टेंट लीवांस अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। घायलों असगरी बेगम 35 वर्ष, आफरीन परवीन 13 वर्ष और अलिफा परवीन 8 वर्ष की हालत गंभीर जिनका इलाज आईसीयू में चल रहा है।वही खुशनुमा प्रवीण 10 वर्ष, अफीफा प्रवीण 4 वर्ष और जाहिद अंसारी भी अस्पताल में भर्ती है। बताया जा रहा है कि असगरी बेगम व उसके पांच बच्चों ने बुधवार को दोपहर करीब दो बजे गांव में फुचका वाले से फुचका खाया था। इसके बाद रात को अचानक उनकी तबियत खराब होने लगी, और उन्हें उलटी और दस्त होने लगा। बाद में स्थानीय स्तर पर ही उनका इलाज किया गया,लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद गुरुवार दोपहर को उन्हें मांडर मिशन स्थित लिवन्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार फुचका खाने से असगरी बेगम व उसके पांच चे ही नहीं गांव के कई अन्य लोग भी बीमार हैं।

## फाटक के स्थान पर नॉर्मल हाईट सबवे के निर्माण कार्य को ले ट्रेनें प्रभावित रहेंगी



नवीन मेल संवाददाता

रांची । आद्रा मंडल के आद्रा-मेदिनीपुर रेलखंड पर मानव सहित समपार फाटक के स्थान पर नॉर्मल हाईट सबवे के निर्माण कार्य के लिए ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लिया जाएगा। अतः रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। **ट्रेनें रद्द रहेंगी :** ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ दिनांक 06/12/2022 को खड़गपुर से रद्द रहेगी।

ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ दिनांक 06/12/2022 को हटिया से रद्द रहेगी।

**ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी :** ट्रेन संख्या 18628 रांची झ हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 06/12/2022 को अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला-बोकारो स्टील सिटी-चन्द्रपुरा-महुदा-आद्रा-खड़गपुर के स्थान पर कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल-टाटानगर-खड़गपुर होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 06/12/2022 को अपने निर्धारित मार्ग खड़गपुर-आद्रा-महुदा-चन्द्रपुरा - बोकारो स्टील सिटी-कोटशिला के स्थान पर खड़गपुर-टाटानगर-चांडिल - पुरुलिया-कोटशिला होकर चलेगी।

## महिला ने विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर पर लगायी छोड़खानी का आरोप

चान्हो। चान्हो थानाक्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) रजनीश कुमार पर छेड़छाड़ करने और दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम को आवेदन दिया है। महिला द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार 23 नवंबर 2022 को शाम करीब पांच बजे नशे में धुत होकर जेई रजनीश कुमार रघुनाथपुर स्थित उस महिला के घर पहुंचे और 15 हजार रुपए की मांग करने लगे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि रुपए नही मिले तो उनकी बिजली काट दी जायेगी। इसके बाद वह जबरदस्ती करते हुए घर के पीछे ले गया और ब्लाउज को फाड़ दिया और दुष्कर्म का प्रयास किया।महिला के अनुसार उसी समय टोला मुहल्ला के लोग बिहारी साहू,परमेश्वर साहू, महेंद्र साहू,साजीब अंसारी और सुनील उरांव सहित कुछ महिलाएं जमा हो गई और जेई को वहां से हटाया। घटना के समय महिला के पति रातु के किसी अस्पताल में इलाजरत थे।मामले को लेकर पूछे जाने पर जेई रजनीश कुमार का कहना है कि उन्हें इस प्रकार के किसी मामले की जानकारी नहीं है, 23 तारीख को रेड चल रहा था, उस दिन कुछ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।

## एचईसी को बचाने के लिए राजनाथ सिंह से मिलेगा एचईसी श्रमिक संघ का प्रतिनिधिमंडल

रांची। एशिया प्रसिद्ध कारखाना एचईसी को बचाने के लिए एचईसी श्रमिक संघ के महामंत्री और नगर निगम वार्ड संख्या 39 के पार्षद वेद सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह से मिलेगा। इस संबंध में एचईसी श्रमिक संघ के अध्यक्ष सन्नी सिंह ने बताया कि नई दिल्ली में भारी उद्योग मंत्रालय के मंत्री एवं सचिव से भी मिलकर एचईसी को बचाने की गुहार लगाई जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि एचईसी श्रमिक संघ इस दिशा में सतत प्रयासरत है। एचईसी को बदहाली से उबारने के लिए केंद्र सरकार से इसके पूर्व भी संघ की ओर से गुहार लगाई गई है। उन्होंने कहा कि एचईसी कारखाना झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की शान है। इसके अस्तित्व पर मंडराते खतरे को देखते हुए एचईसी श्रमिक संघ ने केंद्रीय मंत्रियों से मिलने का निर्णय लिया है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार एचईसी को आर्थिक बदहाली से उबारने की दिशा में जल्द ही सकारात्मक कदम उठाएगी।

## बकाइन टोली नदी से एक युवक का शव बरामद

रांची। चुटिया थाना क्षेत्र के बकाइन टोली नदी से एक युवक का गुरुवार की सुबह शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान चुटिया के द्वारिकापुरी रोड नंबर आठ निवासी मुकेश कुमार के रूप में की गई है। मुकेश दो दिन से अपने घर से गायब था। पुलिस के अनुसार मृतक मुकेश मोटिया-मजदूर का काम किया करता था। बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह स्थानीय लोग नदी किनारे से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर युवक के शव पर पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर चुटिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस को जांच में पता चला कि मृतक अत्याधिक नशा किया करता था। दो दिन पहले भी वह बकाइन टोली में नशा का सेवन करने के लिए ही गया था। पुलिस यह पता कर रही है कि युवक नशे की हालत में खुद से नदी में गिरा है या फिर उसे किसी ने धकेल दिया। हालांकि पुलिस आसपास के लोगों से मामले में पूछताछ कर रही है।

## एक युवती ने फंदे से झूलकर आत्महत्या की

रांची। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के माउंट मोटर गली की रहने वाली एक युवती ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की भोर तीन बजे उसका शव कमरे से बरामद किया गया। मृतक का नाम अभिलाषा मुखर्जी है और वह अपने मामा-मामी के साथ माउंट मोटर गली में रहती थी। मूलरूप से गोरखपुर की रहने वाली अभिलाषा रांची में एक निजी कंपनी में काम करती थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुखदेवनगर थानेदार राजेश कुमार सिन्हा पुलिस बल के साथ उनके घर पहुंचे। पुलिस को मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें यह लिखा था कि वह काफी तनाव में थी। इस वजह से वह अपनी जिंदगी का अंत कर रही हूं। शव को अपने कब्जे में लिया और रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चली गई थी।

# सीवरेज-ड्रेनेज योजना फेज-1 की मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने की समीक्षा, फंड के अभाव में काम लंबित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** गुरुवार को मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने सीवरेज-ड्रेनेज योजना फेज-1 की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 2015 में सीवरेज-ड्रेनेज फेज-1 का कार्य शुरू हुआ था। कुल 167 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाना था। पूर्व में चयनित एजेंसी ने 70 किलोमीटर तक सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया गया था। अब नई एजेंसी 113 किलोमीटर सीवर लाइन का काम कर रही है। पूर्व में चयनित एजेंसी ने 14333 प्रॉपर्टी चेंबर में से 4737 प्रॉपर्टी चेंबर का निर्माण किया था। नयी एजेंसी ने शेष 9596 प्रॉपर्टी चेंबर में से 7780 प्रॉपर्टी चेंबर का निर्माण किया है। मेयर ने कहा कि राज्य सरकार सीवरेज-ड्रेनेज योजना फेज-1 का कार्य पूरा करने के लिए रांची नगर निगम को पैसा नहीं दे रही है। फंड के अभाव में काम लंबित है। उन्होने बताया कि पूर्व में चयनित एजेंसी ने 09 किलोमीटर ट्रंक लाइन में 06 किलोमीटर ट्रंक लाइन का कार्य पूरा किया था। एनओसी नहीं मिलने के कारण शेष 03 किलोमीटर ट्रंक लाइन का कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द नगर निगम को आवंटित राशि उपलब्ध कराई जाए ताकि सीवरेज-ड्रेनेज योजना फेज-1 का कार्य पूरा किया जा सके। एकरारनामा के अनुसार, नई एजेंसी को फरवरी 2023 तक इस योजना को पूरा करना है।

### जोंटा इंफ्रा एजेंसी ने शहर को बर्बाद कर दिया है

रांची । रांची शहर को स्मार्ट सिटी का दर्जा मिल चुका है। इसलिए रांची में साफ-सफाई की स्मार्ट बनाने के उद्देश्य सें जोंटा इंफ्रा एजेंसी का चयन किया गया था, परंतु एजेंसी ने अब तक डीपीआर व एकरारनामा के तहत कार्य पूरा नहीं किया है। गुरुवार को एजेंसी की ओर से नगर निगम क्षेत्र में लगाए गए स्मार्टबिन की साफ-सफाई की समीक्षा बैठक के बाद ये बातें मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि जोंटा इंफ्रा एजेंसी ने शहर को बर्बाद कर दिया है। एजेंसी की ओर से निगम क्षेत्र में जहां-तहां कुल 222 स्मार्टबिन लगा दिए। इससे पूर्व एजेंसी ने फिजिकल सर्वे किया ही नहीं। डीपीआर व एकरारनामा के अनुरूप एक भी कार्य नहीं किए गए। स्मार्टबिन की सफाई के लिए एजेंसी को प्रत्येक स्मार्टबिन में सेंसर लगाया जाना था, ताकि स्मार्टबिन में कचरा भरने के बाद कंट्रोल रूम को स्वतः यह मैसेज मिल सके कि संबंधित स्थल पर स्थापित स्मार्टबिन में कचरा भर चुका है और डस्टबिन के कचरे को खाली करने की आवश्यकता है। लेकिन एजेंसी की ओर से अब तक न तो स्मार्टबिन में सेंसर लगाने का कार्य पूरा किया गया और ना ही कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में 222 स्मार्टबिन लगाकर एजेंसी ने स्मार्ट सफाई व्यवस्था के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की है। स्मार्ट डस्टबिन से कचरा उठाने के लिए एजेंसी को पर्याप्त संख्या में हुक लोडर की व्यवस्था करनी थी, लेकिन एजेंसी के पास अबतक हुक लोडर की व्यवस्था नहीं है। स्मार्टबिन की सफाई के लिए रांची नगर निगम की ओर से उपलब्ध कराए गए हुक लोडर व कॉम्पैक्टर का भी उपयोग नहीं किया जा रहा है। एजेंसी की ओर से स्मार्टबिन की सफाई 22 छोटे-बड़े वाहनों के माध्यम से कराया जा रहा है, जो मैन्युअली है। एजेंसी के पास फिजिकल व टेक्निकल संसाधन हैं ही नहीं।

## निशिकांत दुबे को हाईकोर्ट से मिली राहत, पीड़क कार्रवाई पर रोक रहेगी जारी

रांची। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाईकोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने उन पर पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। इससे पहले चार अन्य मामलों में भी इनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक पूर्व में हाईकोर्ट ने लगाई थी। मधुपुर उपचुनाव वर्ष 2021 के दौरान उनपर गलत ट्वीट करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी में से एक देवघर टाउन थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह निशिकांत दुबे की ओर से किया गया था। इसकी सुनवाई गुरुवार को हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से कहा गया घटना के 6 माह के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। बता दें कि इस मामले में कुल 5 प्राथमिकी

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण
(आत्मा), रामगढ़
नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक-सी०,
छत्तरमाण्डू, रामगढ़ (825101)
ई०मेल- atmaramgarh@gmail.com
वेबसाईट- atmaramgarh.org.in
किसान कॉल सेंटर-18001801551

-: निविदा स्थगन संबंधी सूचना :-

पत्रांक 486/आत्मा,रामगढ़ दिनांक- 30.11.2022

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 02/2022, दिनांक 11.11.2022 अंतर्गत प्रखण्ड-दुलमी, गोला, पतरातू एवं माण्डू में क्लस्टर आधारित Robotic Solar Mobile Pumping System परियोजना जिसका PR 282064 (Agriculture)22-23*D है, को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

परियोजना निदेशक
आत्मा, रामगढ़

PR 283915 Agriculture(22-23).D

### फौजी मंगरा उरांव के निर्माणाधीन घर को गांव वालों ने किया ध्वस्त

# सूचना मिलने पर जब गांव पहुंची तो लोगों ने पुलिस पर किया हमला, कई घायल




**नवीन मेल संवादाता**

**मांडर।** मांडर थानाक्षेत्र के सरगांव में हजारों की संख्या में पहुंचे आदिवासी समुदाय के लोगों ने गुरुवार को गांव में ही फौजी मंगरा उरांव के निर्माणाधीन घर को जमींदोज कर दिया, और वहां घर बनाने के लिए रखे लगभग 10 हजार ईट को भी तहस नहस कर दिया। इतना ही नहीं सूचना मिलने पर लोगों को समझाने के लिए जब मांडर पुलिस गांव पहुंची तो टीम पर भी हमला कर दिया। इस हमले में मांडर इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर, थाना प्रभारी विनय यादव, चान्हो प्रभारी रंजय कुमार को जहां हल्की चोट आई, वहीं मांडर थाने के हेड कांस्टेबल शिवरात महतो और चौकीदार मंटू कुमार का सिर फट गया। इन दोनों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल मांडर में कराया गया।गुरुवार को लगभग पांच घंटे तक सरगांव में हंगामा होता रहा।हजारों की संख्या में पहुंचे 40 पड़हा के लोगों ने जहां पुलिस के समाने ही घर को गिराने के बाद लगभग एक एकड़ जमीन में सरना झंडा गाड़ दिया,वही पूरे मामले पर पुलिस मूकदर्शन बनी रही। हालांकि वे समझाने का प्रयास तो कर रहे थे,लेकिन वे लोग मानने को तैयार नहीं थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-04/2022-23

1. कार्य की विवरणी-

| क0 सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य की समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुलमी | सिकनी दुर्गा मंदिर से चितरपुर रेलवे ब्रिज तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (1.70 कि0मी0) | 79.967 | उनासी लाख छियान्बे हजार सात सौ रू0 मात्र। | 10,000/- | छः माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि-06.12.2022
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि-19.12.2022 समय- अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, हजारीबाग अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, रामगढ़ में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि-20.11.2022 पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि-21.12.2022 समय-पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, रामगढ़।
7. ई-निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0-6207617004
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/ अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/ अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल ,रामगढ़ के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 283940 Rural Work Department(22-23).D

# छात्र को तेल टैंकर ने कुचला, घटनास्थल पर ही मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खेलगांव थाना क्षेत्र के लालगंज में गुरुवार को एक छात्र को तेल के टैंकर ने कुचल दिया। घटना स्थल में ही छात्र की मौत हो गयी। मृतक छात्र का नाम रोहित बड़ाईक(12) है और वह लालगंज में अपने मामा के घर में रहकर पढ़ाई करता था। रोहित मूलरूप से गुमला का रहने वाला था। घटना के बाद आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए और सड़क को जाम कर दिया। इसी बीच टैंकर चालक को पकड़ लिया। उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसी क्रम में खेलगांव थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी ने चालक को भीड़ से बचाया। चालक को पुलिस थाना लायी। गिरफ्तार चालक का नाम विनोद मंडल है और वह गिरिडीह का रहने वाला है। पुलिस ने तेल का टैंकर को भी जब्त कर लिया है। मामले में मृतक के परिजन के बयान पर चालक और टैंकर गाड़ी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सामान खरीदने लालगंज बाजार गया था रोहित

जानकारी के अनुसार रोहित घर का सामान खरीदने के लिए गुरुवार को लालगंज बाजार पैदल जा रहा था। लालगंज चौक के समीप जब वह पहुंचा, पीछे से अनियंत्रित तेल के टैंकर ने उसे धक्का मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिरा और छात्र को कुचलते हुए टैंकर भागने लगा। आसपास में मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए टैंकर के पीछे भागे। कुछ ही दूर में स्थानीय लोगों ने टैंकर को पकड़ा। चालक को नीचे उतार और उसकी धुनाई शुरू कर दी थी।

**एक घंटे तक सड़क किया जाम**

घटना से आक्रोशित लोगों ने लालगंज की सड़क को गुरुवार दिन के साढ़े तीन बजे जाम कर दिया। इस दौरान उस मार्ग से किसी को भी गुजरने नहीं दिया। आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुआवजा की मांग कर रहे थे। आक्रोशित लोगों का कहना था इस सड़क पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। कई बार स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की गई। मगर न तो सरकार के स्तर से कार्रवाई हुई और न ही प्रशासन की तरफ से। इस लापरवाही का खामियाजा लालगंज के लोग उठा रहे हैं। इसके बाद आक्रोशित लोगों के साथ खेलगांव थाना प्रभारी की वार्ता हुई। जिसमें लालगंज में स्पीड ब्रेकर बनाने और मुआवजा देने पर पर सहमति बनी। इसके बाद शाम साढ़े चार बजे आक्रोशित लोग सड़क से हटे और यातायाता सामान्य हुआ।

## बाबूलाल मरांडी के दलबदल मामले में विधानसभा की ओर से बहस पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई. मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से बहस पूरी कर ली गई. अब 13 दिसंबर को शिकायतकर्ता कांग्रेसी विधायक दीपिका पांडे सिंह की ओर से बहस की जाएगी. इससे पहले गुरुवार को सुनवाई के दौरान विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट व अन्य हाई कोर्ट के जजमेंट को प्रस्तुत किया गया. कहा गया कि स्पीकर के न्यायाधिकरण में जब तक कोई आदेश बाबूलाल मरांडी के मामले में न हो जाए तब तक झारखंड हाईकोर्ट इस रिट को नहीं सुन सकता है. यह याचिका मेंटेनेबल नहीं है, इसलिए इसे खारिज कर देना चाहिए. संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत स्पीकर का न्यायाधिकरण किसी विधायक को डिसक्वालीफाई करने के निर्णय लेने में सक्षम है. हाई कोर्ट इसमें इंटरफेयर नहीं कर सकता है. यह भी कहा गया की किसी राजनीतिक दल का विलय करना या न करना यह विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में आता है. झारखंड विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संजय हेगड़े और झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की.यह सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई. पूर्व की सुनवाई में विधानसभा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अभी इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण की ओर से कोई जजमेंट पास नहीं हुआ है. प्रार्थी के पक्ष में भी फैसला आ सकता है. इसलिए यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है.

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रॉंची
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा संख्या:- 138/2022-23/RWD/KHUNTI दिनांक :- 01.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ KHUNTI/ 13/2022-23 | कुदलुम से इठे सिमरटोली तक पथ निर्माण कार्य (लं- 5.700 कि0मी0) | 7,10,40,300.00 | सात करोड़ दस लाख चालीस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ KHUNTI/ 14/2022-23 | मुचीया से सिंजुरी भाया चलकद तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं- 5.650 कि0मी0) | 3,31,81,800.00 | तीन करोड़ इकतीस लाख एकासी हजार आठ सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 3. | RWD/ KHUNTI/ 15/2022-23 | मुरहू जीवनटोली मेन रोड से तिंतिला (मुर्गीडीह) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं- 5.400 कि0मी0) | 3,26,43,600.00 | तीन करोड़ छब्बीस लाख तैंतालीस हजार छः सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 4. | RWD/ KHUNTI/ 16/2022-23 | पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क सारजमडीह से पी0एम0जी0एस0वाई0 बरलंगा भाया महुआडीह तक पथ निर्माण कार्य (लं- 2.300 कि0मी0) | 2,47,65,400.00 | दो करोड़ सैंतालीस लाख पैंसठ हजार चार सौ रू0 मात्र | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- 14.12.2022
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- 26.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:- 27.12.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 28.12.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची, झारखण्ड, पिन- 834001
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के पक्ष में एवं खूँटी में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युर्मेन्ट सेल

PR 283992 Rural Work Department(22-23)D

## न्यूज गैलरी

### पूर्व मंत्री शमरेश सिंह का निधन अपूरणीय क्षति : संजय सिंह यादव

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने पूर्व मंत्री शमरेश सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इनका निधन अपूरणीय क्षति है। झारखंड से एक दिग्गज नेता हमलोगों के बीच से चले गए हम सभी मर्माहत है दुखी है,ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके दुखी परिवार को दुख सहन करने की शक्ति दें। प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने पूर्व मंत्री शमरेश सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा की झारखंड से एक अच्छे एवं दिग्गज नेता हमलोगों ने खो दिया, जिसकी भरपाई संभव नहीं है । ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके दुखी परिवार को दुख सहने की शक्ति दें। उनके निधन पर पूर्व सांसद घुरन राम, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, राधा कृष्ण किशोर, मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार, उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह, लक्ष्मण यादव,हरदेव साहू,मदन यादव, अजय चंद्रवंशी सहित अन्य नेताओं ने गहरी संवेदना एव दुख व्यक्त किया है।

### राज्य सरकार के पूर्व मंत्री समरेश सिंह के निधन पर सुबोधकांत सहाय ने जताया शोक

रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री, बोकारो के पूर्व विधायक व लोकप्रिय श्रमिक नेता समरेश सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री सहाय ने अपनी शोक संवेदना में कहा है कि स्व.सिंह एक जुझारू जनप्रतिनिधि थे। जनसमस्याओं के समाधान के प्रति संघर्षरत रहते हुए सतत प्रयासरत रहा करते थे। वह जीवनपर्यंत जनता को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के प्रति सजग रहे। श्रमिक हित में उनका योगदान अविस्मरणीय है। श्री सहाय ने कहा कि स्व. सिंह राजनीतिक जीवन में एक मार्गदर्शक के रुप में संघर्ष के साथी रहे। उनका जुझारू व्यक्तित्व राजनीतिक और सामाजिक जीवन में प्रेरणास्रोत है। श्री सहाय ने दिवंगत की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### एड्स को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक करें : डॉ. एमएन सिंह




रांची। गुरुवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सिटी नर्सिंग कॉलेज एवं पारामेडिकल एवं अंकुर इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। इस जागरूकता अभियान में कॉलेज के सभी छात्र एवं छात्राओं ने काफी बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया साथ ही रातू रोड पिस्कामोड़ टी.ओ. पी.पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। एड्स को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक करना होगा। छात्राओं ने इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स के बारे में अवधारणा,एड्स से बचाव,एड्स रोकधाम के उपाय एवं एड्स हो जाने पर उसके उपचार के बारे में काफी विस्तारपूर्वक बतलाया। इस एड्स जागरूकता अभियान रैली एवं नुक्कड़ नाटक का शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉलेज के चेयरमैन डॉ.एम.एन.सिंह एवं विशिष्ट अतिथि छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक डी.के. सिंह जी ने हरी झंडी दिखाकर किया। मौके पर डॉ. एम.एन.सिंह ने कहा सावधानी एवं जागरूकता घर-घर पहुंचाना है और सारे जहां से एड्स को मिटाना है।आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से कॉलेज के प्राचार्या डॉ. मृणालिनी, निदेशक मुकेश कुमार सहित मनीषा किस्कू, जुही प्रिया, समीरा माधुरी टोपनो, रागिनी कुमारी, डॉ. मयंक, डॉ. निलय राज, सिकंदर कुमार, संतोष सिन्हा एवं कॉलेज के अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### निर्मला कॉलेज में एड्स डे पर जागरुकता कार्यक्रम

रांची। निर्मला कॉलेज में गुरुवार को एनएसएस इकाई की ओर से वर्ल्ड एड्स डे के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस गीत के साथ हुई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने पोस्टर तथा स्लोगन से एड्स के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। मौके पर प्राचार्या डॉ सिस्टर ज्योति, रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष झा, एनएसएस के तीनों यूनिट की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ सिस्टर सुषमा, डॉ रंजू कुमारी एवं डॉ मनीषा मौजूद थीं।

---

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (आईडीए) फाइलेरिया व कालाजार के कम्युनिकेशन कैंपेन का किया गया शुभारम्भ

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जन समुदाय की भागीदारी बहुत जरूरी : बन्ना

**नवीन मेल संवाददाता**




रांची। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता के लिए जनसमुदाय की भागीदारी बहुत जरूरी है। राज्य को फाइलेरिया एवं कालाजार रोग से मुक्त करने के लिए एक साथ मिशन मोड में कार्य करें । ये उदगार, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रांची में आईडीए एवं फाइलेरिया और कालाजार के कम्युनिकेशन कैंपेन के राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम में उद्घाटन के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने फाइलेरिया एवं कालाजार रोग के सम्बन्ध में सिने कलाकार मनोज वाजपेयी द्वारा लोगों को फाइलेरिया के सम्बन्ध में ऑडियो- विजुअल के माध्यम से दिए गए संदेशो के पैकेज का भी उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में कोविड-19 के दिशा- निदेर्शों का पालन करते हुए फाइलेरिया या हाथीपांव रोग से बचाने के लिए राज्य के 7 जिलों यथा- पलामू, लातेहार, सरायकेला, जामताड़ा, चतरा, दुमका और गोड्डा में गुरुवार 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (आईडीए) चलाया जाएगा। इन जिलों में में 3 दवाओं डीईसी, अल्बंडाजोल के साथ आईवरमेंक्टिन की निर्धारित खुराक दवा प्रशासकों द्वारा बूथ एवं घर-घर जाकर अपने सामने मुफ्त खिलाई जाएगी। यह दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस अवसर पर में स्वास्थ्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव एवं अभियान निदेशक ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाएं खाकर अभियान की शुरूआत की। इस बीमारी से स्वयं और अपने परिजनों को सुरक्षित रखने के लिए फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन अवश्य करें और सभी को करवाएं। स्वास्थ्य मंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को ये भी निर्देश दिए कि फाइलेरिया एवं कालाजार रोग के सम्बन्ध में सिने कलाकार मनोज वाजपेयी द्वारा लोगों को फाइलेरिया और कालाजार बीमारियों के सम्बन्ध में ऑडियो-विजुअल के माध्यम से दिए गए संदेशो को अंतर विभागीय समन्वय बनाकर प्रत्येक संभावित प्लेटफार्म द्वारा प्रसारित करवाया जाये ताकि जन-समुदाय में इन बीमारियों से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां पहुंच सके। इस अवसर पर उपस्थित अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, अरुण कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया या हाथीपांव रोग स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या है। राज्य सरकार फाइलेरिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है, इसीलिए राज्य के उपरोक्त 7 फाइलेरिया प्रभावित जिलों में कोविड-19 दिशानिदेर्शों के अनुरूप पात्र लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवाओं की निर्धारित निःशुल्क खुराक का सेवन प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा अपने सामने कराये जाने का लक्ष्य है। आईडीए के पहले दिन नामित बूथों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सभी आंगनबाडी केंद्रों, वार्ड कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों में किया जाएगा।

> ◆01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (आईडीए) चलाया जाएगा। इन जिलों में में 3 दवाओं डीईसी, अल्बंडाजोल के साथ आईवरमेंक्टिन की निर्धारित खुराक दवा प्रशासकों द्वारा बूथ एवं घर-घर जाकर अपने सामने मुफ्त खिलाई जाएगी।

### धर्म के नाम पर आदिवासियों को सूची से हटाने की मांग कर प्रोपेगेंडा फैला रही भाजपा: सीपीआइएम

रांची। आदिवासियों को धर्म पर बांट कर भाजपा राजनीति कर रही है। सीपीआइएम की ओर से जारी बयान में ये बातें कही गयी है। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आरएसएस प्रायोजित संगठन जनजाति सुरक्षा मंच ने आदिवासियों को धर्म के नाम पर बांटने की राजनीति की जा रही है। मंच ने ईसाई या इस्लाम धर्म अपनाये आदिवासियों को जनजाति की सूची से बाहर करने की मांग का है, सीपीआइएम इसका कड़ा विरोध करती है। माकपा का यह मानना है कि आदिवासी हमारे देश व दुनिया के विभिन्न देशों में एथनिक रूप से आदिवासी है। जिनका धर्म चाहे कुछ भी हो उनकी जाति नहीं बदलती है। प्रकाश विप्लव ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस संबध में व्याख्या की है। जहां आदिवासियों को देश का मूल निवासी होने की बात गही गयी।

## आजसू की मारवाड़ी कॉलेज इकाई का गठन संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत मारवाड़ी कॉलेज इकाई की बैठक कॉलेज प्रभारी राहुल तिवारी की अध्यक्षता में की गई मौके पर मुख्य अतिथि रांची विवि उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला एवम कॉलेज अध्यक्ष जमाल गद्दी उपस्थित रहे। जिसमे पुरानी कमेटी को भंग कर नई पुरुष एवम महिला इकाई कमेटी का गठन किया गया जिसमें कई नए लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई जो इस प्रकार है।

मारवाड़ी कॉलेज पुरुष इकाई : अध्यक्ष-विशाल यादव, उपाध्यक्ष-राजा, निस्चय दुग्गल, विशाल गुप्ता, अनमोल कुमार, मयंक कुमार सिंह, आशीष कुमार, प्रभात कुमार, साहिल कुमार हैं, सचिव-दीपक कुमार, सहसचिव-निलेश कुमार, आयुष कुमार, मारवाड़ी कॉलेज महिला इकाई : प्रभारी- प्रेरणा कुमारी, अध्यक्ष-आलिया अख्तर, उपाध्यक्ष- पूजा बाला, नेहा कुमारी, तनु कुमारी, इसमित कौर, सोनी लकड़ा, शिवानी कुमारी, अनिता कुमारी बेदिया, बसंती कुमारी, सचिव-संध्या कुमारी, सहसचिव-आरजु परवीण, शोभा यादव, मेहर परवीण आदि शामिल हैं। इन सबके अलावा कई और छात्र-छात्राओं को कई दायित्व सौंपा गया।

### श्रमिक संघों के विरोध प्रदर्शन में कोल निर्माण समेत सभी सेक्टर के कर्मी होंगे शामिल

रांची। श्रमिक संगठनों की ओर से दो दिसंबर को देशव्यापी विरोध दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस दिन कर्मी केंद्र सरकार की अलग-अलग योजनाओं के प्रति विरोध दर्ज करेंगे। जिसमें कोल, कारखाना, मेडिकल, निमार्ण से लेकर सभी सेक्टर के मजदूर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए सीटू के प्रकाश विप्लव ने बताया कि सभी कर्मी अपने-अपने कार्य स्थल पर ही विरोध दर्ज करेंगे। इसमें काम बाधित नहीं किया जायेगा। इस दौरान वर्क प्लेस और सार्वजनिक स्थानों पर ही विरोध प्रदर्शन की जायेगी। प्रकाश ने कहा कि 26 नवंबर 2020 को ट्रेड युनियनों और श्रमिक फेडरेशनों के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल की गयी थी।

झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी द्वारा 15 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

## मधुमक्खी पालन व मधु प्रसंस्करण परियोजना की लोगों को दी गयी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



रांची। झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण के छठे दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया। जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा। इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के छठे दिन प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः मधुमखियों के रखरखाव, निर्वहन, मधुमक्खियों के भोज्य पदार्थ तथा मधुमक्खी पालन के लिए सुयोग्य वातावरण तथा कुछ सफल मधुपालक का परिचय व उनकी सफलता की कहानी बताया गया तथा इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया.

ठहाका मिलन कार्यक्रम में 21 कलाकारों ने लिया हिस्सा

## 60 वर्ष की उम्र पार कलाकारों को हंसी की संजीवनी मिलने से वे पुनः रिचार्ज हो जाते हैं

**नवीन मेल संवाददाता**



रांची। कलाकारों का दूसरा मासिक ठहाका मिलन कार्यक्रम काठी टांड़ रातू स्थित, वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश रमण के आवास में सम्पन्न हुआ, जिसमें रांची रंगमंच से जुड़े 21 वरिष्ठ एवं कनिष्ठ नाट्य कलकारों ने हिस्सा लिया। ठहाका मिलन का यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में रांची रंगमंच से जुड़े सभी कलाकारों के लिए आयोजित किया जाता है।इसकी परिकल्पनाएवं क्रियान्वयन डॉ. सुशील कुमार अंकन ने की थी। इस ठहाका मिलन का मुख्य उद्देश्य माह मे एक बार सभी कलाकारों का आपस मे मिलना जुलना तो है ही साथ ही कई नई योजनाओं पर भी सभी रंगकर्मियों के साथ विमर्श का अवसर भी मिल जाता है। नाट्य कलाकारों के मिलने से स्वतः ठहाके लगने लगते हैं। 60 से पार के कलाकारों को हंसी की संजीवनी मिलने से वे पुनः रिचार्ज हो जाते हैं। वे अपने दैनिक चर्या में तनाव से मुक्त हो जाते हैं तो उनके घर का वातावरण भी खुशनुमा हो जाता है। इस बार के ठहाका मिलन मे आकाशवाणी से अवकाश प्राप्त पेक्स और वरिष्ठ रंगकर्मी केदार नाथ पाण्डेय, उमेश चंद्र मिश्र, डॉ. अनिकेत भारद्वाज, डॉ. कमल बोस, राकेश रमण, डॉ. सुशील अंकन, नरेश प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, कीर्ति शंकर वर्मा, मिथिलेश पाठक, कुमकुम गौड़, अशोक गौड़, फजल इमाम, कैलाश मानव,दीपक लोहार, शशिकला पौराणिक, बबली कुमारी, संजय अंबष्ट और बजरंग प्रसाद शर्मा मौजूद थे।

रांची के कांके स्थित उपरकोनकी के मरवा गांव में 20.5 एकड़ में बना मनरेगा पार्क

# रोजगार की गारंटी दे रहा मनरेगा पार्क, अनोखे ढंग से हो रहा ग्रामीणों का आर्थिक सशक्तिकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। आपने फ्लावर पार्क या फूड पार्क के बारे में जरूर सुना और देखा होगा, लेकिन बात अगर मनरेगा पार्क की करें, तो शायद आप सोचने पर मजबूर हो जायेंगे। एक ऐसा पार्क जहां लोगों के रोजगार का सृजन हो रहा है। एक ऐसा पार्क जहां सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, जो ग्रामीणों के वर्तमान से लेकर भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार की इच्छाशक्ति और ग्रामीणों की मदद से मनरेगा की 37 से ज्यादा योजनाएं आपको इस पार्क में दिख जाएंगी। सिंचाई कूप, दीदी बाड़ी, वर्मी कम्पोस्ट, टीसीबी, शेड सहित मनरेगा से संचालित अन्य योजनाएं यहां धरातल पर उतर चुकी हैं।




**स्थायी परिसंपत्तियों का भी हो रहा निर्माण :** हम बात कर रहे हैं रांची के कांके प्रखण्ड स्थित उपरकोनकी गांव में बने मनरेगा पार्क की। यहां मनरेगा की 37 से ज्यादा योजनाएं धरातल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराती दिख रही हैं। मनरेगा पार्क का निर्माण 19 परिवारों को मिला कर 20.5 एकड़ भूमि पर किया गया है। ग्राम उपरकोनकी के ग्रामीणों को यहां महीने में कम से कम 20 दिन रोजगार की गांरटी है। 20.5 एकड़ में यह पार्क न सिर्फ ग्राम विशेष में स्थायी परिसंपत्ति का सृजन करेगा, बल्कि संबंधित प्रखण्ड में रोजगार मांगने वाले श्रमिकों को रोजगार की गारंटी भी सुनिश्चित करेगा।

### ग्राम स्वराज का सशक्त मॉडल होगा मनरेगा पार्क

मनरेगा पार्क योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का मॉडल है। यह ग्राम स्वराज का भी सशक्त मॉडल है। मनरेगा अन्तर्गत विभिन्न परिसंपत्तियों का समेकित निर्माण कर उन्हें एक स्थल पर प्रदर्शित करने के लिए मनरेगा पार्क का निर्माण कांके प्रखण्ड के ग्राम उपरकोनकी में किया गया है। मनरेगा पार्क में कम से कम 37 प्रकार की परिसम्पत्तियों का एक ही क्षेत्र में प्रत्यक्षण किया जा सकता है। पार्क का निर्माण होने से परिसंपत्तियों का बेहतर उपयोग एवं उचित प्रबंधन किया जा सकेगा। साथ ही सालों भर उस स्थान पर रोजगार का सृजन हो सकेगा एवं लाभुकों को रोजागर से जोड़ा जा सकेगा।

झारखंड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग


श्री हेमंत सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना

माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन द्वारा राज्य के 22 जिलों के 226 सूखाग्रस्त प्रखंडों के प्रभावित किसान परिवारों को बड़ी राहत दिया जा रहा है

₹ 3500 आनुग्राहिक राहत राशि
सुखाड़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को तत्काल राहत

ऑनलाइन आवेदन
https://msry.jharkhand.gov.in पर अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में

आवेदन शुल्क केवल ₹


ऑनलाइन आवेदन के लिए आवश्यक सूचनाएं एवं दस्तावेज
1. आधार संख्या
2. मोबाइल संख्या
3. आधार संबद्ध बैंक खाता विवरण
4. भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र अथवा राजस्व रसीद
5. वंशावली ( मुखिया/ग्रामप्रधान/राजस्व कर्मचारी/अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत )
6. मतदाता पहचान पत्र (केवल भूमिहीन कृषक मजदूर के लिए )

योजना के प्रमुख प्रावधान
सुखाड़ से प्रभावित निम्न परिवारों को तत्काल राहत हेतु 3,500/- (तीन हजार पाँच सौ) रुपये आनुग्राहिक राहत की राशि दी जायेगी :-
(क) सुखाड़ से प्रभावित वैसे कृषक जो जीविकोपार्जन हेतु मुख्यतः कृषि पर निर्भर हैं तथा जिनके द्वारा वर्ष 2022 की खरीफ में बुआई (Sowing) नहीं की गई हो, परन्तु पारम्परिक रूप से पूर्व में ऐसे कृषक बुआई (Sowing) का कार्य करते रहे हो।
(ख) सुखाड़ से प्रभावित कृषक, जो जीविकोपार्जन हेतु मुख्यतः कृषि पर निर्भर हैं तथा जिनकी फसल 33% से अधिक क्षति हुई हो।
(ग) भूमिहीन कृषक मजदूर जिनकी कृषि आधारित आजीविका का साधन सुखाड़ से प्रभावित हुआ हो।

PR No. 283922 (Co-opretive) 2022-23

सुखाड़ से अप्रभावित 10 जिलों के 38 प्रखंडों में झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना पूर्ववत लागू है। इन प्रखंडों के आवेदक किसानो से आवेदन प्राप्त करने हेतु के लिए झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना के पोर्टल https://jrfry.jharkhand.gov.in को पुनः चालु किया गया है।

अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखंड कृषि पदाधिकारी / प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी / लैंप्स-पैक्स / निकटतम प्रज्ञा केंद्र से संपर्क करें अथवा किसान कॉल सेंटर 1800 180 151 पर कॉल करें

निवेदक : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

## न्यूज गैलरी

### धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने नवादा के एक युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**लातेहार।** थाने में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस ने नवादा (बिहार) से एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार युवक की पहचान पवन कुमार यादव पिता केदार यादव (20) वर्ष फलडु थाना नारादियागंज जिला नवादा (बिहार) के रूप में की गई है।इस संबंध में पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि लातेहार थाना अंतर्गत ठगी का मामला सामने आया था जिसको लेकर थाना में कांड संख्या 297/21 दर्ज है। उक्त मामले में साइबर सेल की मदद से ठग का लोकेशन नवादा जिले थाना नारादियागंज के फलडु गांव दिखाया गया। ठग का लोकेशन मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरवाडीह पुअनि राहुल कुमार मेहता के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया।गठित टीम के द्वारा स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी को आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।छापेमारी दल में सुरेश सिंह साइबर सेल लातेहार, आरक्षी वीरेंद्र पासवान साइबर सेल लातेहार समेत जवान शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में 5 घायल, तीन की स्थिति गंभीर रेफर

**बरवाडीह।** बरवाड़ीह-मेदनीनगर मुख्य सड़क में गुरुवार शाम कुल्ही नाला के पास चार पहिया वाहन अल्टोस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से इसमें सवार 5 लोग घायल हो गए 3 की स्थिति गंभीर है। जिन्हें उचित इलाज हेतु मेदिनीनगर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरवाडीह दीपक कुमार के यहां सासाराम से उनके रिश्तेदार वैवाहिक कार्यक्रम में आए हुए थे। इसी बीच उनके रिश्तेदार घूमने के लिए आज शाम बेतला चले गए थे। बेतला से लौटने के क्रम में डालटेनगंज बरवाडीह मुख्य सड़क में चार पहिया वाहन अल्टोस से चालक समेत 6लोग आ रहे थे। इसी बीच कुल्ही नाला के पास चार पहिया वाहन का टायर पंचर हो जाने के बाद वाहन की संतुलन बिगड़ जाने के बाद वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमे पांच लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर बरवाडी पुलिस घटनास्थल पहुंचकर सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर सभी घायलों का चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन एवं चिकित्सा कर्मियों की मदद सेइलाज किया गया। घायलों में पूनम कुमारी 28, विजय कुमार 28, अंचल कुमारी 11, नन्दनी कुमारी 22, सरिता कुमारी 24 अंचल कुमारी शामिल है। वही जिनम तीन लोगों स्तिथि गंभीर देखते हुई तीनो लोगो को उचित इलाज हेतु मेदनीनगर रेफर किया गया। जिसमे विजय कुमार,अंचल कुमारी नंदनी कुमारी शामिल है।

### कदगावांखुर्द आंगनबाडी का मुखिया ने किया निरीक्षण, अनुपस्थित मिली सेविका, मुखिया ने बीडीओ से की शिकायत

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत कदगावांकला पंचायत के मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने गुरुवार को कदगावांखुर्द आंगनबाडी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेविका अनुपस्थित पाई गई, केवल केंद्र में सहायिका उस्थित थी। जिस पर मुखिया ने अपने लेटर पेड पर बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मुखिया ने बताया की सेविका के मनमानी के कारण गरीब बच्चे शिक्षा के साथ पोषाहार से भी वंचित हो रहे हैं। वहीं केंद्र का संचालन आंगनबाडी केंद्र में करना छोड़ निजी घर में किया जा रहा है। मुखिया श्री भुईयां ने बताया की ग्रामीणो द्वारा बराबर शिकायत मिल रहा था कि केंद्र महिने एक या दो दिन हीं सेविका आती है। ग्रामीणो के शिकायत पर निरीक्षण किया तो सेविका अनुपस्थित थी। फोन से संपर्क कर बुलाया तो आने से मना कर दी। दर्जनो ग्रामीणो के हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र बीडीओ को सौंपा कार्रवाई की मांग किया गया है।

### नवजात शिशु का शव बरामद

**गढ़वा ।** सदर थाना क्षेत्र के नवादा पुल के समीप एक झाड़ी से नवजात शिशु का शव बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार कि सुबह स्थानीय लोगों ने पुल के समीप एक झाड़ी में कपड़ा से लपेटा हुआ एक नवजात शिशु का शव देखा। और उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस नवादा घटनास्थल पहुंचकर नवजात बच्चे का शव लेकर पोस्टमार्टम कराया। उधर घटना की सूचना मिलने पर गांव में हलचल मच गया। गांव के लोग वहां पहुंचे और इस घृणित कार्य के लिए दुख व्यक्त किया। उधर आसपास के लोगों में नवजात बच्चे के मिलने पर दिनभर चर्चा का विषय बना रहा है।

### साइबर अपराध रोकने के लिए पीएलवी सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

# साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करें

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** हाल के दिनों में सिमडेगा जिला में साईबर अपराध की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ एवं डालसा सचिव मनीष कुमार सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को हमारा नाले स्थित एसपी कार्यालय सभागार में 'साईबर अपराध के कारण और इसे रोकने के उपाय विषय पर साईबर सेल के प्रशिक्षक द्वारा एक दिवसीय साईबर अपराध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डालसा के 20 पीएलवी को साईबर अपराध से बचने के उपाय एवं सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ताकि ये सभी पीएलवी जिला के विभिन्न इलाकों में अधिक से अधिक लोगों को साईबर अपराध के प्रति जागरूक कर सकें। इस एक दिवसीय साईबर अपराध जागरूकता कार्यशाला में प्रशिक्षकगण एसआई धीरज कुमार विश्वकर्मा, एसआई अक्षय कुमार, ने वर्तमान में प्रचलित साईबर अपराध डेबिट कार्ड क्लोनिंग, मेलवेयर, रैनसमवेयर, साईबर स्टाकिंग, प्रोफाइल हैकिंग, फेक जॉब कॉल लेटर , सोशल ट्रोलिंग, जूस जैकिंग, वाई-फाई हैकिंग, पायरेसी, क्यू आर कोड स्कैन आदि को वर्तमान में घटित घटनाओं के उदाहरणों द्वारा सभी को समझाया ।साथ ही कार्यालयों एवं घरों में साईबर अपराधों से बचने के लिए इंटरनेट बैंकिंग द्वारा वितीय लेनदेन, यूपीआई के उपयोग, सोशल मीडिया, स्मार्ट डिवाइस, ब्लूटुथ, वाई फाई के सावधानी पूर्वक प्रयोग, तथा सुरक्षित पासवर्ड बनाने एवं नियमित रूप से बदलने के बारे में जानकारी दी गयी।साईबर अपराध से बचने हेतु कम्प्युटर में एंटीवाइरस सॉफ्टवेयर, फायर वॉल, डाटा का प्रोपर बैकअप, पासवर्ड तथा लॉगिन आईडी को हमेशा अपडेट करते रहें। कम्प्युटर में इंटरनेट के माध्यम से अपनी पर्सनल चीजों को शेयर न करने की जानकारी दी गयी।

## बोलबा में राशन वितरण का जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के विभिन्न राजस्व गांवों में गुरुवार को पंचायत प्रतिनिधयों ने दौरा कर राशन वितरण का जायजा लिया। मौके पर पाकरबहार एवं अलिंगुड गांव में बैठक करके कार्डधारियों से राशन वितरण की जानकारी लिया गया बैठक में कार्डधारियों द्वारा यह बताया गया कि राशन दुकानदार द्वारा राशन वितरण के समय राशन एक किलो कटौती करके कम राशन दिया जाता है । साथ ही इसका पर्ची भी नहीं दिया जाता है अंगूठा लगवाने के कुछ दिनों के बाद राशन मिलने की बात कार्ड धारियों ने बताया लोगों का राशन डीलर के द्वारा बेवजह परेशान करने की बात कहा गया समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक एवं वार्ड सदस्यों द्वारा झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के बैनर तले राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लोगों को जागरूकता हुए गाइड लाईन की पर्ची बैठक में वितरण किया गया मुखिया द्वारा बताया गया कि किसी भी हाल में कम राशन नहीं लेना है । साथ तत्काल उसका पर्ची भी लेना आवश्यक है। मौके पर उप मुखिया सियावर सिंह, रामेश्वर मांझी, किशोर कुमार सिंह,गौरी शंकर सिंह, ग्राम प्रधान महावीर सिंह, अश्विनी सिंह ,हीरा जायसवाल,लखन सिंह भीम सिंह, के अलावे अन्य कार्डधारी उपस्थित थे।

## बेड़ो में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड प्रशासन के तत्वाधान में गुरुवार को मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंद्र साहू, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी,प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अवनि कुमार झा जिप सदस्य पार्वती कुमारी व मुखिया ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मार कर किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कृषि पदाधिकारी ने कही कि राज्य सरकार खेल के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की ओर इस तरह के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल के लिये प्रेरित करना है। सरकार की तरफ से युवाओं को खेल के साथ जोड़ने की अच्छी पहल है। शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में छिपी प्रतिभा को एक मंच प्रदान खिलाडियों ऊपर लाना ही राज्य सरकार का उद्देश्य है। मैच की शुभारंभ ईंटा पंचायत एवं दिघिया पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें दिघिया पंचायत की टीम ने ईंटा की टीम को एक गोल से पराजित किया। मौके पर अनिता बाड़ा, बुधराम बाड़ा, प्रबला केरकेट्टा,रमेश उरांव,जतरु उरांव, सरिता एक्का मौजूद थे।

## रोग से नफरत करना चाहिए रोगियों से नहीं : दीपाली पराशर

नवीन मेल संवाददाता




**मांडर।** माण्डर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन, कन्दरी, में बी०एड०, डी०एल०एड०, बी०एस सी० नर्सिंग, जी०एन०एम०, एवं फॉमेर्सी के छात्र/छात्राओं के द्वारा विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक सचिव श्रीमति दीपाली पराशर ने महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को एड्स के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हम सभी को रोग से नफरत करना चाहिए रोगियों से नहीं तथा एड्स रोगियों के साथ एक समान व्यवहार रखना चाहिए। बी.एड. के प्राचार्य उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि एड्स दिवस पर यह संकल्प ले कि प्रत्येक दिन घरों में, मोहल्लों में, कसबों और अपने आस-पास रहने वालों को इस संबंध में जानकारी देंगें और गलत धारनाएं जो समाज में फैली है उसका निराकरण करेंगें। नर्सिंग की प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव ने अपने ट्रेनिंग के दौरान घटित घटनाओं को याद करते हुए कहा कि एड्स भले ही लाइलाज बीमारी है लेकिन समय रहते जानकारी होने पर इसे रोका जा सकता है। बी.एड. के विभागाध्यक्ष राकेश कुमार राय ने गीत के माध्यम से एड्स के प्रति लोगों को जाकरूक करने का प्रयास किया। डी.एल.एड. के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि भारतीय समाज में एच.आई.वी. एड्स से जुड़ी मानसिकता को बदलना शायद नीति निमार्ताओं के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है और इससे जल्द से जल्द निपटा जाना भी आवश्यक है। संक्रमण की रोक-थाम और नियंत्रण के साथ-साथ संक्रमित व्यक्ति की देख-भाल तथा उसे अभिप्ररित करने का प्रयास भी किया जाना चाहिए। बी.एड. एवं नर्सिंग के छात्र/छात्राओं के द्वारा पोस्टर प्रेजेंटेशन, स्किट, पी.पी.टी. आदि के माध्यम से एड्स के प्रति जागरूक किया गया और इस प्रस्तुती में भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस दिवस अवसर पर, व्याख्याता बिनीता चौधरी, विवेक राज जायसवाल, अर्चना शुक्ला, रीभा कुमारी, कृपा शंकर सिन्हा, रोहिनी, गौरी, संकेत, साकीब ईमाम, अंजेला मिंज तथा कर्मचारी एस.एन. सहाय, तुलसी दास, नवरंजन, सुनील कुमार, जयप्रकाश मिश्रा, अर्पणा कुमारी, राहुल, चंदन झा, चिन्ता उरांव, इरमा मिंज, अमन वर्मा, बंटी ओझा, सुरेन्द्र, इमरोज आदि उपस्थित थें। मंच का संचालन कुन्दन कुमार तथा साउंड ऑपरेटर सलमान अंसरी के द्वारा किया गया।

## सिमडेगा में विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली, लगाया गया प्रदर्शन स्टॉल

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर सदर अस्पताल सिमडेगा में गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर से एएनएम नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल की छात्राओं के द्वारा जागरूकता प्रभातफेरी का आयोजन किया गया रैली की शुरूआत जिला यक्ष्मा पदाधिकारी पीपी साह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जहां पर सदर अस्पताल स्थित एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राओं के द्वारा शहर का भ्रमण करते हुए लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया है। लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करते हुए उसके सुरक्षित उपायों के बारे में स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया जिसके बाद सदर अस्पताल परिसर में प्रदर्शनी स्टॉल का आयोजन करते हुए एड्स पर जानकारी दी। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ पीपी साह ,सदर अस्पताल के उपाधीक्षक राजेश कुमार डॉक्टर शाहबाज अली डॉक्टर योगेंद्र चौधरी एवं डॉ अध्ययन शरण एवं अन्य डॉक्टरों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया निरीक्षण करते हुए मूल्यांकन के आधार पर प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ पंचम स्थान पर पांच ग्रुप में लगाए गए स्कूल के द्वारा प्रदर्शन स्थल पर अंक दिए गए इस मौके पर अलग-अलग स्लोगन पोस्टर के माध्यम से एड्स के प्रति जागरूक किया जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ पीपी शाह ने कहा कि 1 दिसंबर विश्व एड्स दिवस के रूप में पीएससी सीएससी सेंटर स्तर पर इसे जोर-शोर से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे जितना ज्यादा मनाया जाए उसे अधिक से अधिक जागरूकता फैल गई। उन्होंने कहा एड्स लाइलाज बीमारी है। इससे बचाव के लिए हमें सुरक्षित यौन संबंध के बारे में जानकारी होनी चाहिए ।उन्होंने कहा कि जागरूकता से ही लोग इसकी चपेट में आने से बच सकते हैं। साथ ही उन्होंने रोगी मरीज के साथ भेदभाव नहीं करने और उनका सुरक्षित उपाय के साथ इलाज करने का अपील किया उन्होंने कहा कि संपूर्ण जगत में एड्स को पूरी तरह से हटाने के लिए सभी लोगों को सामाजिक स्तर पर भी जागरूक होने की आवश्यकता है ।मौके पर मुख्य रूप से आईसीटीसी परामर्शी दीपा कुमारी साहू एनएम प्राचार्य सुषमा लकड़ा सिनी रवि, प्रमिला तोपनो सतीश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सुखाड़ राहत के लिए आवेदन की तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता

### फैसले का पंसस अयुब खान ने किया स्वागत

**चंदवा।** सुखाड़ राहत योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ाने की माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के फैसले का कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने स्वागत किया है।

उन्होंने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा है कि सरकार के इस फैसले से किसानों को राहत मिलेगी समय बढ़ने से हजारों किसानों को फायदा होगा। सुखाड़ राहत योजना का सर्वर डाउन रहने से हो रहे किसानों की परेशानी को कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान लगातार सरकार को अवगत कराते हुए तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ाने की मांग मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से कर रहे थे। आगे कहा कि तिथि बढ़ जाने से किसान जो रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए थे सर्वर डाउन रहने के कारण अब वे किसान नए से आवेदन रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे और उनका ईकेवाइसी हो सकेगा, अपटुडेट करा पाएंगे। लगातार तीन दिनों से सर्वर डाउन रहने के कारण किसान शिविर में दिन दिन भर बैठकर मायुस घर लौट रहे थे। प्रज्ञा केंद्र का भी चक्कर लगा किसान थक गए थे। राज्य सरकार का यह निर्णय किसान हित में है। श्री खान ने शिविर में प्राप्त किसानों के आवेदनों का रजिस्ट्रेशन ईकेवाइसी अपने निगरानी में कराने की मांग अंचलाधिकारी विजय कुमार से की है।

## आंगनबाड़ी सेविका व जेएसएलपीएस कर्मियों के साथ की बैठक

**गिद्धौर( चतरा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने गुरुवार को आंगनवाड़ी सेविका व जेएसलपीएस कर्मियों के साथ बैठक किया। बीडीओ ने आंगनवाड़ी सेविकाओं को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सुकन्या समृद्धि योजना से सम्बंधित लंबित आवेदनों को तीन दिनों के अंदर प्रखंड कार्यालय को देने, केंद्र सुबह 8 बजे से 1 बजे तक खोलने का निर्देश दिया है। समर अभियान के तहत कुपोषित बच्चों का सर्वे 50 प्रतिशत ही हुआ है, जिसे ले बीडीओ ने आंगनवाड़ी सेविकाओं को जल्द 100 प्रतिशत करने का निर्देश दिया। सेविकाओं ने बीडीओ से आंगनवाड़ी केंद्र में बर्तन नहीं होने की शिकायत की, तो एलएस को दो दिनों के अंदर केंद्र के बर्तन की सूची मांग जिला से आपूर्ति करने की बात कही।

# डायन कह कर महिला के अंतिम संस्कार में ग्रामीणों ने किया विरोध

### कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐडेगा पंचायत के काल्हाटोली गांव की घटना, प्रशासन की मौजूदगी में अंतिम संस्कार की गयी

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** अंधविश्वास एक ऐसी कुप्रथा है जिससे समाज का कभी भला नहीं हो सकता है और समाज में अंधविश्वास के कारण कई ऐसी बड़ी घटनाएं हो चुकी है जिसकी परिकल्पना इंसान नहीं करता इसलिए इंसान को अंधविश्वास से दूर होकर रूढ़िवादी विचारधाराओं से बाहर निकलकर आज की वर्तमान परिपेक्ष में सोच रखनी चाहिए। कोलेबिरा थाना क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला प्रकाश आया है। जहां पर गांव की एक बहू को डायन बताकर उसकी सास के निधन पर अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीणों ने सहयोग नहीं करने का फरमान जारी कर दिया दुखियारी बहू नहीं पंचायत की मुखिया को इसकी सूचना दी। जिसके बाद प्रशासन की मौजूदगी में सास का अंतिम संस्कार हुआ मामला कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐडेगा पंचायत के काल्हाटोली गांव की है जहां अनीता डुंगडुंग नामक महिला को गांव वालों ने डायन का आरोप लगाते हुए उसकी 85 वर्षीय सास दोमिनिका डुंगडुंग का अंतिम संस्कार में सहयोग नहीं करने का फरमान जारी किया। बताया गया की अनिता की सास दोमिनिका डुंगडुंग की मृत्यु एक दिन पूर्व ही हो गयी थी परन्तु स्थानीय ग्रामीण शव को दफनाने में मृत दोमिनिका के परिजनों को सहयोग नहीं कर रहे थे।मृतक की बहु अनीता डुंगडुंग ने बताया कि करीब 2 साल पहले नवंबर 2020 में गांव के ग्रामीणों ने बैठक कर उस पर डायन होने का आरोप लगाया था, साथ ही उनसे 5000 रूपया, हड़िया और मुर्गा की मांग की गई थी। तब अनीता डुंगडुंग ने कहा कि मैं गरीब हूं मैं नहीं दे सकती पैसा तत्पश्चात ग्रामीणों के द्वारा उन पर डायन का आरोप लगाकर बार-बार उनके घर जाकर उन्हें परेशान किया जाता था। इन सब चीजों से तंग आकर अनिता डुंगडुंग ने महिला समिति से मिलकर कोलेबिरा थाना में केस दर्ज कराया। गांव में किसी की भी मृत्यु होने पर ग्रामीण अनीता डुंगडुंग पर शक करके उन्हें परेशान करते थे साथ ही उनके मायके अघरमा पंचायत के जुरकेला, पहाड़ टोली में जाकर अनिता डुंगडुंग की मां को भी कहा गया कि आपकी बेटी डायन है।गांव में हम लोग मीटिंग रख रहे हैं आप लोगों को आना पड़ेगा बोलकर धमकी भी दी गई थी ।साथ ही ग्रामीणों के द्वारा यह भी कहा गया था की आपके घर में किसी की मृत्यु होती है तो क्रियाकर्म में हम ग्रामीण आपका का सहयोग नहीं करेंगे। खड़िया समाज आपका सामाजिक बहिष्कार करेगा। जब अनीता डुंगडुंग के सास दोमिनिका डुंगडुंग की मृत्यु हुई तब कहे अनुसार कोई भी ग्रामीण उनके सहयोग के लिए आगे नहीं आया साथ ही अनीता डुंगडुंग से ग्रामीणों ने कहा कि पहले मीटिंग करो और केस वापस लो तभी हम शव को दफनाने के लिए जाने देंगे। ऐडेगा पंचायत के मुखिया जिरेन डांग ने घटना के संबंध में कहा कि दोमिनिका डुंगडुंग की मृत्यु हो गई है पर पूर्व में अनीता डुंगडुंग पर डायन बिसाही का आरोप लगने के कारण खड़िया समाज इनका सहयोग नहीं कर रहा है उनका कहना है कि मीटिंग करके केस वापस लिया जाए तभी हम इनका सहयोग करेंगे। इधर घटना की सूचना मिलने पर कार्यवाहक थाना प्रभारी रंजीत महतो के नेतृत्व में कोलेबिरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचक सभी को समझाया गया एवं अनीता डुंगडुंग के रिश्तेदारों और ऐडेगा मुखिया के सहयोग से प्रशासन की मौजूदगी में शव को दफनाया गया।

## सार्वजनिक बंदोबस्त भूमि का मोटेशन रद्द कराने की मांग को लेकर धरना आज

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातु।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत पिपराडिह ग्राम के लोगों ने गुरूवार को बैठक कर सार्वजनिक जमीन को कुछ लोगों के द्वारा अपने नाम बंदोबस्ती एंव दाखिल खारिज करा लिया जिसे रद्द कराने को लेकर दो दिसम्बर को लातेहार समाहरणालय के समीप धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए टोंटी पंचायत के पुर्व उपमुखिया सह पुजा समिति के उपाध्यक्ष राजन यादव ने बताया कि पुर्वज से खाता संख्या 30 रक्बा 3.62 एकड़ पर हमलोग पुजा, पाहन पुजा, असाढ़ी पुजा के साथ साथ दश कर्म कार्य करते आरहे हैं। उक्त जमीन को गांव के ही कुछ लोगों ने अपने नाम बंदोबस्ती करा कर नया खाता 32 प्लोट संख्या 97 रक्बा 3.31 एकड़ एवं प्लोट संख्या 345 रक्बा 31 डिस्मिल कुल 3.62 एकड़ सार्वजनिक जमीन को अपने नाम बंदोबस्ती करा लिया है जिसे पुरे ग्रामीणो को पुजा, पाहन पुजा, दश कर्म कार्य सहित कई कार्यों में बाधा हो रही है। हम ग्रामीणों ने कई बार अंचल और उपायुक्त को आवेदन दे कर बंदोबस्ती रद्द कराने का मांग किया था। लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई कारवाई नहीं हुई। इसे देखते हुए हम ग्रामीणों ने गुरूवार को बैठक कर बंदोबस्ती रद्द कराने के लिए लातेहार समाहरणालय के समक्ष धरना देने का निर्णय लिया है। जब तक बंदोबस्ती रद्द नहीं होगा तब तक हम सभी ग्रामीण धरना पर बैठे रहेगें। मौके पर बैजनाथ यादव, छठु यादव, कामेश्वर यादव, सकेन्दर यादव, रंजित यादव के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज गैलरी

### अवैध खनन के दौरान चाल धंसी कई लोगों के दबने की आशंका



**डोमचांच।** डोमचांच थाना अंतर्गत ढोढाकोला महगजो में गुरुवार को अवैध खनन करने के क्रम में तेज आवाज के साथ जमीन धंस गई। हादसे के बाद जमीन धसने की आवाज से इलाके में दहशत फैल गई है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त ये हादसा हुआ वहां कई मजदूर अभ्रक निकाल रहे थे और अचानक जमीन धंसने की वजह से कुछ मजदूर मलबे में दब गए। हांलाकि इनको निकाल लिए जाने की बात कही जा रही है। घटना के सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर मुआयना करने पहुंची लेकिन फिलहाल कोई भी हादसे के बारे में कुछ बोलने को तैयार नही है। सूत्रों से मिली बड़ी सूचना के अनुसार उक्त अवैध खनन का काम जमुनियाटांड का व्यक्ति करवा रहा था। बता दें कि इस इलाके में अवैध खनन करने वाले माफिया की पिछले कई साल से अवैध अभ्रक का काम चल रहा है व दर्जनभर से अधिक गिरोह इस में संलिप्त है। इसी तरह कई बार हादसा हुआ और अवैध खनन की वजह से कई बार मजदूर हादसे का शिकार हो चुके हैं जिसमे दर्जन भर से अधिक लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी है।

### खेलो झारखंड में प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**बरही।** जिला में आयोजित खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत प्लस टू उच्च विद्यालय बड़ी के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 200, 800 और 1500 मीटर की दौड़, ऊंची कूद, वॉलीबॉल इत्यादि खेल में विद्यालय को सिल्वर मेडल प्राप्त हुए। मेडल प्राप्त करने वालों में सुधांशु कुमार सिंह, रोहित कुमार, सलेहा खातून सहित विद्यालय की बालिका वॉलीबॉल की टीम शामिल है। इस सफलता के लिए स्पोर्ट्स शिक्षक, विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आदि सहित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

### टीबी उन्मूलन को लेकर हुई बैठक निक्षय मित्र बनने की अपील




**बरही।** प्रखंड सभागार में प्रधानमंत्री टीबी उन्मूलन अभियान की सफलता को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं प्रबुद्ध जन शामिल हुए। उपस्थित लोगों को कुष्ठ उन्मूलन अभियान की जानकारी देते हुए अनुमंडल अस्पताल के लिए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि भारत सरकार कुष्ठ को लेकर पूर्णतया गंभीर है। प्रखंड से भी कुष्ठ जैसे रोग को हटाने के लिए अस्पताल प्रबंधन पूरी तरह से कटिबद्ध है। इसके लिए जन सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने उपस्थित लोगों से निक्षय मित्र की जानकारी देते हुए बताया कि वैसे लोग जो सामर्थ्य है और सेवा के लिए संकल्पित है। उन्हें निक्षय मित्र बनकर कुष्ठ रोगियों की सेवा करनी चाहिए। इनकी जिम्मेवारी होगी कि वह स्वेच्छा से कुष्ठ मरीजों के ईलाज और सेवा से संबंधित सभी खर्च अपनी स्तर से करे। बीडीओ ने भी योजना को प्रमोट करते हुए लोगो से निक्षय मित्र बनने की अपील की। बैठक में जिप उपाध्यक्ष, जिप सदस्य, विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंसस, विधायक प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### अधिवक्ता के निधन पर बार संघ में शोक सभा

**हजारीबाग।** हजारीबाग बार संघ में गुरुवार को अधिवक्ता सुरेश प्रसाद की मौत पर शोकसभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता हजारीबाग बार संघ के अध्यक्ष राजकुमार ने की। मौके पर बार संघ के सचिव सुमन कुमार सिंह और बार संघ उपाध्यक्ष भैया संजय कुमार समेत काफी संख्या में बार संघ सदस्य मौजूद थे। बार लाइब्रेरी हॉल में आयोजित इस शोक सभा में उनके लिए दो मिनट का मौन रखा गया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### विभावि में 26 वां अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव झूमर का उद्घाटन आज

**हजारीबाग।** विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के स्नातकोत्तर कला एवं संस्कृति पर्षद के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव झूमर 2022 का उद्घाटन 2 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे होगा। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो डॉ मुकुल नारायण देव करेंगे। बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरण विद बुल्लू इमाम मौजूद रहेंगे। समापन समारोह 04 दिसम्बर को अपराह्न 2:00 बजे से विश्वविद्यालय परिसर के विनोदिनी पार्क में आयोजित किया जाएगा। समारोह में सफल प्रतिभागियों व टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन को लेकर एक दर्जन से अधिक कमेटियों का गठन किया गया है। गुरुवार को इस संदर्भ में कुलपति डॉ देव ने बताया कि इस युवा महोत्सव में 26 से अधिक विधाओं में विवि से संबंधित लगभग छह दर्जन से अधिक कॉलेजों के लगभग 500 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

### विधायक ने दो स्थानों पर किया विकास कार्यो का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा।** विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड क्षेत्र में दो स्थानों पर पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर विकास कार्यों का शिलान्यास किया। विदित हो कि एनएचएआई डाक बंगला (सीएचसी के बगल) में निरीक्षण भवन के चहारदीवारी तथा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में दस एडिशनल क्लासरूम निर्माण का शिलान्यास किया। इस दौरान विद्यालय में छात्राओं ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व स्वागत गीत गाकर अभिवादन किया। वहीं पुजारी अयोध्या पांडेय ने वैदिक मंत्रोचार के साथ निर्माण कार्य का शिलान्यास कराया।मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ,जिप सदस्य कुमकुम देवी, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,मिटू लाल,चेतलाल, प्रसाद,पंसस विकास पांडेय, कुलदीप पांडेय, दुर्गानन्द झा,अनिल आजाद, रीतलाल प्रसाद,राजकुमार यादव, संतोष साहनी समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

---

ठंड के मद्देनजर उपायुक्त ने किया रामगढ़ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण, कहा

# आश्रय गृह के माध्यम से गरीब व जरूरतमंद लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करायें अधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** ठंड के मद्देनजर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छतरमांडू स्थित नगर परिषद रामगढ़ के आश्रय गृह का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को आश्रय गृह के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा गरीब व जरूरतमंद लोगों को सुविधाएं देने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़क किनारे अथवा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सो रहे लोगों को ठंड से बचाने हेतु उन्हें आश्रय गृह में लाकर रखने का निर्देश दिया । साथ ही उपायुक्त ने आश्रय गृह के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर व बैनर आदि लगाने का निर्देश दिया।

आश्रय गृह के उपरांत उपायुक्त ने शहर के बिजुलिया स्थित लेप्रोसी कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं के माध्यम से उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली। साथ ही उपायुक्त ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को देने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने बड़ी संख्या में लोगों के बीच गर्म कंबल का वितरण किया। इसके साथ ही उपायुक्त ने रेलवे स्टेशन, मिलोनी क्लब सहित अन्य क्षेत्रों का भी निरीक्षण कर गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, अंचल अधिकारी रामगढ़ सुधीर कुमार, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।

---

अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

## वनखेता क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित तीन क्रेशरों को किया गया ध्वस्त



■ 1500 सीएफटी स्टोन चिप्स किया गया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार के नेतृत्व में रामगढ़ थाना क्षेत्र में चलाए गए जांच अभियान के दौरान वनखेता मौजा में अवैध रूप से संचालित 3 क्रेशरों को ध्वस्त किया गया । वहीं, स्थल से करीब 1500 सीएफटी स्टोन चिप्स को जब्त कर जिला खनन कार्यालय में रखा गया। अभियान में जिला खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक, रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर रोशन कुमार सहित अन्य शामिल थे।

---

## डिवाइन स्कूल में 10वीं और 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षा प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में प्री बोर्ड परीक्षा की प्रारंभ हो गई है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निदेर्शानुसार प्रथम प्री बोर्ड की परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ हुई। दुसरा परीक्षा जनवरी माह में होगा। बोर्ड के निदेर्शानुसार सभी बच्चों को परीक्षा देना अनिवार्य है। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि प्री बोर्ड परीक्षा देने से छात्रों को लिखित परीक्षा देने की आदत लगती है। साथ ही छात्रों के अंदर से परीक्षा का डर समाप्त होता है। छात्रों को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए प्राचार्य ने कहा कि निश्चित सफलता के लिए जो भी पढ़ें,ठोस पढ़ें और उसकी मूल अवधारणा को समझने की कोशिश करें। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि जिन छात्रों को प्री बोर्ड परीक्षा में कम अंक प्राप्त होंगे ऐसे छात्रों के लिए दूसरा प्री बोर्ड परीक्षा से पहले अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएंगी। वहीं, प्री बोर्ड में छात्रों द्वारा क्या गलतियां की गई, इसका भी आकलन स्कूल स्तर पर किया जाएगा। परीक्षा का सफल संचालन परीक्षा नियंत्रक संजय यादव तथा काशीनाथ महतो ने किया। परीक्षा को सफल बनाने में कुलदीप पासवान, मानती लकरा, सुलेखा मोदी, अनिल उपाध्याय, सी वेलु, विमल किशोर, राधा कुमारी, अविशेष कौशल, देवेश चंद्रा अजय कुमार रामानन्द कुमार,भोला राणा, सुरेंद्र कुमार आदि का योगदान सराहनीय रहा।

---

## कमरे और पुलिस बल की कमी से जूझ रहा है अनुमंडल का एक मात्र महिला थाना

परेशानियों के बाबजूद अर्जी से समझौता तक होते है एक ही कमरे में

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** अनुमंडल के बरही, पदमा, बरकट्ठा, चौपारण के लिए महिलाओ के लिए एकमात्र थाना है, जो वर्तमान में बरही थाना के एक कमरे में संचालित हो रहा है। जहां थाना प्रभारी से लेकर, सृष्ता, काउंसलिंग रूम, स्टाफ रूम सभी एक ही कमरे में चलते है। मामले की बात कहे तो इस थाना में प्रति माह औसतन 300 से भी अधिक मामले आते है, जिसमे करीब 99% मामलो को दोनो पक्षों के बीच समझौता के साथ निपटाए जाते है। मात्र एक या दो फीसदी ही ऐसे मामले होते है जिसमे प्राथमिकी दर्ज होते है । जानकारी देते हुए महिला थाना प्रभारी बबीता कुमारी ने बताया कि समझौता के दौरान एक पक्षीय वार्ता में भी परेशानी होती है। ऐसे में गोपनीय बातो को जानने या विचार विमर्श करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जिससे फैसले लेने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी परेशानी बरसात वारिस के दौरान होती है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि महिला थाना के बाबजूद शौचालय की भी समुचित व्यवस्था नही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास महिला पुलिस बल भी उपलब्ध नही है। जिससे निरक्षण यह छापेमारी के लिए थाना की सहायता के लिए आश्रित रहना पड़ता है। वर्तमान में महिला थाना में कुल 3 पुलिस अधिकारी, एक ऑपरेटर और एक चालक पदस्थापित है।






---

## एसपी और डीसी को आवेदन देकर न्याय की लगायी गुहार

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के ग्राम बेला के दासों महतो, दिनेश्वर यादव, बलदेव महतो, नागेश्वर महतो, किशोर महतो आदि ने 30 नवम्बर को कोडरमा उपायुक्त एवं कोडरमा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मौजा लबनियाँ उर्फ बेला में खाता संख्या 26/15 प्लॉट संख्या 96/1 एवं 96/2 कुल रकवा 90 डिसमिल एवं खाता नम्बर 26/22 प्लॉट 96/2 रकवा 1.12 डिसमिल जो मेरे पिताजी के परदादी के नाम से जमाबंदी चल रहा है। उक्त खाता प्लॉट की जमीन पर मेरे विपक्षी कई दिनों से हडपने का नियत से दखल करने के लिए कई घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिसकी प्राथमिकी हम लोग मरकच्चो थाना में अंकित कराएं हैं। धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है, परंतु विपक्षी उक्त धारा को उलंघन करते हुए हरवे हथियार से लैस होकर अशोक सिंह यादव, सकलदेव यादव, गौरी शंकर यादव, रामचंद्र यादव, संजय यादव, विकास यादव, महेश यादव, आदि जमीन पर पहुंचकर काम करने लगे हैं।

---

राजनीतिक पार्टियों के साथ एसएसआर की बैठक संपन्न

## नौ दिसंबर तक अंतिम रूप से जमा किये जा सकेंगे प्रपत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण को लेकर प्रखंड सभागार में एक बैठक हुई। जिसमे बरही के विभिन्न राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदीवर ने जानकारी देते हुए सभी को 17 वर्ष से ऊपर के युवक को मतदाता सूची में नामांकन हेतु आवेदन करवाने की बात कही। इसके साथ ही जो मतदाता मृत हो चुके है या अन्यत्र चले गए है उनकी भी जानकारी मांगी गई। जिससे मतदाता सूची से उनका नाम हटाया जा सके। इसके अलावा मतदाता सूची में किसी भी प्रकार का कोई भी सुधार करना हो तो मतदाताओं को इसकी जानकारी देने की बात कही गई। सभी राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों से पोलिंग बूथ पर मतदान केंद्र पर बैठाए जाने वाले पोलिंग एजेंटो की भी सूची मांगी गई। बताया गया कि आगामी 9 दिसंबर तक मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जा चुका है। प्रत्येक क्षेत्र में बीएलओ को भी जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से इस कार्य में शत प्रतिशत सहभागिता निभाने का अपील किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारशी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा कुमार, भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सावना मांझी आदि सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

---

श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को दी गई एड्स की जानकारी

## जानकारी ही सुरक्षा का महत्वपूर्ण इलाज : प्राचार्य




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किए गए। बच्चो को शिक्षकों ने एड्स से संबधित विभिन्न जानकारियां दी। प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि आज एड्स पीड़ित लोगों के प्रति समाज में अपमान, प्रताड़ना, भेदभाव देखने को मिलते है । जिसे समाप्त कर सौहाद्रता की भावना पैदा करना ही मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि 1988 के बाद प्रति वर्ष एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाए जाते है। एड्स मुख्यतः एचआईवी के संक्रमण से होता है। रेड रिबन एचआईवी पॉजिटिव लोगों के साथ एकजुटता और एड्स के साथ जी रहे लोगों के लिए वैश्विक प्रतीक है। उन्होंने एड्स के फैलने और उसके बचाव के तरीकों को भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ इस प्रकार की एक्टिविटी आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान में बढ़ोतरी करना है। प्रतियोगिता में विद्या कुमारी, एमडी अली हसन, नाजिया नूरी, शिक्षा सुमन, तमन्ना आफरीन, वर्षा राणा, प्रसून सिन्हा, अनूज जायसवाल, अजमती नाज, राधा कुमारी, नासरीन प्रवीण, लकी मेहता, पीयूष कुमार, कृष कुमार आदि शामिल हुए।

---

आजसू पार्टी के नगर परिषद कमेटी के वार्ड नं 15,16 व 17 में महिला मोर्चा कमेटी का किया गठन

# आजसू महिला मोर्चा के गठन से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी : मनोज कुमार महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 15,16 एवं 17 सिरका में गुरुवार को महिला मोर्चा का गठन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष योगेश बेदिया एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य अमरलाल महतो, नगर परिषद सचिव राजेंद्र महतो,अल्पसंख्यक महासभा अध्यक्ष सोमू खान, आजसू पार्टी के जिला सोशल मीडिया प्रभारी करण कुमार,आजसू पार्टी वरिष्ठ नेता गोपाल महतो,संतोष महतो, मनोज कुमार उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी के नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो एवं संचालन छोटू पटेल ने किया । बैठक को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया ने कहा कि रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डो में आजसू पार्टी महिला मोर्चा का गठन किया जा रहा है। महिला मोर्चा आजसू पार्टी को मजबूती देगी। वहीं, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने कहा कि महिला मोर्चा कमेटी में चयनित पदाधिकारियों को जवाबदेही दी जा रही है। महिला मोर्चा के गठन का उद्देश्य संगठन को घर घर तक पहुंचाना है। आजसू पार्टी के नीति सिद्धांत से लोगों को अवगत करना है ।

गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के निर्देश पर नगर परिषद क्षेत्र में महिला मोर्चा का गठन किया जा रहा है। महिला मोर्चा सांगठनिक कार्यों में महत्ती भूमिका अदा करेगी। पार्टी निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करेगी। वार्ड नं 15 की महिला मोर्चा कमेटी में अध्यक्ष इंद्रा देवी, सचिव शीला देवी, कोषाध्यक्ष सबिता देवी, कार्यकारी अध्यक्ष मीना देवी को बनाया गया है। वार्ड नं 16 महिला मोर्चा कमेटी में अध्यक्ष बसंती देवी, सचिव मनीता देवी, कार्यकारी अध्यक्ष अनिता देवी को बनाया गया है। वहीं, वार्ड नं 17 महिला मोर्चा कमेटी में अध्यक्ष सावित्री देवी, सचिव समिता महतो, कोषाध्यक्ष सरोज देवी, कार्यकारी अध्यक्ष मंजू देवी, उपाध्यक्ष रीना देवी को बनाया गया है। कार्यकारिणी में सुनर देवी, मधु देवी, यशोदा देवी, पूनम देवी, राजमणि देवी, सुमित्रा देवी। सक्रिय सदस्य देवंती देवी ,कुंती देवी, सोनी देवी, केशरी देवी, राधिका देवी को शामिल किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से गुरुदेव महतो,अजय चौधरी सहित अन्य लोग शामिल हुए।

---

## मुखिया ने स्कूल बच्चों के बीच बांटे ड्रेस

**नवीन मेल संवाददाता**

**चौपारण।** पंचायत चौपारण के मुखिया पिंकी देवी ने अंबेडकर नगर के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में वर्ग एक और दो के सभी बच्चों के बीच ड्रेस का वितरण किया। मुखिया ने कहा जिला प्रशासन की यह योजना महत्वपूर्ण है। स्कूल में बच्चे ड्रेस पहनकर ही आयें। ड्रेस वितरण समारोह में हेड शिक्षक अर्जुन रविदास, सहायक सीताराम भुइयां, प्रभु रविदास सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

---

## बढ़ाई गयी मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना की तिथि, नये किसान भी करवा सकते हैं ई-केवाईसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना की तिथि बढ़ाई जा चुकी है। जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के लिए 15 दिसंबर तक की तिथि बढ़ा दी है। अब कोई भी किसान 15 दिसंबर तक सुखाड़ राहत योजना के लिए ईकेवाईसी करवा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फसल राहत योजना का लाभ लेने के लिए ईकेवाईसी करवाना अनिवार्य है. जो किसान पहले भी फसल रहा जोड़ना में पंजीकरण या ईकेवाईसी करवा चुके हैं उन्हें फिर से मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में ईकेवाईसी करवाना होगा। इसके साथ ही जिन्होंने अब तक अपना पंजीकरण नहीं करवाया है वह भी अपने सभी दस्तावेजों के साथ प्रज्ञा केंद्र से टोकन कटवा कर मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लिए पंजीकरण और ईकेवाईसी करवा सकते हैं। इसके लिए उनके पास जमीन का कागजात वंशावली, आधार कार्ड, बैंक पासबुक इत्यादि होना अनिवार्य है।

## न्यूज गैलरी

### कुलुकेरा स्कूल की व्यवस्था पर नाराज हुए बीडीओ

**सिमडेगा।** बीडीओ अजय कुमार रजक ने कुलुकेरा पंचायत का किया भ्रमण। मौके पर स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र आदि का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया. स्कूल की व्यवस्था और साफ-सफाई को देख बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए शिक्षकों को व्यवस्था में सुधार लाने का दिया निर्देश। बीडीओ ने कहा कि हम सभी सेवा के लिए हैं। इसलिए अपना काम इमानदारी पूर्वक करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें साथ ही साथ मेन्यू के आधार पर बच्चों को एमडीएम भोजन दे। निरीक्षण के क्रम में स्कूल में लगभग 210 बच्चे उपस्थित थे जिनके लिए बना भोजन काफी कम नजर आ रहा था जिस पर भी बीडीओ ने नाराजगी जताई उन्होंने 2 दिनों के अंदर सभी व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा बीडीओ ने स्कूल के स्मार्ट क्लास का भी निरीक्षण किया। और बच्चों से कंप्यूटर के संबंध में सवाल जवाब किया। बच्चों के जवाब के बाद बीडीओ ने शिक्षक से बेसिक नॉलेज पर जोर देने की बात कही। कोचेडेगा स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र को भी व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया गया।

### सड़क हादसे में घायल पारा शिक्षक की हुई मौत, संघ ने जताया शोक

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत तामरा हाई स्कूल के समीप दो मोटरसाइकिल की टक्कर में गंभीर रूप से घायल इलाजरत शिक्षक लाल प्रधान की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि तामड़ा जतरा से एक युवक दो युवतियों के साथ लौट रहा था और वे अपने घर की ओर से मेला जा रहे थे इस दौरान सीधी भिड़ंत हुई। जिस पर पारा शिक्षक लाल प्रधान को गंभीर चोट लगी और इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था जहां पर देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया गया कि वह तामड़ा के टभाडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय में पारा शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं उनके निधन पर पारा शिक्षक संघ सिमडेगा के तमाम पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा शोक व्यक्त किया है।

### बानो बिरसा चौक में हुआ कॉफी सेंटर का उद्घाटन

**बानो।** बानो बिरसा मुंडा चौक में तनय कॉपी सेंटर पॉपकॉर्न का उद्घाटन किया कॉफी सेंटर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह ने फीता काटकर किया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा समय के बदलाव के साथ अब लोग कॉफी का आनंद लेंगे मौके पर फिरू बड़ाईक, जितेंद ठाकुर, विकी मेहता, बीरबल बड़ाईक संजय बड़ाईक, राहत अंसारी, एरिक, रामचन्द्र साहू विजय उपाध्याय, हीरा साहू आदि लोग उपस्थित थे।

### राज्य सीनियर अंतर जिला फुटबॉल चैंपियनशिप का शानदार मुकाबला आज

**लोहरदगा।** आज झारखंड राज्य सीनियर अंतर जिला फुटबॉल चैंपियनशिप का शानदार मुकाबला गुमला बनाम लोहरदगा के बीच समय 2:00 नदिया स्कूल मिनी स्टेडियम में खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल होंगे। इस निमित्त लोहरदगा जिला फुटबॉल टीम का चयन शिविर के बाद खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिसमें मनोज उरांव, दिनेश उरांव, किशन स्वानसी, सुलतान अंसारी, संतोष उरांव, बिपिन महली, उपेंद्र उरांव, राहुल उरांव, कुलदीप उरांव, जितेंद्र उरांव, रणबीर उरांव, विवेक उरांव, पिंटू उरांव, साहिल अंसारी, देवपुजन महतो, अताब अंसारी, धर्मेंद्र उरांव, रवि लहरी, प्रकाश उरांव, आशीष उरांव, कृष्णा उरांव, श्रीकांत बखला, कालीचरण महतो, बादल भगत। लोहरदगा जिला फुटबॉल संघ को मेजबानी मिलने के उपरांत सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आयोजन को लेकर लोहरदगा जिला फुटबॉल संघ के जाहिद अहमद, अभिनव सिद्धार्थ, सुजाउद्दीन राजा, फूलदेव उरांव, मनोज भगत, साजिद अहमद, वीरेंद्र यादव, विजय महतो, तबारक अंसारी, रोशन मुंडा, शंकर भगत, अनिल मुंडा, अभिषेक साहू, आरिफ खान, कमलेश उरांव, दीपक कुजूर को लेकर अहम भूमिका रही है।

### अंर्तराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस पर विशेष अभियान का आयोजन

**लोहरदगा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, सरकार के निदेश के आलोक में दिनांक 01.01.2023 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 निर्धारित किया गया है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 09.11.2022 से 08.12.2022 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। इसी दौरान अंर्तराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिनांक 03.12.2022 (शनिवार) को विशेष अभियान का आयोजन किया गया है। विशेष अभियान के संबंध में उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, लोहरदगा को निदेश दिया गया है कि अभियान दौरान निर्वाचन संबंधी सेवाओं यथा नये दिव्यांग मतदाताओं को नाम पंजीकरण से अवगत कराने, दिव्यांग मतदाताओं का पहचान पत्र में त्रुटि सुधार, विलोपन, आधार संग्रहण आदि से अवगत कराने का कार्य किया जाय। क्षेत्रांतर्गत पुराने दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने का भी निदेश दिया गया है।

### कैरो में जावा महुआ को किया गया नष्ट

**कैरो(लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित कैरो, उतका में उत्पाद एवं मद्द निषेद विभाग के पदाधिकारी धनंजय कुमार पासवान, अजय कुमार, संजय दास, जयप्रकाश भगत के द्वारा अवैध रूप से महुवा शराब बनाने वाले लोगो के घरों में छापामारी किया गया। छापामारी अभियान में छोटे बड़े महुवा शराब बनाने वाले लोगो को कड़ी से कड़ी हिदायत देते हुए फाइन काटा गया। मौके से महुवा के जावा को नष्ट किया। मौके पर धनंजय कुमार पासवान ने अवैध रूप से शराब बनाने व बेचने वालों को कड़ी से कड़ी फटकार लगाते हुए आगे से शराब का कारोबार छोड़ कर सरकार द्वारा संचालित विकास की विभिन्न योजना से जुड़कर जीवन यापन करे अन्यथा गैर कानूनी तरीके से कोई भी कार्य करने पर आपके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो सकता है और आप जेल जा सकते हैं। कोई ऐसा कार्य नहीं करे जिससे आपको जेल जाना पड़े और आपके विरुद्ध कार्रवाई हो।

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित आत्मा विभाग ने किसानों को बांटा चने का बीज

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित आत्मा विभाग के द्वारा किसानों को चने का बीज का वितरण किया गया।इस मौके पर 72 किसानों को 12 बोरा चना का बीज अर्थात प्रत्येक किसान को पांच 5 -5 किलो चने का बीच वितरण किया गया।इस मौके पर आत्मा विभाग द्वारा चने का बीज खेतों में लगाने के लिए विस्तृत जानकारी दिया गया।इस मौके पर बीटीएम निलेश खलखो विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, बोलबा लैम्पस के अध्यक्ष रघुनंदन सिंह, कारलूस सोरेन, बसंत खलखो, संजीव एक्का, हैरमन लकड़ा एवं भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

---

रांची जोन के आईजी ने किया पुलिस ऑफिस का निरीक्षण, अधिकारियों को दिया विशेष दिशा-निर्देश

# नक्सलियों को आईजी का संदेश, वापस मुख्यधारा में लौटे नक्सली नहीं तो खैर नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** रांची प्रक्षेत्र के आईजी पंकज कंबोज के द्वारा लोहरदगा पुलिस ऑफिस समेत विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आईजी ने पुलिस पदाधिकारियों

■ आईजी ने कहा, जंगलों में भटकने से क्या फायदा, सरेंडर करे और इज्जत की जिंदगी जीये



के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने एसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को विशेष रणनीति तैयार कर नक्सलियों का सफाया कर जिले को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने समेत अन्य दिशा निर्देश दिया। इधर पुलिस लाइन में आईजी पंकज कंबोज ने पत्रकारों को बताया कि हमलोगों की सालाना प्रक्रिया है इसके तहत पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस अर्थात पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया जाना था लेकिन आज सिर्फ पुलिस ऑफिस का निरीक्षण किया गया है दूसरे फेज में पुलिस लाइन का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बहुत सारे मामले है जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय से ही नियंत्रित होते हैं और कार्यालय में ही बहुत सारी शाखाएं आती है। नक्सल के लिए पुलिस की विशेष तैयारी है। आगामी दो दिसंबर से आठ दिसंबर तक नक्सल विरोधी अभियान चलाया जाएगा। लगातार पुलिस ने नक्सलियों को खदेड़ने का कार्य किया है। एसपी को विशेष निर्देश दिया गया है कि जितने भी लोग पिछले पांच सालों में नक्सली कांडो में चार्जशीटेड हैं और जिनके ऊपर आरोप पत्र गठित किया गया है, उनकी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने की जरूरत है। निगरानी संचिका खुलती है जिसे प्रति माह थाना उनका पता संधारित करता है कि वो कहा है और किन गतिविधियों में संलिप्त है यदि वो नक्सल गतिविधियों में शामिल हैं तो उनके ऊपर दोबारा कार्रवाई की जाएगी और नही शामिल हैं तो उनपर निगरानी रखी जायेगी। आईजी ने बताया कि केंद्रीय पुलिस मुख्यालय और राज्य स्तरीय पुलिस मुख्यालय से हमेशा नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलते रहता है। लोहरदगा में डबल बुल अभियान बहुत ही अच्छा चला था, उसमें पुलिस को नक्सलियों के विरुद्ध काफी सफलता मिली थी। जो बचे हुए नक्सली है उनपर पुलिस की निगरानी है जल्दी ही उनका सफाया किया जाएगा। उन्होंने साफ लफ्जो में नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप वापस मुख्यधारा में जुड़े। नक्सली गतिविधि को छोड़ कर आम जीवन जिए। आईजी ने नक्सलियों को सन्देश देते हुए कहा कि कोई फायदा नहीं है जंगल मे भटकने का, घूमने का, कहीं ना कहीं आज नहीं तो कल आप पकड़ कर जेल जाइएगा या आपका एनकाउंटर हो जाएगा। इससे बेहतर है कि आप झारखंड सरकार की सरेंडर पॉलिसी नई दिशा के तहत आप सरेंडर कीजिए और आम नागरिक की तरह आप भी समाज का हिस्सा बने। झारखंड सरकार की पॉलिसी के तहत सरेंडर कीजिए और पॉलिसी नीति का लाभ उठाए। अपने परिवार के साथ रहे, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दीजिये। जो केसेस है उनमें मदद मिलेगी और बच्चों को पढ़ाई के लिए खर्च भी मिलेगी। जिससे आप और आपका परिवार एक बेहतर जीवन व्यतीत कर सकता है। गौरतलब है कि हाल के समय में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन द्वारा क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाए जाने के बाद पुलिस विभाग की ओर से भी अलग-अलग जिलों में अभियान को तेज कर दिया गया है। ऐसे में लोहरदगा में आईजी पंकज कंबोज के आने के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही लोहरदगा में भी नक्सलियों के विरुद्ध एक बड़ा अभियान चल सकता है।

### नेटवर्क समस्या को लेकर पीडीएस दुकानदार ने ई-पोस मशीन के साथ किया धरना प्रदर्शन

**लोहरदगा।** जिले के पीडीएस दुकानदार के संचालक ई-पोस मशीन के नेटवर्क की समस्या से परेशान होकर डीलर एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के बैनर तले जिला मुख्यालय के समक्ष किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन। जिले के सैकड़ो पीडीएस संचालक ई पोस मशीन को लेकर जिला प्रशासन के समक्ष ई-पोस मशीन को जमा करने पहुंचे सरकार और जिला प्रशासन से ई पोस मशीन हटाने की मांग। लोहरदगा जिला नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आती है और कई जगहों पर टावर भी नही है जिससे राशन वितरण करने में परेशानी होती है। पीडीएस दुकानदार संचालकों का कहना है की वे 2016 से इस मशीन को संचालन कर रहे हैं वही इस जमाना में 4जी और 5जी आ गई है और हमे 2जी का ई पोस मशीन दिया गया है जिससे उन्हें राशन वितरण करने में परेशानी हमेशा होती हैं साथ ही कार्डधारको की भी परेशानी होती है नेटवर्क नही होने के कारण उन्हें समय से राशन नहीं मिलती है और कार्डधारियो को कई दिन तक राशन उठाव करने में लगते है जिसका आक्रोश भी पीडीएस संचालकों को झेलनी पड़ती हैं। पीडीएस संचालको ने जिला प्रशासन और सरकार से जल्द ई पोस मशीन हटाने का मांग किया है। डीलर एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष नेबुअल हसन ने सरकार और जिला प्रशासन से ई पोस मशीन हटाने की मांग करते हुए कहा की राज्य सरकार और जिला प्रशासन पीडीएस संचालकों की समस्या को समझे और उनके मांगो को पूरा करे नही तो राज्य में एक और आंदोलन देखने को मिलेगा।

## आईजी ने पुलिस लाइन में सुनी पुलिस जवानों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के न्यू पुलिस लाईन में रांची प्रक्षेत्र के आईजी पंकज कंबोज ने पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की समस्या से अवगत हुए। पुलिस अधिकारियो एव जवानों ने आईजी के समक्ष अपनी मुख्य व बुनियादी समस्या रखी। आईजी के समक्ष बिजली, पानी, जनरेटर, जीपी कटौती, बीमा पेंशन तथा पंचायत चुनाव के दौरान भत्ता नही मिलने की बात सहित अन्य जरूरतों का चीज के लिये जवान को काफी परेशानी होती है, बताया। आईजी ने एक एक पुलिस पदाधिकारीयों की समस्या सुनकर



विभाग द्वारा जल्द ही समस्या का समाधान करने की बात कही। मौके पर एसपी आर रामकुमार, अभियान एसपी दीपक पाण्डेय, एसडीपीओ बीएन सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, सार्जेन्ट मेजर सुरेश कुमार ओझा के अलावे जिले के सभी पुलिस जवान मौजूद थे।

## संविधान सप्ताह व एड्स दिवस पर डालसा ने लगाया प्रदर्शनी व स्वास्थ्य जांच शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार एवं डालसा अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा दिनांक 26 नवंबर 2022 से 02 दिसंबर 2022 तक संविधान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस क्रम में सिविल कोर्ट प्रांगण में लीगल सर्विसेज क्लीनिक, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के द्वारा 'संविधान की महत्ता' को रेखांकित करते हुए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस (01 दिसंबर) है, इसी अवसर पर सदर अस्पताल, लोहरदगा के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य




जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के उपस्थित नागरिकों, अधिवक्ताओं न्यायिक कर्मियों एवं उपस्थित पदाधिकारियों को स्वास्थ्य की जांच शिविर से लाभ उठाने की अपील की। संपूर्ण कार्यक्रम की निगरानी डालसा सचिव राजेश कुमार एवं उनकी टीम के द्वारा की गई। संविधान सप्ताह के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। वही स्वास्थ्य जांच शिविर में 100 से ज्यादा लोग ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, सामान्य शारीरिक जांच, हाइड्रोसील की समस्याओं आदि की चर्चा उपस्थित डॉक्टरों के टीम से की। मौके पर सदर अस्पताल लोहरदगा के डॉक्टर शंकर प्रसाद डी. एस., डॉ प्रकाश कुमार मेडिकल ऑफिसर, अमित कुमार प्रसाद बी. पी. एम. उपस्थित थे। जबकि सी.एच.ओ. सोनहेन केरकेट्टा, शोभा कुजूर, पूनम किसपोटा, एवं ए० एन. एम. सुप्रभा कुमारी ने लोगों का स्वास्थ्य जांच कर जरूरतमंदों को पेरासिटामोल, ओ. आर. एस. एवं अन्य दवाइयां दी। 'भारतीय संविधान के विविध आयाम' पर परिचर्चा व कार्यशाला के साथ दिनांक 02-12-22 को संविधान सप्ताह कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।

मजदूरों की समस्याओं को लेकर कचहरी के समीप हुआ महा धरना, बोले राजेश सिंह

## प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया के कारण परेशानी से जूझ रहे मजदूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा कचहरी के समीप गुरुवार को झारखंड मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष विमल नायक जिलाध्यक्ष झारखंड मजदूर यूनियन, की अध्यक्षता में एक दिवसीय महाधरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जहां पूर्व जीप सदस्य निल जस्टिन बेक ने मजदुरों को संगठित होने का आहवान किया तथा श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ मजदूरों तक नहीं पहुंचने की कठिनाईयों के बारे सरकार को समाधान निकालने के बारे बात रखा। सभा को महिला कर्मठ नेत्री अगुस्टीना सोरेंग ने संबोधित करते हुए संगठित होकर शोषण के खिलाफ आवाज उठाने का आह्ववान साथ ही महिला मजदूरों के लिए क्रेच की व्यवस्था नहीं होने और महिला कामगारों को कम मजदूरी मिलने के कारण श्रम कानूनों का उल्लंघन से महिला मजदूरों के हाशिये की स्थिति के लिए सरकारों और प्रशासन, नियोक्ताओं को जिम्मेदार बताते हुए मजदूरों को एकजुटता से अधिकार लेने के लिए संगठित लड़ाई लड़ने के लिए तैयार होने के लिए अपील किया तथा महिला मजदूरों को कार्यस्थल पर यौन हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और लड़ने के लिए भी हमेशा मुखर होने का संदेश दिया।

महाधरना के मुख्य अतिथि झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए मजदूरों को बाहरी ठेकेदारों द्वारा शोषित होने पर एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए ओजस्वी और जोशीला आहवान किया कि सरकार द्वारा बालू घाट का टेंडर नहीं होने से भी मजदुरों को काम की कमी और मजदूरों के हित पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उदासीन रवैया के कारण मजदूर परेशानी से जूझ रहे हैं । उन्होंने कहा कि यहां के स्थानीय प्रशासन और यहां के जनप्रतिनिधि सिर्फ अपने पेट पालने के लिए राजनीति कर रहे हैं यहां के मजदूरों का शोषण हो रहा है जिसे किसी को भी परवाह नहीं है। मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह ने गुमला के डुमरी प्रखंड के जैरागी के चिमनी ईंट भट्ठा में मृत मजदूरों के परिजनों को उचित मुआवजा देने और ईंट भट्ठा के मालिक के ऊपर कानूनी कारवाई की माँग भी सरकार की है जो कि मजदूरों का अधिकार है। उन्होंने ने प्रवासी मजदूरों के हितों पर सरकार और प्रशासन को ध्यान देने के लिए आवाज उठाया कि किसी भी कीमत पर मजदूरों का शोषण बरदर्शत नहीं किया जायेगा। उन्होंने बंगाली ठेकेदारों के द्वारा स्थानीय मजदूरों के शोषण के खिलाफ जनवरी में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ रैली निकालने की भी जानकारी दी। भाजपा नेता सुजान मुंडा ने भी मजदूरों को एक होकर अत्याचार के खिलाफ लड़ने के लिए जोर दिया। उक्त महाधरना कार्यक्रम में विशेष रुप से विमल नायक, धोनो कच्छप, मनोज प्रधान, संतोषी देवी, कलिन्दर, सोमरा मांझी, टुबागे, लेदा सिंह, भुटकु प्रधान, बालमैत देवी, सुखलाल सहित सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन विमल नायक के द्वारा किया गया।

## अदालत ने दो अलग-अलग मामले में आरोपियों को सुनाया 20-20 वर्ष का सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला व्यवहार न्यायालय एडीजे वन पोस्को के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने दो अलग-अलग मामले में सुनवाई करते हुए दो आरोपियों को 20-20 वर्ष का सजा सुनाया। डरा धमका कर एवं शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में सुनवाई करते हुए एडीजे वन विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी ने सदर थाना क्षेत्र के अरकोसा गांव निवासी स्वर्गीय देवरू भगत के 47 वर्षीय पुत्र सुशील भगत को 20 वर्ष का सजा सुनाया। वहीं 25 हजार रुपया जुमार्ना भी लगाया है। आरोपी पर महिला थाना कांड संख्या 43/2021, पोस्को 23/2022, धारा 376, 6 पोस्को एक्ट दर्ज किया गया था। 13 फरवरी 2020 को सदर थाना क्षेत्र के अरकोसा गांव निवासी पीड़िता जब घर पर अकेली थी, तब गांव के ही सुशील भगत रात्रि करीब 10 बजे घर में चुपके से घुसा और पीड़िता को डरा धमका कर शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद शादी का प्रलोभन देते हुए इसके बारे में किसी को ना कहने को कहा। जब पीड़िता शादी करने की बात कहीं तब पीड़िता के समक्ष जाकर गर्भवती के पेट में लात मार दिया। जिसके बाद इलाज के लिए पीड़िता को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब समय पूर्ण हुआ तब उसको डिलीवरी के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया जा रहा था, तभी सदर प्रखंड क्षेत्र के हरमू गांव पहुंचते-पहुंचते रास्ते में ही वह नवजात बच्चे को जन्म दी। पीड़िता के बयान पर सदर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तथा मामला कोर्ट में संचालित था। इस मामले में एपीपी मनोज कुमार झा एवं अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता केएस पांडे थे। वही पोस्को के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी ने दूसरे मामले में, पैसा मोबाइल देकर नाबालिक को बाला फुसलाकर भगा ले जाकर यौन संबंध बनाने के मामले पर सुनवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के गौस नगर निवासी सूरज उर्फ रहमान अंसारी को 20 वर्ष का सजा सुनाया। वहीं 20 हजार रुपया जुर्माना भी लगाया है। रहमान अंसारी के खिलाफ सदर थाने में इसी थाना क्षेत्र के गौस नगर निवासी नाबालिग की मां के बयान पर सदर थाना कांड संख्या 112/2019 पोस्को 10/2019, धारा 365, 366 ए, 376 वन, दर्ज किया गया था। न्यायाधीश ने धारा 365 में 5 वर्ष, धारा 366 ए में 7 वर्ष एवं धारा 376 वन में 20 वर्ष का सजा सुनाया। अलग-अलग धारा में लगी सजा सभी एक साथ चलेंगी। जुर्माने की राशि पीड़िता को देने का निर्देश दिया गया। नाबालिक की मां 17 जून 2019 को सदर थाना में लिखित सूचना दी थी कि मेरी बेटी स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन किया गया लेकिन कुछ भी नहीं पता चला। खोजबीन के क्रम में गौस नगर के ही सूरज उर्फ रहमान अंसारी को भी गायब पाया गया। जिसके बाद मोबाइल नंबर के माध्यम से पता चला कि सूरज उर्फ रहमान अंसारी ने नाबालिग को पैसा एवं मोबाइल का प्रलोभन देकर कहीं भगा ले गया है।

## बोर्ड लगाकर पथ निर्माण कार्य में बाधा डालने के लिए गुमराह करने का प्रयास, सूचना पर पहुंचे सीओ थानेदार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** पथ निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने के उद्देश्य से बोर्ड लगा गुमराह करने का कार्य दतरी ग्राम में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया। सूचना पर अंचलाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन तथा पंचायत मुखिया पहुंच मामला के तहिकात में जुटे बताया गया कि बोर्ड लगा कर ग्रामीणों को गुमराह किया गया कि (1) भारत का संविधान अनुच्छेद 13(3) के जनजातियों की रूढ़िवादी पारंम्परिक व्यवस्था ही है जो आदिवासी के लिए शांति का बल रखता है। (2) भारत का अनुच्छेद 19(5) के उपबंध के अनुसार गैर जनजातियों को घूमना फिरना रहना बसना मना है। (3) भारत का संविधान 19(6) के उपबंध



के अनुसार गैर जन जाति का नौकरी चाकरी और व्यवस्था कारोबार करना मना है। (4) पांचवी अनुसूचित जिलों में भारत का संविधान अनुच्छेद 244(1) भाग (ख) पारा(5.1) के तहत संसद या विधान मंडल का कोई भी सामान्य कानून लागू नही है। जय पड़हा 2 खुखरा प्रांगण इस प्रकार की तथ्यों से लिखा बोर्ड लगाया गया था। जो इशारा कुछ और ही कर रहा है। परंतु यह साजिश के तहत कार्य रोकने का इशारा भी किया जा रहा है। और किस व्यक्ति के द्वारा बोर्ड लगाने का कार्य किया गया है। इसपर प्रशासन छानबीन कर रही है। वहीं जमीन में बोर्ड लगाने की सूचना पर थाना प्रभारी ऋषिकांत दलबल के साथ कार्य स्थल पहुंच बोर्ड को हटवाते हुए अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचना किया गया। जमीन मामला की बात पर विजय कुमार दतरी गांव पहुंच ग्रामीणों से कार्य रोकने का प्रयोजन पूछा गया। तो ग्रामीणों ने बताया कि पथ निर्माण से हम सभी ग्रामीण को लाभ है परंतु दो रैयत दुर्गा भगत एवं दयानंद उराँव को पथ निर्माण पर आपत्ति है। वहीं अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों की बात को सुन कहा कि सर्वे के दौरान ही आपत्ति जताना उचित था। परंतु पथ निर्माण की स्वकृति मिलने के बाद इस प्रकार सरकारी कार्य में बाधा उतपन करने पर दोषियों के विरुद्ध कारवाई किया जाएगा। समझाते हुए आपत्ति करता रैयत से जमीन संबंधित कागजात की मांग किया गया है। बताया जाता है कि पथ निर्माण कार्य पथ प्रमंडल के तत्वधान में गंगा कंट्रक्शन द्वारा 22 किलोमीटर कराया जाना है। जिसपर रोक लगाने का कार्य किया गया। पथ निर्माण कार्य रोकने के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या है। यह बातें खुल कर सामने नही आया है।

## भाजपा की हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भाजपा सिमडेगा की बैठक जिला कार्यालय में गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हैं उपाध्यक्ष मनोज साय ने कहा कि निकाय चुनाव एवं आने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार द्वारा मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य हो रहा है, सभी स्तर के भाजपा कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा नये एवं छुटे हुए मतदाता को मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य करें, साथ ही किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर जिला के पदाधिकारियों से सम्पर्क करें। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महामंत्री दीपक पुरी ने कहा की मंडल अध्यक्ष एवं मंडल पदाधिकारियों को इस कार्य में महती भूमिका निभानी पड़ेगी, बूथ स्तर तक ज्यादा से ज्यादा नए मतदाता जोड़ें इस पर फोकस करना है जिन लोगों का उम्र 2023 में 18 वर्ष होगा उनका भी नाम अभी



ही जुड़ेगा। मौके पर ये भी चर्चा हुई कि जल्द ही भाजपा कार्यालय में सप्ताह के 6 दिन कोई ना कोई जिला के पदाधिकारी जिला कार्यालय में बैठेंगे जिससे कार्यकर्ताओं को संगठन तक अपनी बात पहुंचाने में सहूलियत हो। मौके पर महामंत्री मोतीलाल सिंह उपाध्यक्ष प्रणव कुमार व सतीश पांडेय कोषाध्यक्ष, अनुप प्रसाद, सुजान मुंडा राकेश रविकांत, बसंत माझी, रामविलास बड़ाईक, गजानंद बेसरा, देवकी नंदन साय, मानकीलाल, अशोक रजक, कृष्णा कोटवार घनश्याम सिंह, प्रदीप जायसवाल, महेश साहू, कैलाश मेहर, सत्यनारायण प्रसाद, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### रिश्वतखोरी के मामले में राजस्व कर्मचारी को पांच वर्ष की सजा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के स्पेशल जज एंटी करप्शन अमरेश कुमार की अदालत ने रिश्वतखोरी के एक मामले में दोषी पाते हुए पिपरा अंचल के राजस्व कर्मचारी अवधेश प्रसाद सोनी उर्फ अवधेश सोनी को पांच वर्ष की सजा सुनाई है। वह 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं जमा करने पर 6 माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में सूचक केश्वर साहू द्वारा एसपी भीजिलेंश रांची को लिखित शिकायत दर्ज कार्रवाई गई थी। दर्ज शिकायत में आरोप था कि राजस्व कर्मचारी के द्वारा उसके जमीन के नामांतरण करने के लिए छह हजार रुपये की राशि की मांग की जा रही है। उनका कहना था कि वह गरीब व्यक्ति है तथा रिश्वत का पैसा देने में असमर्थ है। शिकायत के आधार पर 27 अक्टूबर 2015 को आरोपी के विरुद्ध भिजलेंश के द्वारा कार्रवाई करते हुए रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारि को गिरफ्तार किया गया था। मामले में न्यायालय के द्वारा दर्ज प्राथमिकी गवाहों की गवाही सबूत के आधार पर अवधेश प्रसाद सोनी को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 50 -50 हजार रुपये का अर्थदंड विभिन्न धाराओं में लगाया गया है।

### उच्चतम न्यायालय के नोटिस से ओबीसी की उम्मीद जगी

**मेदिनीनगर।** सर्वोच्च न्यायालय के नोटिस के बाद झारखंड सरकार को अब चेत जाना चाहिए और अविलंब ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पूरा कर सुप्रीम कोर्ट को सौंप कर नगर निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण देकर करायें। उपरोक्त बातें आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा सरकार को नोटिस दिए जाने पर कही। पिछड़ा वर्ग आरक्षण के लिए आजसू पार्टी के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने झारखंड सरकार पर उच्चतम न्यायालय में अवमानना का मुकदमा दर्ज कराया है। सरकार ने आनन फानन में निकाय चुनाव की घोषणा कर दी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ही उच्चतम न्यायालय ने झारखंड सरकार को आदेश दिए थे कि ट्रिपल टेस्ट कराकर ही आगे चुनाव कराए। मगर सरकार ने उच्चतम न्यायालय को झुठ बोलकर गुमराह किया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव से पूर्व और पंचायत चुनाव के बाद सरकार से ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पूरी करने के लिए लगातार आंदोलन किया। बावजूद सरकार एक न सुनी अब सरकार को बिना देर किए हुए ओबीसी का हक नगर निकाय चुनाव में आरक्षण देकर सुनिश्चित करें। उसके बाद ही नगर निकाय चुनाव हो। ताकि झारखण्ड के पिछड़ा आवादी 54 प्रतिशत का हक अधिकार मिल सके।

### आज सुप्रीम कोर्ट में अवमानना वाद की सुनवाई

**मेदिनीनगर।** आज सुप्रीम कोर्ट में हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर अवमानना वाद की संभवतः अंतिम सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट के द्वारा सख्त रवैया अपनाते हुए राज्य के मुख्य सचिव को उपस्थित होने को कहा था। आज की सुनवाई में मुख्य सचिव को जवाब देने के लिए उपस्थित होना पड़ेगा। सुनवाई कोर्ट संख्या पांच में न्यायधीश एमआर शाह और न्यायधीश सीटी रवि के बेंच में होगी। ज्ञात हो कि नियोजन नीति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 2 अगस्त को अंतिम निर्णय दिया गया था। उसके बाद आयोग के द्वारा नियुक्ति को लेकर अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र के जांच का कार्य शुरू किया गया है। जो अभी प्रक्रियाधीन ही है। अवमानना वाद करने वाले सोनी कुमारी के द्वारा आयोग के द्वारा कोर्ट के निर्णय के अनुसार डीवी रिजल्ट नहीं देने के कारण एक बार पुनः सुप्रीम कोर्ट के शरण मे गए है। हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में लगभग 18 हजार पदों में नियुक्ति की जानी है। जिसमे कोर्ट के द्वारा स्टेट मेरिट बनाकर नियुक्ति पूरी करने का फैसला दिया गया है। आज के सुनवाई से हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लगा है। इसके साथ ही आज ही पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों के मामले में भी सुनवाई किया जाएगा।

### वार्ड आयुक्त ने किया फलेरिया के दवा का वितरण

**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 27 के वार्ड आयुक्त कमर यास्मीन ने अपने वार्ड के आंगनबाड़ी में स्थानीय लोगो के बीच फलेरिया के दवा का वितरण किया गया। जिसमें लगभग 60 लोगो को मौके पर ही दवा खिलाया गया। इसके साथ ही बच्चो के पेट के कीड़ों के निदान के लिए भी दवाई दिया गया और खिलाया भी गया। उन्होंने बताया कि ससरकार की योजनाओं के अनुसार सभी लोगो के बीच फलेरिया के दवा का वितरण किया जाना है। जैसे पोलियो टीवी, मलेरिया बीमारी को दूर किया गया है। फलेरिया को भी जड़ से मुक्त किया जाना है। उन्होंने बताया कि गलत खान-पान के कारण बच्चो के पेट में कीड़े हो जा रहे हैं। इससे बच्चों के साथ-साथ बड़े भी प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए सरकार के द्वारा बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी पेट के कीड़ों के निदान के लिए निशुल्क दवाई दिया जा रहा है। सभी लोगों को आंगनबाड़ी के सदस्यों के द्वारा घर पर जाकर दवाई को खिलाया जाना है।

### सप्लाई पानी के पाइप का हुआ मरम्मत

**मेदिनीनगर।** शहर में स्थानीय सदीक चौक के पास सप्लाई पानी के पाइप लीकेज की समस्या होने के कारण सैकड़ो लीटर बह गया। जिसके बाद स्थानीय लोगो ने विभाग को सूचित किया। पाइप इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने पाइप के निरीक्षण कर लीकेज को ठीक कराया। उन्होंने बताया कि शहर में चार स्थान पर पाइप लीकेज को ठीक किया गया है।

### बीआरपी-सीआरपी की बैठक संपन्न, बोले श्रीकांत चौबे

# शत-प्रतिशत खाता खोलने की प्रक्रिया पूरी करें

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में गुरुवार को बीआरपी,सीआरपी की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में श्री चौबे ने विभागीय कार्यो की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को एमडीएम का एसएमएस प्रतिदिन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं का बैंक खाता नहीं है, उनके माता पिता का बैंक खाता व आधार का समेकन करते हुए बीआरसी में जमा करें। जिससे छात्रवृत्ति व पोशाक की राशि भेजी जा सकें। विभागीय निदेर्शानुसार सभी छात्र छात्राओं का खाता खोलने का निर्देश दिया गया था.उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत खाता खोलने की प्रक्रिया पूरी की जाय. उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी सीआरपी जल्द से जल्द प्रशिक्षण का कार्य सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें.उन्होंने कहा कि विद्यालय विकास की राशि से रंग रोगन 15 नवंबर तक कराने का निर्देश प्राप्त था, लेकिन अभी तक जो विद्यालय रंग रोगन नहीं किये हैं। वे रंग-रोगन का कार्य शीघ्र पूरा करें। विद्यालय में वर्ग 1 से 8 तक के सभी छात्र-छात्राओं के किट की राशि भेजी गई है, क्रय समिति का गठन करते हुये छात्र छात्राओं किट उपलब्ध कराने, विद्यालय विकास 2022 -23 के ऑनलाइन गूगल सीट के माध्यम से भरने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ई - विद्या वाहिनी में बनावें। उन्होंने सभी शिक्षकों को ई विद्या वाहिनी में बायोमैट्रिक उपस्थिति बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिसम्बर माह से 9 बजे पूर्वाहन से पहले बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाना सुनिश्चित करें अन्यथा विभाग करवाई के लिए बाध्य होगी. बैठक में सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, शोभा पांडेय, सुबोध कुमार, शक्तिदास सिन्हा, बीरेंद्र प्रजापति, लेखापाल चंदन कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश कुमार, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल उपस्थित थे।



### इंटर कॉलेज में शोकसभा का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर इंटर कॉलेज चितविश्राम में पंडित राजेश्वर मिश्र रत्न के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया.शोकसभा में महाविद्यालय के संरक्षक सेवानिवृत्त शिक्षक तेज प्रताप पांडेय ने कहा कि कवि जी पूरे पलामू प्रमंडल के साहित्य जगत के सुमेरु थे। उनके निधन से साहित्य जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। वे इस गांव को स्नेह देते थे। सेवा निवृत्त शिक्षक गदाधर पांडेय ने कहा कि कवि जी का जाना साहित्य जगत के साथ हमसबो के लिये व्यक्तिगत क्षति है। शिक्षक अखिलेश प्रसाद ने उनकी रचनाओं का वर्णन करते हुये कहा कि अगर समय पर उनकी पुस्तके छप गई होती तो कवि जी राष्ट्रीय मानस पटल पर अंकित होते। अंत मे उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। शोकसभा महाविद्यालय के व्याख्याता राम व्यास पांडेय,अभिषेक कुमार,उपेन्द्र चौधरी, कमलेश पांडये सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# टीबी मरीज को सहायता देना गर्व की बात : डॉ. कृष्ण कुमार

- जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी ने टीबी मरीज को पोषक आहार का फूड बास्केट प्रदान किया
- टीबी मरीजों को गोद लेकर अपने खर्च से पोषक आहार प्रदान कर रहे कई लोग


नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को गोद लेकर अपने खर्च से उन्हें अतिरिक्त पोषक आहार प्रदान करने को लेकर कई लोग आगे आ रहे हैं। खासकर, स्वास्थ्य विभाग के लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही अन्य लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने की प्रेरणा दे रहे हैं। गुरुवार को जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डा.कृष्ण कुमार ने एमडीआर टीबी मरीज को गोद लेकर उसे पोषक आहार का फूड बास्केट प्रदान किया। मौके पर डा.कृष्ण कुमार ने कहा कि दवा चलने तक उक्त मरीज को प्रतिमाह फूड बास्केट देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़कर मरीज की सहायता का मौका मिलना मेरे लिए यह गर्व की बात है। बताते चलें कि यक्ष्मा प्रभाग गढ़वा के एसडीपीएस जितेंद्र कुमार व एसटीएलएस मो.सलीम अंसारी तथा मझिआंव सीएचसी के तहत एचडब्ल्यूसी में कार्यरत सीएचओ मदन तनांग ने भी एक-एक टीबी मरीज को गोद लेकर फूड बास्केट प्रदान किया। मौके पर यक्ष्मा प्रभाग के डीपीसी डा.पुरुषेश्वर मिश्र, लेखापाल निशांत कुमार सिन्हा, लिपिक रौशन कुमार, पीपीएम नुरुल्लाह अंसारी, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आज से डोर-टू-डोर चलेगा अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा/मयूरहंड(चतरा)।** गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जहां फाइलेरिया रोधी एल्बेंडाजोल, आइवरमेक्टिन व डीईसी का खुराक दिया गया। वहीं शुक्रवार को डोर-टू-डोर चलेगा खुराक देने का अभियान। उपरोक्त जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग भारत सरकार के गाइडलाइन के अनुसार दो वर्ष से उपर सभी व्यक्तियों को वर्ष में एक बार रोग प्रतिरोध के लिए दवा सेवन करना पर्याप्त है। 1 से 15 दिसंबर तक आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सेविका-सहायिका व सहिया के माध्यम डोर टू डोर अभियान चलाया जाएगा। वहीं मयूरहंड प्रखंड कार्यालय परिसर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने फाइलेरिया की दवा खाकर किया। एक दिसंबर को आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य उप केंद्रों में दावा खिलाने का कार्य किया गया। दो दिसंबर से पंद्रह दिसंबर तक सहिया सेविका द्वारा घर घर जा कर दवा खिलाने का कार्य किया जायगा। नरचाही उप स्वास्थ्य केंद्र में एएनम सुशीला कुमारी ने अपने पोषक क्षेत्र के लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई। इस दौरान अंचल निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह, कंम्प्यूटर ऑपरेटर मुकेश कुमार प्रखंड समन्वयक संतोष कुमार दांगी के अलावा प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।



# 8 घंटे में हत्या का उद्भेदन : युवक की ससुर, साले और सास ने की हत्या, दो गिरफ्तार, एक फरार

- युवक की हत्या कर शव को मिट्टी में दफन कर दिया गया था
- हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के कुंरूद गांव से बुधवार को महुआडांड़ थाना पुलिस ने एक दफनाया हुआ युवक का शव निकाला। जिसकी पहचान अनुप मिंज उम्र 25 वर्ष जिला गुमला के ग्राम परकला निवासी के रूप में की गई। महुआडांड़ प्रभारी आशुतोष यादव द्वारा दण्डाधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता एवं चंपा पंचायत मुखिया सुषमा कुजूर कि मौजूदगी में शव निकाल कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा दिया गया था। वही थाना प्रभारी अशुतोष यादव ने केश दर्ज कर हत्या के उद्भेदन के लिए अनुसंधान शुरू कर दिया गया। इस केश की अनुसंधानकर्ता पुआनि राजेश कुमार राम को बनाया गया साथ पुआनि संजय रत्न, पुलिस बल साथ थे। कुछ लोग को पुछताछ के लिए थाना लाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया की अनुप मिंज कुंरूद गांव में चार साल से चारलेश बाड़ा के घर पर रह रहा था और उसकी पुत्री सलिमा बड़ा से प्रेम संबंध में था। अनूप ने शादी नहीं की थी, लेकिन एक दो साल का एक बच्चा था, चारलेश बाड़ा, एवं इसकी पत्नी मरियम कुजूर एवं पूछताछ की गई तो बताया अनुप मिंज को हमलोग शादी करने के लिए कह रहे थे। 24 नवंबर की रात अनूप मिंज शराब पीकर आया इसी बात को लेकर बहस शुरू हुई। जहां बहस इतनी बढ़ गई की चारलेश बाड़ा, एवं इसकी पत्नी मरियम कुजूर डंडा से हामला कर अनुप मिंज की हत्या कर दिया। फिर इस हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई लेकिन चारलेश बाड़ा का बेटा अतुल बाड़ा वहा पहुंचा तो प्लान बदल दिया गया, फिर शव को महादेव टाड़ में लेजाकर दफनाया गया। चारलेश बाड़ा, एवं पत्नी मरियम कुजूर को गुरूवार लातेहार जेल भेज दिया गया, साथ ही इसका बेटा अतुल बाड़ा की तलाश जारी है, जल्दी इसे भी गिरफ्तारी कर लिया जाएगा।

### घरेलू व कमर्शियल सिलेंडर के दाम यथावत

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित सभी जगहों में पिछले 6 महीनों से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में लगातार कमी की जा रही थी। लेकिन इस बार तेल कंपनियों ने गैस सिलेंडर के प्राइस में कटौती नहीं करने का फैसला लिया हैं। 1 दिसंबर को जारी घरेलू और कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया है। गौरतलब है कि भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों ने पिछले महीने की 1 तारीख को कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर दामों में करीब 116 रुपए तक की भारी कटौती की है। यह लगातार 7वां मौका था जब गैस सिलेंडर के दाम में कमी की गई थी। उससे पहले अंतिम बार 19 मई को दामों में वृद्धि की गई थी। उसके बाद लगातार हर महीने की पहली तारीख को कटौती की जा रही थी। हालांकि यह कटौती केवल कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में की गई थी। 14.2 किलो वाला घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का रेट 6 जुलाई 2022 के बाद अब तक स्थिर बना हुआ है।

### डीडीसी ने की समर अभियान अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा

# कम प्रगति वाले प्रखंडों को चिन्हित कर जल्द सर्वे से संबंधित प्रगति करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समर अभियान अन्तर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। अभियान के सफल क्रियान्वयन के प्रतिवेदन का पीपीटी के माध्यम से अवलोकन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने प्रखंड वार सर्वे की जानकारी ली। जिसमें कम प्रगति वाले प्रखंडों को चिन्हित कर जल्द से जल्द सर्वे से संबंधित प्रगति करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान समर अभियान अन्तर्गत चिन्हित सैम, मैम, एनीमिक सस्पेक्टेड केस वाले लाभुकों को यथोचित लाभ प्रदान कराने के निमित्त नया कार्यप्रणाली तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही इससे संबंधित कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा सस्पेक्टेड केस की पहचान कर उनका उपचार कराया जा सके और जिले से कुपोषण एवं एनीमिया को जड़ से खत्म किया जा सके। समर डैशबोर्ड रिपोर्ट की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पोर्टल में डाटा को जल्द से जल्द अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। उप विकास आयुक्त ने अभियान के तहत चिन्हित अल्परक्तता से ग्रसित महिलाओ को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने एवं अति कुपोषित बच्चों का एमटीसी में उपचार कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बीपीएम, जेएसएलपीएस, महिला पर्यवेक्षिका एवं सीडीपीओ आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाए तथा बचे हुए लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।




### खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत तरहसी प्रखंड मुख्यालय ब्लॉक परिसर के सभागार में खाद्य आपूर्ति विभाग के समीक्षा बैठक बुलाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के बीच का खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के मंत्री प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रखण्ड अंचलाधिकारी सह प्रखण्ड खाद्ध आपूर्ति पदाधिकारी महोदय तरहसी एवं तरहसी प्रखण्ड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार समीक्षा बैठक में शामिल रहे। समीक्षा बैठक में मंत्री प्रतिनिधि रुद्र शुक्ला ने कहा कि इस समीक्षा बैठ से तरहसी प्रखण्ड की आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा क्यो की झारखंड सरकार और खाद्ध आपूर्ति मंत्री ने ये ठाना है कि खाद्य आपूर्ति सम्बंधित जन समस्याओं की हर व्यक्ति तक पहुंचाकर खत्म करना है। जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिल सके। खाद्य आपूर्ति सम्बंधित मामलो में जो भी व्यक्ति दोसी पायेजाएंगे उसपर विभाग कड़ी कार्रवाई करेगी। क्योंकि मंत्री ने मुझे प्रतिनधि आम जनता के शुलभता के लिए बनाया है। जिससे आम जनता को लाभ मिल सके आम जनता मुझ से सीधा संवाद अस्थापित कर सकते है। मौके पर कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित विसेश्वर मेहता, रौशन पांडेय, हरि नरायन यादव आदि लोग उपस्थित रहे।


### मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**सिमरिया(चतरा)।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, सिम रिया की अध्यक्षता में गुरुवार को सिमरिया प्रखंड के सभागार में एक बैठक आहूत की गई इस बैठक में एसडीओ सुधीर कुमार दास एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी, चतरा द्वारा सभी बीएलओ , सुपरवाइजर एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, 26-सिमरिया(अ०आ०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के साथ मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2023 से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में बीएलओ एवं सुपरवाइजर को कई आवश्यक निर्देश दिया गए।

# विधायक ने रांची में आरईओ से मिलकर डाल्टनगंज के कई जर्जर सड़क बनवाने की स्वीकृति हासिल की

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधायक आलोक चौरसिया बुधवार को रांची में आरईओ के मुख्य अभीयनता प्रमुख से मुलाकात कर डालटेनगंज क्षेत्र में कई सड़कों का कराया स्वीकृति। डालटेनगंज से सतबरवा ग्राम खानडीह में रोधी रोड से कृष्णा चौधरी के घर होते हुए पुरनाडीह तक पथ निर्माण कार्य। डालटेनगंज से प्रखण्ड - -चैनपुर में खरकट्टी पीडब्ल्यूडी पथ से पुल होते हुए वन्दन प्रजापति के घर तक पथ निर्माण कार्य। डालटेनगंज से प्रखण्ड - चैनपुर में सूरज के घर से जय दुबे के घर होते हुए चेड़ाबार मोड़ तक पथ निर्माण कार्य। डालटेनगंज से डालटेनगंज सदर प्रखण्ड मेदिनीनगर में एनएच-75 चियांकी रोड से बैगा टाला होते हुए दशगात्र मण्डप से अमरेश यादव के घर तक पथ निर्माण कार्य। डालटेनगंज से चैनपुर, गढ़वा पीडब्लूडी पर जगनारायण महतो के होटल से बनखेत मटखर तक पथ निर्माण कार्य। डालटेनगंज से प्रखण्ड चैनपुर में मेन रोड आईओ गोड से मनोज चैनपुर चौरसिया के घर होते हुए राजबिहारी चौरसिया के पर होते हुए छपपरदागा सिवाना तक पथ निर्माण कार्य। डालटेनगंज से प्रखण्ड चैनपुर में हरिहर प्रजापति के घर से कुम्हार टोला होते हुए वृन्दावन तिवारी के घर तक पथ निर्माण कार्य। डालटेनगंज से चैनपुर में पीडब्ल्यूडी रोड लिढकी से केकतुआ होते चैनपुर हुए प्रजापति मुहल्ला होते हुए हरिजन मोहल्ला तक पथ निर्माण कार्य के लिए विधायक को स्वीकृति मिली। इस संबंध में विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि बड़ी मशक्कत के बाद इन योजना को धरातल पर उतारने में कामयाबी मिली। मुझे विश्वास है जनता को इन सभी सड़क पक्की होने से बड़ी राहत मिलेगी और उनको यह भी एहसास होगा कि उनका चुना हुआ जनप्रतिनिधि विपरीत परिस्थिति में भी कैसे विकास के लिए फ्राइट करता है।



### प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा 7 से शुरू

**मेदिनीनगर।** जेएससएसी के द्वारा विज्ञापन संख्या - 13 प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन सीबीटी मोड में 07 दिसंबर से 11 दिसम्बर तक राँची, पूर्वी सिंहभूम, धनबाद, बोकारो, देवघर एवं पलामू जिला में अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किया जायेगा। इसकी जानकारी आयोग के परीक्षा नियंत्रक के द्वारा वेबसाइट पर दी गई। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र गुरुवार से आयोग के अधिकृत वेव साईट से डाउनलोड किया जा सकेगा। वहीं दो अभ्यर्थियों का जो काजल कुमारी और दमयंती कुमारी का आवेदन रद्द कर दिया गया है। अभ्यर्थी काजल कुमारी के द्वारा अपने आरक्षण कोटि अनुसूचित जनजाति को अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-1) कोटि में एवं दमयंती के द्वारा अपने आरक्षण कोटि अनुसूचित जनजाति को पिछड़ा वर्ग (अनुसूची- 2) कोटि में संशोधित किया गया था।

# प्राचीन राधा-कृष्ण संग हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कलश यात्रा के साथ शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा / लोहरदगा ।** प्रखंड के मसमानों ठाकुर गांव में गुरुवार को बहुप्रतीक्षित प्राचीन राधा -कृष्ण संग हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य कलश यात्रा स्वामी कृष्ण चैतन्य जी महाराज की अध्यक्षता में मंदिर प्रांगण से नदी तक निकाली गई। इसके पश्चात प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजन कार्य रंजीत पांडे द्वारा कार्य किया जा रहा है । संध्या में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से लाल नागेंद्र नाथ शाहदेव ,लाल चिंतामणि नाथ शाहदेव ,लाल विजय किशोर नाथ शाहदेव, लाल विक्रम नाथ शाहदेव ,लाल कृष्णा शाह देव ,लाल राजेश नाथ शहदेव, लाल मनोज नाथ शाहदेव लाल ओम प्रकाश नाथ शाहदेव, लाल त्रिलोकनाथ शाहदेव, लाल त्रिभुवन नाथ शाहदेव, लाल राजीव नाथ शहदेव, लाल चंद्र भूषण नाथ शहदेव, लालमणि नाथ शाहदेव, लाल ब्रजकिशोर नाथ शाहदेव, सनी चरवा उरांव, विजय यादव ,आशुतोष कुमार, दीपक राम, अनूप राम, राजबल्लभ लोहरा, अंशु वर्मा , सुरेश भगत इसके साथ ही भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। यह कार्यक्रम कल दिनांक 2:12 .2022 दिन शुक्रवार (मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष नवमी) दिन के 1:00 बजे भगवान का शोभा यात्रा का आयोजन के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।



सम्पादक की कलम से...

## क्या 'आप' बिगाड़ेगी खेल

**गुजरात** के विधानसभा चुनाव में अबकी बार अलग प्रकार की राजनीति होती दिखायी दे रही है। लंबे समय से गुजरात में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला होता हुआ ही प्रदर्शित होता था, लेकिन अब गुजरात की चुनावी राजनीति में आम आदमी पार्टी का प्रवेश भी हो चुका है। हालांकि, आम आदमी पार्टी गुजरात में कितना कुछ कर पायेगी, यह फिलहाल केवल संभावनाओं पर ही आधारित है, लेकिन आम आदमी पार्टी कांग्रेस के सपनों पर पानी फेरने का काम करती हुई दिखायी दे रही है। आम आदमी पार्टी ने जिस प्रकार से दिल्ली और पंजाब में अप्रत्याशित रूप से छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त किया, ऐसा कम ही देखने को मिलता है। यह बात सही है कि गुजरात के मतदाताओं का स्वभाव दिल्ली और पंजाब से मेल नहीं खाता, इसलिए आम आदमी पार्टी गुजरात में सफल हो जायेगी, इसकी गुंजाइश कम ही लगती है, लेकिन कहा जाता है कि राजनीति असंभावित दृश्य को भी संभावित कर सकती है। इसके पीछे का कारण यह भी है कि देश का मतदाता तात्कालिक लाभ पाने के लिए गुमराह हो जाता है और जहां से मुफ्त का लाभ दिखाई देता है, उसे अपना समर्थन भी दे देता है। वास्तव में मुफ्त देने की राजनीति आम आदमी को निकम्मा बनाने का ही काम करती है। इसके बजाय लोगों को स्वावलंबी बनाने के प्रयास तेज करने का काम सरकार की ओर से किया जाना चाहिए, इसकी देश को बहुत ज्यादा आवश्यकता है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो यह बात कहने में कोई संकोच नहीं है कि भाजपा अगर सत्ता पर फिर से विराजमान होती है तो यह उसकी नयी उपलब्धि नहीं कही जायेगी, क्योंकि जो पहले से ही प्राप्त है, वह उपलब्धि नहीं होती। इसके अलावा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अपनी ताकत बढ़ाने में सफल होती है, तो स्वाभाविक रूप से भाजपा कमजोर ही होगी, यही बात भाजपा को सोचने के लिए विवश कर रही है। इसका आशय यह भी है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। कांग्रेस तो गुजरात में लम्बे समय से विपक्ष की राजनीति करती रही है और अब उसमें आम आदमी पार्टी भी शामिल हो सकती है। वर्तमान में गुजरात की प्रादेशिक राजनीतिक ताकत की बात की जाये तो यह बात सही है कि भाजपा के पास राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर पर चेहरों की संख्या कांग्रेस और आम आदमी पार्टी से कहीं ज्यादा है। इसलिए यह कहा जाना उचित ही होगा कि प्रचार की दृष्टि से भाजपा अन्य दलों से ज्यादा स्थान पर पहुंच सकती है जिसका राजनीतिक लाभ भी भाजपा को मिल सकता है। दूसरी बात यह भी है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मातृभूमि भी गुजरात ही है, इसलिए उनकी हर बात का प्रभाव भी मतदाताओं पर होगा। इसके बाद भाजपा में चाणक्य की भूमिका में स्थापित होते जा रहे गृह मंत्री अमित शाह लम्बी दूरी की योजना बनाने में सफल होते रहे हैं, यह भी गुजरात से ही हैं। जब अमित शाह अन्य स्थानों पर जाकर वहां राजनीति की बारीकियां समझ लेते हैं तो गुजरात तो उनका गृह प्रदेश है, यहां की पूरी राजनीति की समझ उनको होगी ही, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता।

## आज का इतिहास

**2013 :** इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।
**1556 :** स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।
**1581 :** ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।
**1681 :** महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।
**1769 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।
**1901 :** भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।
**1938 :** प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।
**1943 :** इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।
**1966 :** भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।
**1947 :** विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।
**1995 :** जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।
**1955 :** पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।
**1989 :** मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।
**1989 :** सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।
**2003 :** भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।
**2006 :** समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।

# असंतुलित होते देश के नगर

> 'शहरीकरण का नकारात्मक प्रभाव कहीं न कहीं विकास और निर्माण परियोजनाओं को संदेह के घेरे में लाता है। नगरीय स्वायत्तशासी संस्थाओं में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण और शीर्षस्थ संस्था नगर निगम कहलाती है। सामान्यतः बड़े शहरों या महानगरों में नगर निगम की स्थापना की जाती है, ताकि बिजली, पानी, सड़क, यातायात, संचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल निकास व्यवस्था, नालियां, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण तथा रखरखाव, पार्क, खेल के मैदान, पशुशाला निर्माण आदि कार्यों का सुचारु संचालन हो सके।'

मसलन, नगर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए चुनौती बन रहे हैं, क्योंकि हरित क्षेत्र को नगर के विकास के लिए समाप्त किया जा रहा है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन ने अनेक नगरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, खासकर समुद्र के किनारे बसे नगर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा वक्त में दुनिया की आधी आबादी शहरों में रह रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी और तब तक विश्व की आबादी का सत्तर फीसद हिस्सा शहरों में रह रहा होगा। एक दूसरी संस्था आक्सफोर्ड इकोनामिक के अध्ययन के मुताबिक 2019 से लेकर 2035 के बीच सबसे तेजी से बढ़ले वाले शीर्ष दस शहर भारत के होंगे। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का शहरीकरण अघोषित और अस्त-व्यस्त है। प्रदूषित झीलें, नदियां, तालाब, ट्रैफिक जाम, बारिश में उफनते गंदे नाले, नगरों में बढ़ता वायु प्रदूषण, सडक दुर्घटनाएं, आवारा पशुओं की सड़कों पर भीड़ के कारण होने वाली दुर्घटनाएं, बिजली और पानी का संकट, यातायात के संसाधनों का बेतरतीब होना, नगरों में फैली गंदगी, गंदी बस्तियों का विस्तार आदि ऐसे मुद्दे हैं, जो देश के शहरीकरण की वास्तविक स्थिति को बयान करते नजर आते हैं। शहरीकरण का नकारात्मक प्रभाव कहीं न कहीं विकास और निर्माण परियोजनाओं को संदेह के घेरे में लाता है। नगरीय स्वायत्तशासी संस्थाओं में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण और शीर्षस्थ संस्था नगर निगम कहलाती है। सामान्यतः बड़े शहरों या महानगरों में नगर निगम की स्थापना की जाती है, ताकि बिजली, पानी, सड़क, यातायात, संचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल निकास व्यवस्था, नालियां, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण तथा रखरखाव, पार्क, खेल के मैदान, पशुशाला निर्माण आदि कार्यों का सुचारु संचालन हो सके। वैश्वीकरण के बाद नगरीय विकास समावेशी विकास की एक आवश्यक शर्त बन कर उभरा है। पर नगरों के असमान विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश और नगरीय संस्कृति में उत्पन्न होते तनाव नगरीय विकास की पुर्नसमीक्षा के लिए हमें बाध्य करते हैं। देश के कई राज्यों में बढ़ती नगरीय जनसंख्या की समस्याओं का व्यवस्थित तरीके से प्रबंधन करने के उद्देश्य से नगर निगम संस्थानों को विभाजित करने का फैसला लिया गया। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर राजस्थान में भी कोटा, जोधपुर और जयपुर शहर के नगर निगमों को दो भागों में विभाजित किया गया था। ऐसा करने के पीछे नगरीय विकास विभाग का कहना था कि इन तीनों शहरों में जनसंख्या दस लाख से ज्यादा हो गई है। ऐसे में वार्ड बड़ा होने से पार्षद अपने क्षेत्र में विकास कार्य बेहतर तरीके से नहीं करवा सकते हैं। उदाहरण के लिए कोटा नगर निगम का विभाजन कोटा उत्तर और कोटा दक्षिण के रूप में किया गया। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह विभाजन विकेंद्रीकरण का एक स्पष्ट उदाहरण है, जिसका उद्देश्य कोटा के हर क्षेत्र में विकास का समान रूप से विस्तार करना है। तेज गति से बढ़ते हुए नगर का लाभ सभी को मिल सके और नगर में समन्वित विकास का माडल मूर्त रूप ले सके, इसके लिए यह विभाजन एक सकारात्मक कदम कहा जा सकता है। पर सवाल है कि क्या वास्तव में यह विभाजन संतुलित विकास कर पाया है, इसका विश्लेषण किया जाना आवश्यक है। विकास में अगर निजी उद्देश्य (राजनीतिक या प्रशासनिक) शामिल हों जाते हैं, तो विकास का कोई भी माडल सकारात्मक परिणाम देने में सक्षम नहीं हो सकता। अनेक आरोपों-प्रत्यारोपों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कोटा की जो सूरत बदल रही है, वह आने वाले समय में कोटा को राजस्थान के एक खूबसूरत शहर के रूप में स्थापित करेगी। हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की रैंकिंग जारी की गई, जिसमें कोटा दक्षिण 141वें और कोटा उत्तर 364वें पायदान पर रहा। इस असमानता और असंतुलित विकास को जन सहभागिता और जनचेतना के माध्यम से दूर किया जा सकता है। दोनों निगमों को अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं और जरूरतों को समझ कर तथा जनता से संवाद करके विकास नीतियों को तय करना होगा।

■ ज्योति सिडाना

# सड़कों पर उतरे लोग

चीन में शी चिनफिंग की सख्त जीरो कोविड पॉलिसी पर वहां के लोगों की जो चिंता है, उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। पिछले हफ्ते उरूमकी के उत्तर-पश्चिमी शहर में फ्लैटों के एक ब्लॉक में आग लग गई, जिसमें दस लोग जलकर मर गए। इसके बाद तो शंघाई और पेइचिंग से लेकर शिनच्यांग और तिब्बत तक चीन के प्रमुख शहरों में लोगों का विरोध खुलकर सामने आ गया। इन विरोध-प्रदर्शनों में एक बात मुख्य रूप से दिख रही है कि लोग चीनी राष्ट्रपति की खुलकर आलोचना कर रहे हैं और उनसे इस्तीफा देने की मांग की जा रही है। महीनों से प्रतिबंधों का सामना कर रहे लाखों चीनी नागरिकों की चिंता इन विरोध-प्रदर्शनों के दौरान आक्रोश में उबलती दिख रही है तो इसकी कई वजहें हैं। पहली, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद शी चिनफिंग उस गौरव का आनंद ले रहे हैं, जिसमें उन्होंने चीन के टॉप लीडर के रूप में अभूतपूर्व तीसरा कार्यकाल हासिल किया। दूसरी, अब विदेश दौरों में वह अपनी वैश्विक साख को चमकाने की कोशिश में लगे हुए हैं। लेकिन लगता है कि अपने ही देश में वह अपनी नीतियों से पैदा हो रहे संकट और गुस्से से बेखबर हैं। पिछले महीने हुई कांग्रेस में उन्होंने अपनी सख्त कोविड पॉलिसी की कामयाबी का गुणगान किया और साथ ही इसे जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। तीसरी, ऐसा लगता है कि बड़े पैमाने पर टेस्ट, क्वारंटाइन और स्ट्रिक्ट लॉकडाउन के चलते उन इलाकों के लोगों में असंतोष पनप रहा है, जहां कोविड-19 के प्रकोप का पता चला है। चौथी, जहां दुनिया आगे बढ़ती हुई दिख रही है, वहीं चीन में लगातार लॉकडाउन के चलते सामने आ रही चुनौतियों को पहचानने के बावजूद शी के अजेंडे को सिर्फ इसलिए सही साबित करने की कोशिश की जा रही है, क्योंकि उन पर उनकी छाप है। पांचवीं, चीन में आज जो कुछ भी हो रहा है, वह शासन के अधिनायकवादी मॉडल के खतरों के अलावा और कुछ भी नहीं दिखाता है। आम चीनियों की दुर्दशा का जवाब देने के लिए वहां का पूरी तरह से बंद सिस्टम संघर्ष कर रहा है। इससे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की स्थिति खतरे में पड़ गई है, जिसने अपनी सर्वोच्चता की राजनीतिक स्थिति को हमेशा बनाए रखने की कोशिश की है। **ताइवान का जनादेश :** चीन से कुछ दूर ताइवान में बैलेट बॉक्स के जरिए दूसरे तरीके से असंतोष व्यक्त किया गया है। 2020 के राष्ट्रीय चुनावों में भारी बहुमत से जीतने वालीं राष्ट्रपति साई इंग-वेन ने बाद में गवर्निंग डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। वजह रही वहां के स्थानीय चुनावों में उनकी पार्टी का खराब प्रदर्शन। ताइवान के ये चुनाव काफी हद तक घरेलू सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर होते हैं। वहीं राष्ट्रपति ने चुनावी लड़ाई को चीन के साथ बढ़ते तनाव के इर्द-गिर्द फ्रेम करके चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को लोकतंत्र पर एक संदेश देने की कोशिश की थी। लेकिन वोटरों के मन में कुछ और चल रहा था, जो कि राष्ट्रपति इंग-वेन के लिए साफ मेसेज था। अब उन्होंने जनादेश को शालीनता से स्वीकार किया है और वोटरों के संदेश के आगे झुकते हुए पार्टी नेतृत्व छोड़ने का फैसला किया है। **अधिनायकवाद बनाम लोकतंत्र :** ताइवान और चीन में जो कुछ हो रहा है, उसे देखते हुए हमें न केवल अधिनायकवाद के खतरों के प्रति सचेत होना चाहिए, बल्कि यह भी समझना चाहिए कि ताइवान के लिए खड़े होने के महत्व को कम करके क्यों नहीं आंका जा सकता है।

■ हर्ष वी. पंत

# यह युद्ध का समय नहीं है

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का पूरा बयान ठीक है। सिर्फ उन्हें पीओके पर कब्जे वाली बात पर टिप्पणी नही करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जब सरकार कार्रवाई के आदेश करेगी, तब कार्रवाई होगी। इस बात को सब जानते हैं कि सरकार के आदेश पर ही कार्रवाई होगी, बिना आदेश के नहीं। सेना की उत्तरी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कार्रवाई वाला बयान चौंकाने वाला है। सेना का काम बयान देना नहीं है। उसका काम सरकार के आदेश पर ऑपरेशन करना है। सेना को इस तरह के बयान से बचना चाहिए। भारत के कई सत्ताधारी दल के नेताओं के बयान कई बार सरकार के सामने असहज स्थिति पैदा कर देते हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट भी परेशान कर देती हैं। ऐसे में उत्तरी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कार्रवाई वाला बयान भी कुछ ऐसा ही है। यह बयान पाकिस्तान-चीन समेत दुनिया के भारत विरोधी देशों के लिए चौंकाने वाला और उन्हें लामबंद करने वाला है। ये बयान भारत का विरोध करने वाले देशों को शोर मचाने का एक और मुद्दा थमा देगा। उन्होंने पारिकस्तान द्वारा कब्जा किये कश्मीर पर कार्रवाई के बारे में पूछे गये सवाल पर ये बात कही। उन्होंने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार जब आदेश देगी, सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इस विषय पर संसद में प्रस्ताव पास हो चुका है। भारतीय सेना सरकार के हर आदेश की पालना के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार जब भी आदेश देगी सेना अपनी पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में घुसपैठ के लिए पाकिस्तानी लॉन्चपैड पर करीब 160 आतंकी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हम उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे। इससे पहले तीन नवंबर को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की एक रैली में भी इसी तरह की मांग उठी थी। वे वहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान भीड़ में से लोगों ने कहा- पीओके भी अब भारत में चाहिए। इस पर रक्षा मंत्री ने कहा था। धैर्य रखिए। धैर्य रखिए। राजनाथ हिमाचल के वीर जवानों को लेकर बात कर रहे थे कि रैली में मौजूद लोगों ने पीओके चाहिए, के नारे लगा दिये। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर में हो रही टार्गेट किलिंग पर कहा कि राज्य में आतंकवाद को रोकने के लिए काफी काम किया गया है। इससे बौखलाए आतंकियों की तरफ से कभी पिस्टल, कभी हथियार इस तरफ भेजने के प्रयास किए जाते हैं और निहत्थे लोगों को टारगेट किया जाता है, लेकिन आतंकी अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं हो पाएंगे। उन्होंने दावा किया कि धारा 370 हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया है। राज्य में आतंकवाद पर लगाम लगी है। देखा जाये तो लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का पूरा बयान ठीक है। सिर्फ उन्हें पीओके पर कब्जे वाली बात पर टिप्पणी नही करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जब सरकार कार्रवाई के आदेश करेगी, तब कार्रवाई होगी। इस बात को सब जानते हैं कि सरकार के आदेश पर ही कार्रवाई होगी, बिना आदेश के नहीं। दूसरे ये भी संभव नहीं कि सरकार आदेश करे और सेना मना कर दे। सरकार के आदेश पर सेना को कार्रवाई करनी ही है। फिर इस तरह के बयान क्यों? एक बात और कि ये निर्णय जब अभी सरकार का नहीं है, फिर बताकर दुश्मन और उसके मददगार देश को क्यों सचेत कर रहे हो, और अगर निर्णय सरकार का है तो खामोश तैयारी के साथ उसको अंजाम देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के शासनकाल में संसद के दोनों सदनों में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पाक अधिकृत कशमीर को वापस लेने का संकल्प लिया था।

■ अशोक मधुप

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

#### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे महाभाग! एक विशाल सेनासे युक्त होकर आप मेरे साथ वहाँ चलनेके लिये तैयार हो जाइये। वहाँ युद्ध होगा। कालकेतु स्वयं महापराक्रमी है तथा बलवान् राक्षसोंसे युक्त रहता है। अतएव भगवतीका मन्त्र ग्रहण करके ही आप मेरे साथ वहाँ चलिये। मैं उस दुष्टात्मा नगरका मार्ग आपको दिखाऊँगी। अब आप उस पापकर्मपरायण दानवको मारकर मेरी सखीको शीघ्र मुक्त कीजिये ॥ 15-19 ॥

उसका यह वचन सुनकर एकवीरने वहाँपर दैवयोगसे पधारे हुए पुण्यात्मा तथा ज्ञानियोंमें श्रेष्ठ दत्तात्रेयजीसे त्रिलोकीका तिलक कहे जानेवाले योगेश्वरीके महामन्त्रको उसी क्षण ग्रहण कर लिया ॥ 20-21 ॥

उस मन्त्रके प्रभावसे एकवीरको सब कुछ जानने तथा सर्वत्र गमनकी क्षमता प्राप्त हो गयी। इसके बाद वे यशोवती के साथ कालकेतुके दुर्गम नगरके लिये शीघ्र प्रस्थित हुए ॥ 22 ॥

वह नगर राक्षसोंद्वारा इस प्रकार सुरक्षित था, जैसे सर्पोद्वारा पातालकी निरन्तर सुरक्षा होती रहती है। कालकेतुके ऐसे नगरमें अब यशोवती तथा विशाल सेनाके साथ राजा एकवीर आ गये ॥ 23 ॥

एकवीरको आते देखकर कालकेतुके दूत भयसे व्यग्र हो गये और चीखते-चिल्लाते हुए बड़ी तेजीसे भागकर उसके पास पहुँचे ॥ 24 ॥

उस समय एकावलीके पास बैठकर अनेकविध विनती कर रहे कालकेतुको अत्यन्त काममोहित समझकर दूत एकाएक उससे कहने लगे ॥ 25 ॥

दूतोंने कहा- हे राजन! इस कामिनीकी सहचारिणी जो यशोवती नामकी स्त्री है, वह एक राजकुमारके साथ विशाल सेना लेकर आ रही है ॥ 26 ॥

हे महाराज! पता नहीं, वह जयन्त है अथवा कार्तिकेय । बलके अभिमानसे मत्त वह राजकुमार सेनाके साथ चला आ रहा है ॥ 27 ॥

हे राजेन्द्र! अब आप सावधान हो जाइये; क्योंकि युद्धकी स्थिति सामने आ गयी है। अब आप तो इस देवपुत्रके साथ युद्ध कीजिये अथवा इस कमलनयनीको मुक्त कर दीजिये ॥ 28 ॥

उसकी सेना यहाँसे मात्र तीन योजनकी दूरीपर हे । अतएव हे राजन्! अब आप तैयार हो जाइये और ग-दुंदुभी बजानेकी तुरंत आज्ञा दीजिये ॥ 29 ॥

व्यासजी बोले- दूतोंके मुखसे वैसी बात सुनकर भालकेतु क्रोधसे मूर्च्छित हो गया। उसने अपने सभी नवान् तथा शस्त्रधारी राक्षसोंको उत्साहित करते कहा- हे राक्षसो! तुम सब हाथोंमें शस्त्र लेकर के सामने जाओ ॥ 30 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### लुप्त होता फेरीवाला

हम आजकल अपने मुहल्ले व शहर में अगर गौर करें,तो देखें कि पहले जो फेरी वाले पैदल या साइकिल पर अपना सामान बेचा करते थे। वह फेरीवाले अब बाइक या मोपेड पर अपना सामान बेच रहे हैं। इसे आधुनिकता का प्रभाव कहें या आर्थिक मजबूती ,लेकिन कुछ वर्षो में बदलाव तो आया है। पैदल घुमने वाले फेरीवाले दिन भर में जितना चक्कर लगाया करते थे,उसे कई गुना वे बाइक व मोपेड से चक्कर लगा लेते हैं। इस कार्य से उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी होती है। साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है। आज हम मछली, कपड़ा, बर्त्तन बेचनेवालों को बाइक व मोपेड पर समान बेचने वालों को आसानी से अपने मुहल्लों में देख सकते हैं। यह आधुनिकता का प्रभाव तो है ही । साथ ही आर्थिक सम्पन्नता को भी बतला रहा है। कभी मुहल्लों में यह फेरी वाले पैदल घुमा करते थे और थक कर किसी मकान के ओटे पर सुस्ताने के बाद आगे बढ़ा करते थे। उस समय उनकी स्थिति दयनीय हो जाती थी। अभी पर्व-त्योहार के समय में इन फेरीवालों की दिनभर में अच्छी खासी बिक्री हो जाया करती है। पर्व के मौसम में बाहर से भी आने वाले लोग फेरी करके अपना सामान बेचा करते हैं। यहां के कई ऐसे फेरी वाले हैं जो अपनी बाइक व मोपेड पर लगभग एक छोटी-मोटी दुकान साथ लेकर चलते हैं। यह एक ही मुहल्लों में वर्षो से आने के कारण काफी विश्वसनीय हैं। इनसे ग्राहक, जिनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है, बेझिझक खरीदारी करतीं हैं।

■ विजय सिंह , मेदिनीनगर।

# जब एक गुरू ने घोड़े के सिर से ब्रह्म विद्या का उपदेश दिया

आज भले गुरु जन बच्चों को उछल कूद मचाने पर डांटते हुए कहते हैं कि ये क्या तुम घोड़े की तरह कूद रहे हो, पर एक समय था जब एक गुरु ने घोड़े के सिर से ब्रह्म विद्या का उपदेश दिया। उस समय घोड़ा देवताओं के समकक्ष था। ॠगवेद में घोड़े के सम्मान में अनेक कशीदे कढ़े गये, ॠचाएं लिखी गई थीं। इन्द्र, सूर्य, अग्नि को अश्व कहा गया था, एवं सूर्य पुत्र दोनों अश्विनी कुमार सूर्य पत्नी संज्ञा से उस समय उत्पन्न हुए जब वे अश्व रूप में वनविहार कर रही थीं। कथानक कुछ इस प्रकार है कि सूर्य की आंच को संज्ञा झेलने में असमर्थ थीं एवं यम और यमी की उत्पत्ति के उपरांत उन्होंने अपनी प्रतिकृति छाया को अपने पति के घर स्थापित किया और अपने पिता के घर विश्वकर्मा के पास लौट आईं। फिर विश्वकर्मा ने समझा-बूझा कर संध्या को पति के घर वापस भेजा पर शनि (छाया पुत्र) के साथ हुए बहस के बाद संज्ञा घोड़ी बन कर वन में तपोविहार करने लगीं। अश्व का रूप बना कर सूर्य संज्ञा के पास गये और दोनों के संयोग से दो अश्विनी कुमार उत्पन्न हुए। अश्व रूपी माता से उत्पन्न होने के कारण उन्हें अश्विनी कुमार कहा गया एवं सूर्य पुत्रों ने अपने गुरु दधीचि मुनि के सर पर अश्व का मुंह लगा कर ब्रह्म विद्याा अर्जित किया। महर्षि दधीचि को ब्रह्म विद्या का ज्ञान था। ब्रह्मविद्या जीवन का मधु है इसलिए उसे मधु विद्या भी कहा गया है। अश्विनी कुमारों को जब पता चला कि महर्षि दधीचि को ब्रह्मविद्या का उत्तम ज्ञान है, उन दोनों भाइयों ने उनसे ब्रह्मविद्या का उपदेश देने के लिए प्रार्थना किया। दधीचि मुनि ने कहा– 'इस समय मैं एक कार्य में लगा हुआ हूँ, इसलिये फिर किसी समय आना।' इस पर अश्विनी कुमार चले गये। उनके जाते ही इन्द्र ने आकर कहा, 'मुने! अश्विनी कुमार वैद्य हैं, उन्हें तुम ब्रह्मविद्या का उपदेश मत करना। यदि तुम मेरी बात न मानकर उन्हें उपदेश करोगे तो मैं तुम्हारा सिर काट डालूँगा।' जब ऐसा कहकर इन्द्र चले गये, तब अश्विनीकुमारों ने आकर फिर वही प्रार्थना की। मुनि ने इन्द्र का सब वृत्तान्त सुनाया। इसपर अश्विनी कुमारोंने कहा-'हम पहले ही आपका यह सिर काट कर घोड़े का सिर जोड़ देंगे, उससे आप हमें उपदेश करें और जब इन्द्र आपका घोड़े का सिर काट देंगे तब हम फिर असली सिर जोड़ देंगे।' मुनि ने मिथ्या-भाषणके भय से उनका कथन स्वीकार कर लिया। इस प्रकार अश्वमुख से उपदेश की जानेके कारण ब्रह्म विद्याका नाम 'अश्वशिरा' पड़ा। यथा पिंडे तथा ब्रह्मांडे के सिद्धांत के अनुसार यदि ब्रह्म विद्या का ज्ञान अश्व के सिर से मिल सकता है तो फिर अश्व में भी ब्रह्मांड का रूप देखा जा सकता है, मानना मुश्किल लग रहा हो तो जान लें बृहदारण्यक उपनिषद में सृष्टि का अश्व रूप में वर्णन आया है। सृष्टि ही मानों विराट अश्व है। इस विराट अश्व का सिर उषा हैं, इसकी आंखें सूर्य, इसका प्राण, वायु, इसका खुला हुआ मुंह अग्नि (वैश्वानर) एवं इस अश्व का आत्मा संवत्सर (समय) है। अश्व के चार नाम हैं झ हय, वाजी, अर्वा, अश्व। इन नामों के अनुसार उपनिषतकार ने जगत से साम्य ढूंढ लिया यह सृष्टि हय है अर्थात हेय है, त्याज्य है। देवगण इस सृष्टि रूपी घोड़े पर उसे हेय समझ कर बैठते हैं अर्थात इसे त्यागना हैं। विलासी लोग जानते हैं कि यह जगत वाजी है अर्थात यह जगत अन्न देती है। गन्धर्व गण सोचते हैं कि सृष्टि का उपभोग करना है। असुर गण सृष्टि को अर्वा जान कर इस पर बैठते है। अर्वा अर्थात वध का स्थान, हिंसा से यहा काम मिलता है। मनुष्यगण साधारण लोग संसार को अश्व समझकर उस पर बैठते हैं। अश्व अथार्त् भोजन मिलने का स्थान पर अर्थात पेट भर जाय जीवन यात्रा का निर्वाह हो जाय बस इतने से संतुष्ट हो जाते हैं। अर्थात जैसी आपकी प्रवृत्ति है, उस अनुरूप आपके लिए जगत है। परंतु एक सच हर व्यक्ति के लिए है जो इस संसार में है, जीवन पर मृत्यु हमेशा बलवती रहा है। सृष्टि मृत्यु से भयभीत है, शायद यही कारण है कि मृत्यु रूप में ब्रह्म की कल्पना की गई है। स्थायी मृत्यु की क्षणिक झलक भूख में दीखती है। देखा जाए तो देवताओं के अतिरिक्त हर कोई सृष्टि को भूख निवारण का माध्यम मानता आया था, चाहे वह विलासी गंधर्व हो, राक्षसी असुर या साधारण मनुष्य।

■ नंदकिशोर श्रीमाली

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### समाज को बांटने के अलावा भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं : कुशवाहा



**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि देश और समाज को बांटने के अलावा भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है और हमें भाजपा मुक्त बिहार और देश को बनाना है। कुशवाहा कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव के चुनाव प्रचार के दौरान लदौरा पंचायत में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के एजेंडा से आज देश के संविधान के धर्मनिरपेक्षता को खतरा है। उन्होंने कहा पीएम सत्ता में आने से पूर्व कहे थे वे देश के चौकीदार हैं और देश को बिकने नहीं देंगे मगर आज सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में बेचा जा रहा है। देश में गरीबी मिटाने के नाम पर गरीबों को मिटाया जा रहा है। महिला अत्याचार को बढ़ावा दिया जा रहा है और यहां गरीब महंगाई से त्रस्त हैं और पूंजीपति लोग मस्त हैं ।इस चुनाव में होगी और 2024 के लोकसभा और 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए भी संदेश जाएगा। मौके पर पूर्व विधान पार्षद एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ रणवीर नंदन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी समाज को एकत्रित कर उस समाज को आगे किया जो सदियों से वंचित थे। उन्होंने कहा कि कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र के बुद्धिजीवी मतदाता महागठबंधन के पक्ष में एकजुट हैं और वे अपना एक-एक वोट जदयू प्रत्याशी के पक्ष में डालेंगे। डॉक्टर नंदन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में सड़क, बिजली, अस्पताल, स्कूल और कृषि के क्षेत्र में कार्य कर सभी समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है और इसका फायदा समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। डॉक्टर नंदन ने मतदाताओं से अपील किया कि वे चुनाव के दिन पहले मतदान करें और फिर जलपान करें। इसके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश प्रवक्ता डॉ रणबीर नंदन सहित सभी नेताओं ने सकरी पंचायत, केरमा, नंदलालपुर सहित कई जगहों पर जनसंपर्क किया। इस मौके पर पूर्व सांसद रामकुमार मेहता, जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, योगेंद्र पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### छह स्वर्ण पदक जीतने पर मुख्यमंत्री नीतीश ने कृति राजसिंह को दी बधाई


**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सब जूनियर कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप की वेट लिफ्टिंग स्पर्धा में 6 स्वर्ण पदक जीतने वाली बिहार की खिलाड़ी कृति राजसिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कृति राजसिंह को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि वेट लिफ्टिंग के प्रति उनके जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। उनकी इस जीत से पूरा प्रदेश गौरवान्वित है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुंचें और राज्य एवं देश का नाम रोशन करती रहें, ऐसी मेरी कामना है।

### जानकी रथ से 21 लीटर विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**किशनगंज (एजेंसी)।** सीमावर्ती क्षेत्र बंगाल के रास्ते ठाकुरगंज की ओर से आ रही एक बस जानकी रथ को रोककर एलआरपी चौक के समीप बहादुरगंज पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। जहाँ तलाशी के क्रम मे बस के बैटरी कवर एवं स्लीपर के नीचे छिपाकर ले जा रहे लगभग 21 लीटर विदेशी शराब की खेप जब्त करते हुए मौके से दो आरोपी को गिरफ्तार करने मे पुलिस को सफलता मिली। गुरुवार को जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष बहादुरगंज चितरंजन प्रसाद यादव ने बताया की गुप्त सुचना के आधार पर उक्त कार्रवाई की गई है। वहीँ गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है पूछताछ के उपरांत दोनों आरोपियों के विरुद्ध मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर योगी ने मोदी को दी बधाई

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने गुरुवार को भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने के लिए प्रधानमंत्री को बधाई दी। श्री योगी ने ट्वीट किया, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' के उदार एवं उदात्त भाव को चरितार्थ करते हुए वैश्विक पटल पर नित्य नये प्रतिमान रच रहा है। जी-20 की अध्यक्षता इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष पर इस उपलब्धि के लिए आपका अभिनंदन। मुख्यमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को इस उपलब्धि के लिए बधाई। जी-20 शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। जी-20 समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जी-20 सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 85 फीसदी, वैश्विक व्यापार में 75 फीसदी से अधिक और विश्व जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# सभी प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कार्य जल्द पूरा करें : नीतीश कुमार

## राज्य में फिल्म निमार्ताओं के लिए प्रक्रिया को और सरल बनाएं

**पटना (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष गुरुवार को यहां कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के कार्यों एवं बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति का प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस मौके पर सीएम नीतीश ने कहा कि सभी प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। बचे हुए स्टेडियमों का निर्माण जल्द पूर्ण कराएं। सीएम ने कहा कि राज्य में खेलों के विकास के लिए कई कदम उठाए गए हैं। खिलाड़ियों को तत्काल सम्मान एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकारी सेवाओं में उनकी नियुक्ति की जा रही है। खिलाड़ियों को बेहतर खानपान के साथ-साथ प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्हें हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराते रहें। स्टेडियमों की



साफ-सफाई और मेंटेनेंस की बेहतर व्यवस्था रखें। वहां खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेलों का आयोजन कराते रहें। सीएम ने कहा कि स्कूलों में बच्चे - बच्चियों की पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद की भी बेहतर व्यवस्था रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में फिल्म निर्माण के प्रोत्साहन के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। राजगीर में फिल्म सिटी का निर्माण कराया जा रहा है। नवादा में शेखोदेवरा को विकसित किया गया है। फिल्म साइट के लिए पहाड़ों एवं अन्य प्राकृतिक जगह विकसित किए गए हैं। यहां कई दर्शनीय स्थल भी हैं। यहां फिल्म निमार्ताओं के लिए प्रक्रिया को और सरल बनाएं तथा बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएं ताकि फिल्म निर्माण करने में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो । राज्य में फिल्म निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोक कलाकारों को भी मौका मिलेगा साथ ही रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

इससे पहले बैठक में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के उद्देश्यों, अब तक किए गए कार्यों, प्रतिभा पहचान प्रशिक्षण कार्यक्रम, खिलाड़ियों को तत्काल सम्मान एवं नकद पुरस्कार आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बिहार खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। बेटों के साथ-साथ यहां की बेटियां राष्ट्रीय स्तर के खेलों में और अच्छा प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीत रही हैं और राज्य सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं सहयोग की सभी जगह सराहना कर रही हैं। बिहार स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर के बिहार के कई पूर्व खिलाड़ी यहां आकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित और प्रेरित करना चाह रहे हैं ।कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इसकी पृष्ठभूमि, प्रारूप, प्रभाव एवं आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी।

ईडी का खुलासा

## रजिस्ट्रेशन के लिए कई निजी कॉलेजों ने पार्थ को दिये थे करोड़ों रुपये



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक और चौंकाने वाला खुलासा किया है। ईडी का कहना है कि राज्य के कई निजी कॉलेजों ने रजिस्ट्रेशन के लिए पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को बड़ी धनराशि घूस के तौर पर दी थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, कुछ ऐसे निजी लॉ और फामेर्सी कॉलेजों के प्रमुखों को तलब करने की प्रक्रिया चल रही हैं, जिन्होंने कथित तौर पर अपने-अपने संस्थानों की मान्यता के लिए पैसे दिए थे। आरोप है कि पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी और पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीपीई) के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य इस पूरे गिरोह के सरगना थे। प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार, ऐसे प्रत्येक संस्थान ने राज्य सरकार की मान्यता प्राप्त करने के लिए कुछ बिचौलियों के माध्यम से कमीशन के रूप में औसतन 12 लाख रुपये का भुगतान किया। एक अधिकारी ने कहा, हमने पहले ही ऐसे बिचौलियों की पहचान कर ली है और उनसे पूछताछ शुरू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हम जल्द ही इन संस्थानों के प्रतिनिधियों को बुलाना शुरू कर देंगे। हम ऐसे निजी कानून और फामेर्सी कॉलेजों की सही संख्या की पहचान करने की भी कोशिश कर रहे हैं, जिन्होंने इतनी बड़ी राशि का भुगतान किया है। जांच के दौरान, ईडी ने पहले ही पता लगा लिया था और कोर्ट को सूचित किया था कि कैसे पार्थ चटर्जी और माणिक भट्टाचार्य निजी बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड) और डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन द्वारा किए गए इस तरह के अनधिकृत भुगतान के लाभार्थी थे। उन्होंने कहा कि अक्सर कुछ वर्ग सवाल करते हैं कि जांच एजेंसी जांच प्रक्रिया पूरी करने में इतना समय क्यों ले रही है। राज्य में यह पूरी शिक्षा घोटाले की प्रक्रिया वित्तीय जालसाजी की एक भूलभुलैया रही है।

### नवनिर्मित फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे राजनाथ सिंह

**लखनऊ (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ पहुंचेंगे। रक्षा मंत्री 02 दिसंबर सायं 05.35 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां से वह बंग्ला बाजार के लिए प्रस्थान करेंगे और बंग्ला बाजार- बिजनौर मार्ग पर रेलवे लाइन के ऊपर नवनिर्मित फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेश सरकार लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, महानगर अध्यक्ष सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, क्षेत्रीय विधायक राजेश्वर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। लखनऊ के महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत रक्षा मंत्री आवास, 5 ए कालिदास मार्ग जाएंगे। राजनाथ सिंह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हीरो बाजपेई के गोमतीनगर स्थित घर भी जायेंगे। हीरो बाजपेई की माता का निधन के बाद कल शान्तिपाठ भी है। राजनाथ सिंह हीरो बाजपेई के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने जायेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार प्रातः 8.30 बजे आवास से लखनऊ एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और 9.00 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना हो जाएंगे।

## नीतीश कुमार जिद्दी नेता, शराबबंदी उनकी जिद का परिणाम : जीतन राम मांझी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए उन्हें जिद्दी करार दिया है। उन्होंने कहा कि वे (नीतीश कुमार) जो करने की ठान लेते हैं, उसे पूरा करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते। मांझी ने तल्ख तेवर में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इससे कोई मतलब नहीं है कि इसका परिणाम क्या होगा। इसी प्रक्रिया में पूरी समस्या झूल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने शराबबंदी को



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जिद का परिणाम बताया। बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान मांझी ने कहा कि बिहार में शराबबंदी को लेकर सरकार ने इसमें ताड़ी को शामिल कर सबसे बड़ी गलती की है। ताड़ी शराब नहीं है, यह प्राकृतिक जूस है। जिससे कई परिवारों का गुजारा होता है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिये ताड़ी को शराब की कैटेगरी से अलग करे, जिससे पिछड़े और गरीब वर्ग के लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की राय चाहे जो भी हो, लेकिन मेरी राय इन सबसे अलग है। मांझी ने कहा कि कई गरीब ऐसे हैं जो ताड़ी बेचकर ही अपना घर चलाते हैं, उनका रोजगार छीन जाएगा। ताड़ी से लॉ एंड आर्डर खराब नहीं होता है। ताड़ी बंद करना उचित नहीं है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री से जब कुढ़नी उपचुनाव को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि महागठबंधन की जीत तय है। लेकिन एक औपचारिकता के तहत हम वहां चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज तेजस्वी यादव और ललन सिंह भी कुढ़नी गये हैं। उन्होंने मुझसे भी वहां चलने के लिए कहा, जिसके बाद मैंने भी चुनाव प्रचार की तैयारी की है। मांझी ने कहा कि भाजपा के बड़े बोल का इस चुनाव में कोई फायदा नहीं होने वाला है। बिहार में भाजपा की ओर से निकाय चुनाव को लेकर आचार संहिता के दुरुपयोग पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर उठाए सवाल पर उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू है, लेकिन निकाय चुनाव नहीं होने के बाद यह निश्चित है कि बिहार में आचार संहिता शिथिल है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें आचार संहिता को लेकर यह समझना मुश्किल है कि इसका आधार क्या है।

## डॉक्टर अच्युत सामंत को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से किया सम्मानित

**भागलपुर (एजेंसी)।** कीट यूनिवर्सिटी को खेल के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए देश की राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। इस गौरवपूर्ण पुरस्कार को कीट यूनिवर्सिटी के संस्थापक और वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉक्टर अच्युत सामंत ने राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू से ग्रहण किया। खेल के क्षेत्र में कीट यूनिवर्सिटी के उल्लेखनीय योगदान एवम् राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ओलंपियन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर तैयार करने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफलतपूर्वक आयोजन कर एक मिसाल कायम किया है। बिहार वॉलीबॉल संघ ने एक विज्ञप्ति जारी कर डॉक्टर अच्युत सामंत को शुभकामनाएं एवं बधाई दिया है। बिहार वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष आनंद राजहंस, सचिव रामाशिष प्रसाद सिंह, इवेंट सचिव अजय राय, उपाध्यक्ष अखिल राय,



निखिल कुमार, एन के कापड़ी, समेत संघ के तमाम पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवम् प्रशिक्षकों ने बधाई देते हुए कहा कि कीट यूनिवर्सिटी और डॉक्टर अच्युत सामंत ने देश में खेल को प्रोत्साहित एवं बढ़ाने में महती भूमिका निभाई है। बिहार वॉलीबॉल संघ के कोचिंग सचिव नील कमल राय जो की आर्ट ऑफ गिविंग के बिहार संयोजक हैं उन्होंने यह जानकारी देते हुए बताया कि डॉक्टर अच्युत सामंत ने शिक्षा के साथ खेल को बढ़ावा देने का एक बहुत सफल प्रयोग किया। जिसका परिणाम है कि आज सिर्फ कीट यूनिवर्सिटी के 5000 से ज्यादा खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी है और 2 दर्जन से अधिक खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ आदि खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया है। डॉ सामंत ने देश के विभिन्न हिस्सों में खास कर बिहार में खेल को प्रोत्साहित और बढ़ावा देने का भी प्रयास अपने स्तर से किया है। आज वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया और बिहार वॉलीबॉल संघ उनको मिले इस सम्मान से गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## वाराणसी: नगर निगम ने शहर में चलाया महा स्वच्छता अभियान

**वाराणसी (एजेंसी)।** नगर निगम प्रशासन ने शहर में गुरुवार से 75 घंटे का महा स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया है। अभियान में तीन दिसम्बर तक शहर की सड़कें और गलियां स्वच्छ दिखेंगी। वहीं कूड़े के ढ़ेर को हटा दिया जायेगा। शहर को कूड़ा मुक्त (गार्बेज फ्री) बनाने के लिए निगम प्रशासन सभी उपाय कर रहा है। इस महा अभियान के दौरान सड़क पर कूड़ा फेंकने वालों पर जुर्माना भी लगाया जायेगा। शहर में लगे कैमरों के माध्यम से कूड़ा फेंकने वालों की निगरानी भी शुरू हो गई है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत कूड़ा मुक्त वाले जगहों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। इस अभियान में स्कूली बच्चों की भी मदद ली जायेगी। नगर आयुक्त प्रणय सिंह के अनुसार सड़क पर मेडिकल वेस्ट फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गंदगी से जुड़ी कोई भी शिकायत नगर निगम के टोल फ्री नंबर 1533 पर नागरिक कर सकते है। एक माह तक चलने वाले काशी तमिल संगमम में तमिलनाडु से आने वाले अतिथियों के सामने शहर की अच्छी छवि बनाने की कवायद में नगर निगम प्रशासन जुट गया है। अभियान में कूड़ा फेंकने वालों को चिंहित कर पहले उन्हें नोटिस दिया जायेगा। इसके बाद रुपए 500 से लेकर एक लाख तक का जुर्माना लगाया जायेगा। नगर स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार 75 घंटे तक लगातार स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में कूड़ा एकत्र होने वाले स्थानों को पूरी तरह से खत्म करते हुए इनका कायाकल्प स्वच्छ स्थान के रूप में करने का लक्ष्य रखा गया है। शहर में दिन-प्रतिदिन पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में कूड़े के ढेर से पर्यटकों के बीच काशी की अच्छी छवि नही बन पाती। इसे देखते हुए अब ऐसे कूड़े के ढेर को हटाने का महा अभियान चलाकर बनारस के विकास मॉडल को आदर्श बनाना है। इस अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा।

विश्व एड्स दिवस पर तेजस्वी का युवाओं से आह्वान

## इस बीमारी से शर्मसार होने की जरूरत नहीं, बिना डर के कराएं जांच

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि एड्स बीमारी से शर्मसार होने या डरने की जरूरत नही है तथा एड्स पीड़ितों से घृणा नहीं करनी चाहिए। विश्व एड्स दिवस पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री यादव ने युवाओं का आह्वान किया कि उन्हें बिना किसी शर्म और भय के इसकी जांच करानी चाहिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि एड्स के मरीजों से घृणा नहीं करनी चाहिए और युवा पीढ़ी, खासकर गर्भवती महिलाओं के लिए आवश्यक है कि वे बिना




किसी भय एवं शर्म के एचआईवी जांच कराएं। एक पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व क्रिकेटर तेजस्वी यादव (33) पैदल ही आए ताकि युवाओं से घुल-मिल सकें। उन्होंने इस मौके पर ट्रैकसूट पहन रखा था। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता ने ट्विटर पर इस समारोह की तस्वीरें भी पोस्ट कीं। उन्होंने ट्वीट किया, विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता मार्च कार्यक्रम में शिरकत की। विश्व एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य एचआईवी व एड्स के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना व जागरूक करना एवं एड्स मरीजों का सामाजिक बहिष्कार करने के बजाए उनके साथ अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रेरित करना है।"

### बोधगया में 17वां अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक सुत्त पाठ आज से

**गया (एजेंसी)।** भगवान बुद्ध की पावन ज्ञान भूमि बोधगया स्थित विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में 17वां अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक सुत्तपाठ आज से आरंभ होगा। बोधगया के कालचक्र मैदान में सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। कालचक्र मैदान में भव्य पंडाल बनाया गया है। इस कार्यक्रम में विश्व के नौ देशों के लगभग चार हजार बौद्ध धर्मगुरु एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। कालचक्र मैदान में आकर्षक मंच तैयार किया गया है। इस सुत्तपाठ में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शामिल होंगे। इसके अलावा बिहार के राज्यपाल के भी कार्यक्रम में शामिल होने की सूचना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दो दिसंबर को अहले सुबह आठ बजे से शोभायात्रा के साथ होगा।

# मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव की तैयारी में झोंकी जा रही है पूरी ताकत

**मैनपुरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी से लोकसभा सीट के सांसद धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद अब इस सीट पर उपचुनाव की तैयारी जोरों से चल रही है। मैनपुरी में पांच दिसंबर को उपचुनाव होना है। उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस ने इस बार अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारा है। समाजवादी पार्टी से नेताजी की पुत्रवधू डिम्पल यादव प्रत्याशी है और उनके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने श्री यादव के शिष्य रघुराज सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। मैनपुरी मुलायम सिंह यादव की कर्मस्थली रही है और 1989 के बाद से इस सीट को समाजवादी पार्टी का मजबूत गढ़ माना जाता है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर के बावजूद मैनपुरी लोकसभा सीट पर भाजपा अपना केसरिया परचम फहराने में नाकाम रही। मैनपुरी लोकसभा सीट अब तक सपा का अभेद दुर्ग माना जाता है। भाजपा मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में जीत हासिल कर समाजवादी पार्टी के ताबूत की अंतिम कील को उखाड़ने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। मैनपुरी लोकसभा सीट के जातीय समीकरण की बात करें तो यह सीट समाजवादी पार्टी का अभेद दुर्ग मानी जाती है। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में इटावा जिले की जसवन्तनगर विधानसभा का क्षेत्र भी शामिल है। जसवन्तनगर यादव बाहुल्य है और इटावा का जसवन्तनगर और मैनपुरी की करहल विधानसभा क्षेत्र समाजवादी पार्टी की जीत का प्रमुख आधार हमेशा से रहा है। भाजपा मैनपुरी लोकसभा सीट अब तक नहीं जीत सकी है, इसका मुख्य कारण इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में सपा के परंपरागत वोट माने जाने वाले यादवों का प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि किशनी और मैनपुरी विधानसभा क्षेत्रों में भी यादव मतदाता अन्य जातियों की अपेक्षा अधिक है और मैनपुरी लोकसभा सीट का सिर्फ भोगांव विधानसभा क्षेत्र ही यादव मतदाताओं की संख्या में अपेक्षाकृत कम है। भोगांव में ब्राह्मण मतदाताओं की निर्णायक संख्या को देखते हुए समाजवादी पार्टी के बड़े-बड़े ब्राह्मण चेहरे यहां डेरा डाले हुए हैं । समाजवादी पार्टी में मंत्री रहे पवन पांडेय, विनय तिवारी, लोहियावाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, महिला नेत्री पूजा शुक्ला सहित 100 से अधिक ब्राह्मण नेता मैनपुरी के ब्राह्मण मतदाताओं को समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए ब्राह्मणों के घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं। मैनपुरी लोकसभा सीट में ब्राह्मण मत हमेशा आमने-सामने के मुकाबले में निर्णायक रहे हैं। वैश्य मत भी दोनों पार्टियों को जा सकता है। मैनपुरी में शाक्य मतदाता यादवों के बाद दूसरे नम्बर पर हैं और भाजपा ने शाक्य प्रत्याशी इसी आशा के साथ उतारा है कि शाक्य का वोट भाजपा को गया तो भाजपा शाक्य और अपने परम्परागत मतों के सहारे सपा की विरासत को ढहा देगी। नेताजी के निधन के बाद मैनपुरी के युवाओं में समाजवादी पार्टी के प्रति सहानुभूति की लहर भी है। लोहियावाहिनी के रावल सिंह यादव के साथ युवाओं की चल रही टीम के जोश को देखकर लोगों को नेताजी के संघर्ष के दिनों की याद ताजा होने लगी है। मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में 05 दिसंबर को मतदान होना है। समाजवादी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है कि पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव नेताजी की तर्ज पर गाँव-गाँव, घर-घर जाकर लोगों को अपनेपन का एहसास करा रहे हैं और नेताजी के मैनपुरी के लोगों से जुड़ाव की दुहाई देकर डिम्पल यादव को भारी मतों से जिताने का आशीर्वाद माँग रहे हैं। इस चुनाव में सपा अध्यक्ष का यह बदला रूप लोगों को काफी पसंद आ रहा है और लोग उनको भरोसा दिला रहे हैं कि मैनपुरी समाजवादी का अभेद दुर्ग रहा है और आगे भी रहेगा।

मैनपुरी में भाजपा ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है 40 स्टार प्रचारक मैंनपुरी में डेरा डाले हुए हैं। प्रदेश सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मैनपुरी में सभाएं हो चुकी हैं। भाजपा लोगों के बीच परिवारवाद को लेकर जनता के बीच जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करहल में कहा कि सैफई परिवार ने मैनपुरी के लोगों का हक छीना है।

चुनाव आयोग में समाजवादी पार्टी की तरफ से मैनपुरी और इटावा के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को हटाने की मांग का ज्ञापन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल ने दिया है। ज्ञापन में कई अन्य अधिकारियों को भी हटाने की माँग की गई है जिन्होंने प्रधानों और कोटेदारों को बीजेपी के पक्ष में कार्य करने का दबाब बनाया है। फिलहाल मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव काफी रोचक स्थिति में है। ठंड के मौसम में भी राजनीति का तापमान काफी चढ़ गया है। पुलिस, पी.ए. सी के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के जवान मैनपुरी में लगातार गश्त कर लोगों को भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव होने का एहसास करा रहे हैं, लेकिन राजनैतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर सुरक्षा बलों की निष्पक्ष तैनाती को लेकर भी हो रहा है।

## फरार सपा विधायक इरफान की अग्रिम जमानत पर पांच दिसम्बर को होगी सुनवाई

**कानपुर (एजेंसी)।** फरार सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी की अग्रिम

■ बचाव पक्ष के वकील ने कुछ तथ्य पेश करने के लिए मांगा समय

जमानत के लिए गुरुवार को जिला जज की कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के वकील ने कुछ तथ्य पेश करने के लिए कोर्ट से समय मांगा और कोर्ट ने अगली तारीख पांच दिसम्बर कर दी है। वहीं सरकारी वकील ने आरोप लगाया कि विधायक के वकील ने रिजवान सोलंकी को चार बार का विधायक बताकर दस्तावेज लगाया है, जबकि वह कभी विधायक नहीं रहा। प्लॉट कब्जाने, आगजनी और धमकाने सहित कई गंभीर धाराओं में सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से दोनों फरार चल रहे



हैं और विधायक के वकील नरेश चन्द्र त्रिपाठी ने अग्रिम जमानत याचिका जिला जज की कोर्ट में डाल रखी है। इसकी पहली सुनवाई 25 नवम्बर को हुई तो पुलिस कोर्ट में केस डायरी नहीं पेश कर पाई। इससे अगली तारीख एक दिसम्बर कर दी गई और जब आज कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई तो बचाव पक्ष के वकील नरेश चन्द्र त्रिपाठी ने कुछ तथ्य और पेश करने के लिए कोर्ट से समय मांगा। वहीं सरकारी वकील का आरोप है कि बचाव पक्ष के वकील ने विधायक के भाई रिजवान के नाम जो शपथ पत्र दिया है उसमें उसको चार बार का विधायक दिखाया गया है, जबकि वह कभी विधायक नहीं रहा।

## न्यूज गैलरी

### इंग्लैंड के सामने पाकिस्तान पस्त 112 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** 17 साल बाद पाकिस्तान में टेस्ट खेलने पहुंचे इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में ही अपने आक्रामक इरादे साफ कर दिए। रावलपिंडी टेस्ट के पहले दिन टीम ने 75 ओवर में 4 विकेट पर 506 रन बना डाले। टेस्ट क्रिकेट के 145 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब पहले ही दिन किसी टीम ने 500 रन बनाए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 1910 में टेस्ट के पहले दिन 494 रन बनाए थे। इस तरह इंग्लैंड ने पहले दिन सबसे ज्यादा रन बनाने का 112 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने इस दौरान एक ओवर में 6 चौके जड़े। वह टेस्ट में ऐसा करनेवाले पांचवें बल्लेबाज बने। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने दिन का खेल खत्म होते-होते 15 बॉल पर ताबड़तोड़ 34 रन बनाए। उन्होंने दिन के आखिरी ओवर में 18 रन जड़े। उनके साथ हैरी ब्रूक 101 रन पर नाबाद हैं। शुक्रवार सुबह 10 बजे से दूसरे दिन का खेल शुरू होगा।

### स्टीव स्मिथ ने ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी की

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्टीव स्मिथ ने हमवतन सर डॉन ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट सीरीज के पहले मैच में उन्होंने अपने टेस्ट करियर का 29वां शतक लगाया। इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में ब्रैडमैन के 29 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की। स्मिथ के 87 टेस्ट की 154 पारियों में 60 की औसत से 8161 रन हैं। उन्होंने 36 हाफ सेंचुरी भी लगाई हैं। 239 रन उनका बेस्ट स्कोर है। स्मिथ वनडे में भी 12 शतक जड़ चुके हैं। स्मिथ ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 311 गेंदों में नाबाद 200 रन बनाए। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने फर्स्ट इनिंग में 4 विकेट पर 598 रन पर पारी घोषित कर दी। स्मिथ ने मार्नस लाबुशेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 251 रनों की साझेदारी की। लाबुशेन ने 350 गेंदों पर 204 रन बनाए। वहीं वेस्टइंडीज ने पहली पारी में बिना विकेट खोए 60 से ज्यादा रन बना लिए हैं। स्मिथ के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 41 शतक हो गए हैं। उन्होंने रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है। वर्तमान में क्रिकेट खेल रहे खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा शतक विराट कोहली के हैं। उनके इंटरनेशनल क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट यानी टेस्ट, वनडे और टी-20 में ओवर ऑल 71 शतक हैं। इसमें वनडे में 43, टेस्ट में 27 और टी-20 में एक शतक शामिल है।

### भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले बांग्लादेश को झटका

**ढाका (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले से पहले बांग्लादेश टीम को झटका लगा है। भारत और बांग्लादेश के बीच चार दिसम्बर को मीरपुर में पहला वनडे मैच खेला जाना है। उससे पहले बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद बैक प्रॉब्लम के कारण मुकाबले से बाहर हो चुके हैं। हालांकि वह सीरीज के अन्य दो मुकाबले के लिए टीम में बने रहेंगे या नहीं इस पर भी फैसला नहीं लिया गया है। टीम प्रबंधन उनकी इंजरी पर नजर रखी हुई है। फिलहाल शोरिफुल इस्लाम को वनडे टीम में उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर बुलाया गया है। बांग्लादेश के सेलेक्शन कमेटी के चीफ मिनहाजुल ने एक क्रिकेट की वेबसाइट को पहले वनडे मुकाबले से तस्कीन अहमद के बाहर होने की पुष्टि की है। एक वेबसाइट के मुताबिक अनुभवी बल्लेबाज तमीम इकबाल भी 30 नवंबर को मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए। उन्हें कमर में चोट लगी है। उनकी सिटी स्कैन रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। उनकी मेडिकल टीम चोट पर नजर बनाए हुए है। मेडिकल टीम की रिपोर्ट के बाद ही भारत के खिलाफ पहले वनडे मैच में उनके खेलने को लेकर फैसला किया जाएगा।

## वनडे रैंकिंग में विराट-रोहित को नुकसान, श्रेयस, संजू और शुभमन ने लगायी छलांग

**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारत को 1-0 से हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के कुछ देर बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने ताजा रैंकिंग जारी की है। वनडे की रैंकिंग की बात की जाए तो बल्लेबाजों में पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को नुकसान हुआ है। वहीं, न्यूजीलैंड दौरे में बेहतरीन फॉर्म में दिखे श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन और शुभमन गिल को फायदा हुआ है। विराट एक स्थान नीचे खिसककर आठवें पायदान पर आ गए हैं। वहीं, रोहित भी एक स्थान के नुकसान के साथ नौवें पायदान पर आ गए हैं। सीरीज में अर्धशतक जड़ने से अय्यर छह पायदान और गिल तीन पायदान की छलांग से 27वें और 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। संजू सैमसन को वनडे सीरीज में केवल एक अवसर मिला। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच में उन्होंने जो 36 रन बनाए, उससे उन्हें 10 स्थान की छलांग लगाकर 82वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। शिखर धवन को शुरूआती वनडे में अर्धशतक जड़ने के बावजूद हालांकि दो पायदान का नुकसान हुआ।

बल्लेबाजों में सबसे बड़ी छलांग न्यूजीलैंड के टॉम लाथम ने लगाई है। उन्होंने भारत के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे मैच में 104 गेंदों में नाबाद 145 रन बनाए थे। इस पारी के चलते उन्होंने 10 स्थान की छलांग लगाई है और बल्लेबाजों की रैंकिंग में 18वें स्थान पर आ गए हैं। इसी मैच में केन विलियम्सन ने 98 गेंद में नाबाद 94 रन बनाए थे और एक स्थान के फायदे के साथ वह 10वें स्थान पर आ गए हैं। वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम टॉप पर काबिज हैं। पाकिस्तान के ही इमाम उल हक दूसरे नंबर पर मौजूद हैं।



### आईपीएल 2023

## 23 दिसम्बर से शुरू होगा मेगा ऑक्शन कोच्चि में खिलाड़ियों की लगेगी बोली




**कोच्चि (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 की नीलामी की तैयारियां शुरू हो गयी है। ऐसे में 23 दिसम्बर को कोच्चि में खिलाड़ियों का मेला लगेगा। जहां एक बार फिर से आईपीएल ऑक्शन में खिलाड़ियों की बोली लगायी जाएगी। खिलाड़ियों की इस लिस्ट में केन विलियमसन, जो रूट, सैम कुर्रन, बेन स्टोक्स जैसे प्लेयर्स के नाम शामिल है। बता दें कि आईपीएल के आगामी ऑक्शन से पहले सभी फ्रेंचाइजियों ने कुल 85 खिलाड़ियों को रिलीज किया है।

कयास लगाएं जा रहे है कि इस बार कई स्टार खिलाड़ियों पर टीमें बड़ी बोली लगा सकती है। हालांकि, इससे पहले सभी फ्रेंचाइजियों ने बीसीसीआई से आईपीएल ऑक्शन की तारीख बढ़ाने की मांग की थी। जिसे लेकर बीसीसीआई ने इंकार कर दिया था। 2023 के लिए मिनी ऑक्शन में इस बार सैम करन से लेकर बेन स्टोक्स, केन विलियमसन, एलेक्स हेल्स, आदिल राशिद, कैमरून ग्रीन और तमाम बड़े खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जाहिर है कि मिनी ऑक्शन से पहले सभी फ्रेंचाइज़ियों द्वारा कुल 163 खिलाड़ी रिटेन किए गए हैं। तो वही कुल 85 खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया गया है।

### किस टीम के पास कितना है बजट?

- सनराइजर्स हैदराबाद : 42.25 करोड़ रुपये।
- पंजाब किंग्स : 32.2 करोड़ रुपये।
- लखनऊ सुपर जायंट्स : 23.35 करोड़ रुपये।
- मुंबई इंडियंस : 20.55 करोड़ रुपये।
- चेन्नई सुपर किंग्स : 20.45 करोड़ रुपये।
- दिल्ली कैपिटल्स : 19.45 करोड़ रुपये।
- गुजरात टायंट्स : 19.25 करोड़ रुपये।
- राजस्थान रॉयल्स : 13.2 करोड़ रुपये।
- रॉयल चैलेंजर्स बैंग्लोर : 8.75 करोड़ रुपये।

## केएल राहुल छिपा रहे थे शादी की तारीख बीसीसीआई अधिकारी ने खोल दिया राज

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल लंबे समय से फिल्म अभिनेत्री अथिया शेट्टी से रिलेशनशिप में हैं। ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड

- केएल राहुल और अथिया के पैरेंट्स ने भी दोनों की शादी को लेकर की है मुलाकात

के दौरान दोनों को साथ देखा गया था, जिसके बाद उनकी शादी की चर्चाएं शुरू हो गईं। वहीं, अथिया के पिता सुनील शेट्टी ने भी दोनों की शादी को लेकर बयान दिया था। बताया जा रहा है कि राहुल और अथिया के पैरेंट्स ने भी दोनों की शादी को लेकर मुलाकात की है। अब खबर आ रही है कि केएल राहुल नए साल की शुरूआत में



अथिया शेट्टी के संग शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। केएल राहुल ने बाकायदा इसके लिए बीसीसीआई से छुट्टी भी मांगी है और उनकी छुट्टी को अप्रूवल भी मिल चुका है। केएल राहुल फिलहाल बांग्लादेश के दौरे की तैयारियों में जुटे हैं। 4 दिसंबर से टीम इंडिया का बांग्लादेश दौरा शुरू हो रहा है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले भारतीय टीम तीन वनडे की सीरीज खेलेगी और इसके बाद दो टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी। टेस्ट सीरीज 26 दिसंबर को खत्म हो जाएगी। इसके बाद टीम इंडिया को श्रीलंका के खिलाफ भारत में टी-20 और वनडे सीरीज खेलनी है, लेकिन केएल राहुल ने बांग्लादेश दौरे के बाद बीसीसीआई से छुट्टी मांगी है। उनकी छुट्टी को अप्रूव्ड कर दिया गया है, ऐसे में राहुल श्रीलंका के खिलाफ ब्रेक पर रहेंगे।

**बीसीसीआई के अधिकारी ने की पुष्टि :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, केएल राहुल और अथिया शेट्टी जनवरी 2023 के पहले हफ्ते में शादी करने जा रहे हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि भी की है। अधिकारी ने बताया कि केएल राहुल ने अपने निजी काम के लिए छुट्टी मांगी है। हालांकि, अधिकारी ने ये भी कहा कि मुझे नहीं पता कि वह शादी करनेवाले हैं या फिर सगाई करनेवाले, लेकिन उनके कुछ पर्सनल कमिटमेंट्स हैं। बस इतना ही बता सकता हूं।

### सुनील शेट्टी ने भी की थी पुष्टि

**बता** दें कि हाल ही में सुनील शेट्टी ने भी वेब सीरीज धारावी बैंक के रिलीज इवेंट के दौरान बेटी अथिया शेट्टी और राहुल की शादी को लेकर पुष्टि की थी। उस दौरान सुनील शेट्टी ने शादी के बारे में पूछे जाने पर कहा था कि अथिया और राहुल जल्द ही शादी करेंगे। इसलिए अब केएल राहुल के सीरीज के दौरान ब्रेक को उनकी शादी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने बतायी यह बड़ी वजह

## वनडे मैचों में क्यों खामोश रहता है सूर्यकुमार यादव का बल्ला?

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ संपन्न हुई वनडे मैचों की सीरीज भारत 0-1 से हार गया। पहले वनडे मैच में भारत ने भले ही 306 रन बनाए लेकिन टी-20 क्रिकेट के नंबर वन बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का बल्ला नहीं चल पाया। वहीं दूसरा मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया। जबकि तीसरे वनडे मैच में सूर्यकुमार यादव ने धीमी शुरूआत के बाद कुछ अच्छे शॉट्स लगाए। वहीं क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि टी-20 की तरह वनडे में यादव उम्मीद के अनुसार बैटिंग नहीं कर पाते। यही वजह है कि उन्हें अभी तक टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिल पाया है।

**वसीम जाफर ने क्या कहा :** टीम इंडिया के पूर्व ओपनर वसीम जाफर ने कहा कि है कि टी-20 क्रिकेट में अक्सर स्लिप



पर फील्डर नहीं तैनात किए जाते जिसकी वजह से कई बार बल्लेबाज कैच आउट होने से बच जाते हैं और उन्हें चौका भी मिल जाता है। वहीं, वनडे और टेस्ट क्रिकेट में कभी एक तो कभी दो-तीन फील्डर स्लिप पर तैनात होते हैं, जहां जरा सी चूक विकेट गंवाने के लिए काफी है। सूर्या पहले वनडे मैच में स्लिप पर ही कैच दे बैठे थे। वहीं तीसरे वनडे में भी वे स्लिप कैच ऑउट होते-होते बचे थे। जाफर ने कहा कि सूर्यकुमार यादव को लंबे फॉर्मेट में भी सफल होना है तो उन्हें अपना गेम और इंप्रूव करना होगा।

### वनडे मैच में सूर्यकुमार यादव

**न्यूजीलैंड** के खिलाफ 3 वनडे मैच की सीरीज में वे 22 की औसत और 115 की स्ट्राइक रेट से केवल 44 रन बनाए। पहले मैच में वे सिर्फ 4 बनाकर आउट हो गए जबकि तीसरे वनडे मैच में भी सूर्या सिर्फ 6 रन बनाकर चलते बने। बर्षा से बाधित दूसरे मैच में जरूर उन्होंने 34 रनों की तेज पारी खेली थी, लेकिन उनका यह प्रदर्शन बताता है कि क्रिकेट के लंबे फॉर्मेट में वे ज्यादा कामयाब नहीं रहे। वहीं टी-20 क्रिकेट की बात करें तो 2022 में वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इतना ही नहीं करियर बेस्ट प्वाइंट के साथ वे नंबर वन टी-20 बैटर बने हुए हैं।

## हार का जश्न मना रहे ईरानी को गोली मारी

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरानी सुरक्षा बलों ने कतर में चल रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप में ईरान की हार सेलिब्रेट कर रहे एक शख्स को गोली मार दी। मारे गए युवक का नाम मेहरान समक बताया जा रहा है। ओस्लो के ईरानी मानवाधिकार ग्रुप ने दावा किया है कि अमेरिका की जीत के बाद 27 साल के समक बंदर अंजाली में अपनी गाड़ी का हॉर्न बजाकर सेलिब्रेट कर रहे थे, तभी सुरक्षा बलों ने उनके माथे पर गोली मारी दी। मंगलवार रात वर्ल्ड कप के ग्रुप-ई के मुकाबले में अमेरिका ने ईरान को 1-0 से हरा दिया। इस हार के साथ ही ईरानी टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इसके बाद उत्तरी ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी सार्वजनिक तौर पर देश की फुटबॉल टीम के वर्ल्ड कप से बाहर होने का जश्न मना रहे थे। कुछ शहरों के वीडियो में तो भीड़ को सड़कों पर नाचते-गाते भी देखा गया है, क्योंकि बहुत से ईरानी नागरिकों का मानना है कि ये टीम इस्लामिक गणराज्य ईरान का प्रतिनिधित्व कर रही है।

### विराट कोहली के गेमचेंजर सिक्स पर हारिस रऊफ बोले –

## दिनेश कार्तिक या हार्दिक मारते तो बर्दाश्त नहीं होता



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में टीम इंडिया और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न में खेला गया मैच काफी रोमांचक रहा था। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की 53 गेंद पर 82 रन की पारी की मदद से टीम इंडिया ने चार विकेट से जीत दर्ज की थी। टीम इंडिया की पारी के 19वें ओवर में विराट कोहली ने हारिस रऊफ की गेंद पर दो शानदार छक्के जड़े थे। इन दोनों शॉट की काफी तारीफ हुई थी। अब हारिस रऊफ ने इसे लेकर कहा है कि विराट कोहली के बजाय दिनेश कार्तिक या हार्दिक पांड्या ने छक्का मारा होता तो उन्हें बर्दाश्त नहीं होता। हारिस रऊफ ने माना कि विराट कोहली को छोड़कर कोई और बल्लेबाज उनकी गेंद पर ऐसा शॉट नहीं खेल पाता। हारिस रऊफ ने विराट कोहली को लेकर क्रिकविक पर कहा कि जिस तरह से वह विश्व कप में खेले वह उनका क्लास है। हम सभी जानते हैं कि वह किस तरह के शॉट खेलते हैं। जिस तरह से उन्होंने छक्के मारे, मुझे नहीं लगता कि कोई और खिलाड़ी मेरी गेंद पर ऐसा शॉट मार सकता है।

हारिस रऊफ ने आगे कहा कि अगर दिनेश कार्तिक या हार्दिक पांड्या ने छक्के मारे होते तो मुझे दुख होता, लेकिन वह कोहली के बल्ले से निकले और उनका क्लास एकदम अलग है। बैक-ऑफ-द-लेंथ स्लोर बॉल डालने की योजना थी, क्योंकि स्कवायर बाउंड्री बड़ी थी। मुझे इस बात का अंदाजा नहीं था कि वह इस लेंथ पर डाउन द ग्राउंड शॉट मार सकते हैं। उन्होंने अपनी क्लास से मुझे शॉट मारा। मेरी प्लान ठीक था, लेकिन वह काफी क्लास वाला शॉट था।

## फीफा विश्व कप : 16 साल बाद ऑस्ट्रेलिया राउंड ऑफ-16 में पहुंचा

### ऑस्ट्रेलिया के लिए मैथ्यू लेकी के किया एकमात्र गोल

**कतर (एजेंसी)।** मैथ्यू लेकी के एकमात्र गोल ने ऑस्ट्रेलिया को 2006 के बाद पहली बार फीफा वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ-16 में पहुंचा दिया। कतर के अल जनाब स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने डेनमार्क पर 1-0 से जीत हासिल की। पहला हाफ गोल रहित जाने के बाद लेकी ने दूसरे हाफ में 60वें मिनट पर गोल दागा और अपनी टीम को अगले दौर में प्रवेश कराया। इस जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया छह अंकों, दो जीत और एक हार के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। जबकि डेनमार्क के नाम एक ड्रॉ और दो हार के साथ सिर्फ एक अंक है और वह टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। पहले गोल की खोज में दोनों टीमें ने लगातार प्रयास किए लेकिन पहले हाफ में किसी




को सफलता नहीं मिली और स्कोरलाइन गोलरहित रहा। 58वें मिनट में लिंडस्टॉर्म के फाउल करने के बाद ऑस्ट्रेलिया को फ्री-किक मिली। मिलोस डेगेनेक ने फ्री किक ली, लेकिन इससे गोलकीपर को बिल्कुल भी परेशानी नहीं हुई। मैच के 60वें मिनट में, मैथ्यू लेकी ने खुद को एक डिफेंडर के आमने-सामने की स्थिति में पाया, लेकिन चुनौती पर काबू पाते हुए उसे पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम को बढ़त दिलाने के लिए उन्होंने गेंद को गोल पोस्ट के कोने डाल इसका जश्न मनाया। जैसे-जैसे मिनट बीतते गए, डेनमार्क पूरी तरह से बेरंग और मैच से बाहर दिख रहा था। पिछड़ने के बाद उन्होंने बराबरी का गोल करने का इरादा नहीं दिखाया। आखिरी सीटी के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की जीत के साथ अंतिम 16 में प्रवेश किया।

### मेसी की अर्जेंटीना टॉप-16 में पहुंची

**दो** बार की चैम्पियन अर्जेंटीना ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जर्मन क्लब पीएसजी के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी की कप्तानी में खेल रही अर्जेंटीनी टीम ने ग्रुप-सी के मुकाबले में पोलैंड को 2-0 से हराया। हालांकि, हार के बावजूद पोलैंड की टीम नॉकआउट राउंड में जगह बनाने में कामयाब रही। वहीं, पहले ही मुकाबले में उलटफेर करनेवाली सऊदी अरब और मैक्सिको का सफर ग्रुप स्टेज में ही थम गया। बुधवार-गुरुवार की रात ग्रुप-सी के दो मुकाबले खेले गए। पहला अर्जेंटीना-पोलैंड और दूसरा मैक्सिको-सऊदी अरब के बीच खेला गया। दूसरे मुकाबले को मैक्सिको ने 2-1 से जीता। उसके बाद भी वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। पहले मुकाबले में उलटफेर का शिकार हुई मेसी की टीम ने जीत के साथ अपने ग्रुप की अंक तालिका के टॉप में रहते हुए अगले दौर में जगह बनाई। वहीं, पोलैंड की टीम पहली हार के बावजूद दूसरे स्थान पर रही।




## न्यूज गैलरी

### एनसीबी सीमेंट, कंक्रीट-निर्माण सामग्री पर 17वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थान, राष्ट्रीय सीमेंट और निर्माण सामग्री परिषद (एनसीबी) सीमेंट, कंक्रीट और निर्माण सामग्री पर 17वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगी। इस वर्ष सम्मेलन का विषय शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में बढ़ना है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अनुराग जैन छह दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसके अतिरिक्त नौ दिसंबर को आयोजित होने वाले समापन सत्र में राज्य मंत्री सोम प्रकाश भारतीय सीमेंट उद्योग में ऊर्जा दक्षता, पर्यावरणगत उत्कृष्टता, चक्रीय अर्थव्यवस्था तथा संपूर्ण गुणवत्ता उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस द्विवार्षिक कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष 6-9 दिसंबर को राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में किया जाएगा। पैनल चर्चाओं और उद्योग तथा शिक्षा जगत के विख्यात वक्ताओं के अतिरिक्त लगभग 150 तकनीकी शोध पत्र करीब 20 तकनीकी सत्रों में प्रस्तुत किए जाएंगे। भारत तथा विश्व के 80 से अधिक अग्रणी उपकरण विनिर्माता तथा सेवा प्रदाता भी सम्मेलन के दौरान अपनी प्रौद्योगिकीय कुशलता, नए उत्पादों तथा सेवाओं को एक तकनीकी प्रदर्शनी में प्रदर्शित करेंगे।

### एस्सार ऑयल ब्रिटेन में निम्न कार्बन रिफाइनरी पहल पर कर रही है 36 करोड़ पाउंड खर्च

स्टैनलो। एस्सार समूह की कंपनी एस्सार ऑयल यूके लिमिटेड ने बुधवार को ब्रिटेन में अपनी स्टैनलो रिफाइनरी में 36 करोड़ पाउंड का एक नया और बड़ा ह्यकार्बन कैप्चर प्लांट बनाने की अपनी योजना की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय 2030 तक निम्न कार्बन उत्सर्जन करने वाली एक अग्रणी रिफाइनरी बनने की उसकी महत्वाकांक्षा के अनुरूप है। बयान में कहा गया है कि एस्सार समूह ऊर्जा दक्षता, ईंधन-स्विचिंग और कार्बन कैप्चर पहलों में कुल एक अरब पाउंड से अधिक निवेश कर रहा है। एस्सार की ऊर्जा परिवर्तन रणनीति पांच सिद्धांतों, स्टैनलो रिफाइनिंग प्रक्रियाओं को यथासंभव कुशलतापूर्वक और सुरक्षित रूप से चलाना, स्टैनलो में रिफाइनिंग को डीकाबोर्नाइज करना, वर्टेक्स हाइड्रोजन से हाइड्रोजन भविष्य का निर्माण, हरित ईंधन का विकास (स्वस्थ विमानन ईंधन सहित) और स्टैनलो टर्मिनल्स लिमिटेड के माध्यम से ब्रिटेन की सबसे बड़ी जैव ईंधन भंडारण सुविधा की स्थापना पर केंद्रित है। एस्सार ऑयल यूके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) दीपक माहेश्वरी ने कहा, श्यह नया कार्बन कैप्चर प्लांट हमारी प्रक्रियाओं को डीकाबोर्नाइज करने की सबसे बड़ी पहल है और हमारी बेहद महत्वाकांक्षी डीकाबोर्नाइजेशन रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है। कंपनी ने सितंबर में 280 मेगावाट से अधिक हाइड्रोजन की आपूर्ति के लिए प्रोग्रेसिव एनर्जी के साथ एक संयुक्त उद्यम वर्टेक्स के साथ 'शर्तों के प्रमुख' समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### मुंबई में प्रॉपर्टी की बिक्री में15 प्रतिशत की हुई वृद्धि राजस्व संग्रह में 22 प्रतिशत बढ़ा : नाइट फ्रैंक

मुंबई। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया ने अपनी एक ताजा रपट में कहा है कि मुंबई शहर (बीएमसी क्षेत्र) में नवंबर 2022 में 8,756 अचल संपत्तियों की बिक्री का पंजीकरण हुआ। इससे राज्य सरकार को 671 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व मिला। नाइट फ्रैंक की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक मुंबई में संपत्ति बिक्री पंजीकरण में वृद्धि हाल के महीनों में दर्ज कुछ नरमी के बावजूद मजबूत बनी हुई है। नवंबर 2022 में संपत्ति बिक्री पंजीकरण में 15 प्रतिशत की वृद्धि और सरकारी राजस्व संग्रह में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि हालांकि नवंबर 2021 और 2022 दोनों अवधियों में कोई भी सरकारी प्रोत्साहन नहीं था, लेकिन नवंबर 2022 में उल्टा गृह ऋण की दर में वृद्धि और मेट्रो उपकर के प्रभाव से टैंप ड्यूटी के बोझ को एक प्रतिशत तक बढ़ गया। इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, नवंबर 2022 में बिक्री में जोरदार वृद्धि बनी रही। संपत्ति के पंजीकरण में इस वृद्धि को पूर्ववर्ती त्योहार अवधि से निरंतर गति से भी देखा जा सकता है। त्योहारी सीजन से प्रेरित बाजार की सकारात्मक धारणा का भी इसमें योगदान माना जा सकता है। भले ही त्योहार की अवधि अक्टूबर में समाप्त हो जाती है लेकिन नवंबर 2022 में एक माह पहले की तुलना में बीएमसी क्षेत्र में संपत्ति की बिक्री का पंजीकरण 4 प्रतिशत बढ़ा।

# घर में कारोबार करने वाले किरायेदारों को भी चुकाना होगा 18 फीसदी जीएसटी, सरकार ने दी बड़ी जानकारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जीएसटी हमेशा चर्चा में बना रहता है। जुलाई महीने से जीएसटी के नए नियम लागू भी कर दिए हैं, लेकिन कुछ विषयों को लेकर लोगों में संशय बना हुआ है। अगर आप किसी भी रेजिडेंशियल प्रोपर्टी में किराये पर रह रहे हैं तो आपको किराये के अलावा 18% जीएसटी भी देना पड़ेगा! दरअसल, ये खबर एक बार फिर वायरल हो रही है कि किराये के अलावा टेनेन्ट को 18% जीएसटी देना पड़ेगा। सोशल मीडिया पर यह खबर फिर से वायरल हो रही है कि किराये के अलावा भी किरायेदार को 18% जीएसटी भी देना पड़ेगा। इस वायरल मेसेज की पीआईबी फैक्ट चेक ने यह साफ कर दिया कि हाउस रेंट पर 18% जीएसटी की खबर पूरी तरह गलत है। इतना ही नहीं आपको बता दें कि इस पर सरकार का ब्यान भी सामने आया है। इससे पहले एक ट्वीट में पीआईबी ने कहा,



'रेजिडेंशियल यूनिट का किराया तभी टैक्स योग्य होता है जब इसे किसी जीएसटी रजिस्टर्ड कंपनी को कारोबार करने के लिए रेंट पर दिया जाता है।' इसमें आगे क्लियर किया गया है कि पर्सनल यूज के लिए अगर कोई व्यक्ति इसे किराए पर लेता है तो इस पर कोई जीएसटी नहीं देना पड़ेगा। इसकी तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी को अपने बिजनेस के उद्देश्य से किराए पर लेता है तो उसे जीएसटी देना पड़ेगा। पहले जब कोई कमर्शियल काम के लिए ऑफिस या बिल्डिंग को लीज पर लेता था केवल तभी

◆रेजिडेंशियल यूनिट का किराया तभी टैक्स योग्य होता है जब इसे किसी जीएसटी रजिस्टर्ड कंपनी को कारोबार करने के लिए रेंट पर दिया जाता है।' इसमें आगे क्लियर किया गया है कि पर्सनल यूज के लिए अगर कोई व्यक्ति इसे किराए पर लेता है तो इस पर कोई जीएसटी नहीं देना पड़ेगा।

उसे लीज पर जीएसटी पड़ता था।' दरअसल, जीएसटी की बैठक के बाद से ही लोगों में बढ़े हुए दर को लेकर विरोध दिख रहा है। एक्सपर्ट्स की माने तो अगर कोई आम सैलरीड व्यक्ति ने किराए पर एक रेजिडेंशियल घर या फ्लैट लिया है, तो उन्हें जीएसटी का भुगतान नहीं करना पड़ता है। जबकि एक जीएसटी-पंजीकृत व्यक्ति या संस्था जो कारोबार करती है, अगर वे किराए पर रेजिडेंशियल घर फा फ्लैट लेते हैं तो उन्हें मालिक को किराए पर 18 प्रतिशत जीएसटी देना होगा।

## भारतीय चाय का आयात नहीं कर रहा है ईरान : निर्यातक

**कोलकाता।** चाय निर्यातकों ने बुधवार को कहा कि भारतीय चाय का एक प्रमुख खरीदार देश ईरान खरीद के लिए अनिवार्य प्रपत्र (प्रोफॉर्मा) नहीं भर रहा है और उसे रुपये में भुगतान समझौते को अंतिम रूप दिये जाने का इंतजार है। वर्ष 2021 में ईरान ने भारत से दो करोड़ 61.8 लाख किलोग्राम चाय का आयात किया था जो 2020 में इस फारस की खाड़ी के देश द्वारा किये गये तीन करोड़ 37.5 लाख किलोग्राम के आयात की तुलना में काफी कम था। भारतीय चाय संघ (आईटीए) के महासचिव अरिजीत राहा ने कहा, हम रिपोर्ट देख रहे हैं कि ईरान ने भारत से चाय का आयात बंद कर दिया है। हमने चाय बोर्ड को सूचित कर दिया है जो इस मामले को देख रहा है। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमें पता लगा है कि पंजीकरण या चालान के ऑर्डर से संबंधित कुछ मुद्दे हैं जो ईरानी आयातकों द्वारा जारी नहीं किए जा रहे हैं।

## दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.3 प्रतिशत : एनएसओ

**नयी दिल्ली।** भारत के सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर, 2022 के दौरान स्थिर मूल्य पर (आधार वर्ष 2011-12) पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। यह जानकारी सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में दी गयी है। इस दौरान सकल वर्धित मूल्य (जीवीए) में वृद्धि 5.6 प्रतिशत रही। जीडीपी में सब्सिडी को जोड़ने और उत्पाद पर करों को घटाकर जीवीए निकाला जाता है। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही की वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2021-22 दूसरी तिमाही की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत थी। कोविड के कारण पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर गिरने से उसकी तुलना में इस वर्ष पहली तिमाही के वृद्धि दर के आंकड़े अधिक आकर्षक दिखते हैं लेकिन धीरे-धीरे तुलनात्मक आधार का प्रभाव खत्म हो रहा है।




एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार स्थिर मूल्य पर भारत का जीडीपी 2022-23 की दूसरी तिमाही में अनुमानित 38.17 लाख करोड़ रुपये रहा जबकि वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में यह 35.89 लाख करोड़ रुपये था। आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्य पर जुलाई-सितंबर, 2022 की तिमाही में जीडीपी एक वर्ष पहले की तुलना में 16.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 65.31 लाख करोड़ रुपये था जबकि वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में वर्तमान मूल्य पर जीडीपी 56.20 लाख करोड़ रुपये था। आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में स्थिर मूल्य पर जीडीपी 9.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 75.02 लाख करोड़ रुपये आंका गया है।

## खाने के तेल के भाव में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में आयातित तेलों के दाम में भारी गिरावट रहने के बीच देशी तेल तिलहन के भाव भी दवाब में रहे. दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में बुधवार को सोयाबीन तेल, बिनौला, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली जबकि सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों ने बताया कि मलेशिया एक्सचेंज में भाव में अधिक घट बढ़ नहीं है जबकि शिकॉगो एक्सचेंज कल रात पांच प्रतिशत कमजोर बंद हुआ था और फिलहाल यह 0.7 प्रतिशत मजबूत है। सूत्रों ने कहा कि सूरजमुखी तेल के दाम में भारी गिरावट बनी हुई है जिससे देशी तेल तिलहनों के दाम पर भी भारी दवाब है। देश में तेल पेराई मिलों को सस्ते आयात के सामने पेराई के बाद तेल की लागत अधिक बैठने से पेराई में नुकसान है। किसान नीचे भाव में बिक्री के लिए मंडियों में बहुत सीमित मात्रा में अपनी उपज ला रहे हैं. सूत्रों ने कहा कि अब समय आ गया है कि सरकार सूरजमुखी के साथ साथ सभी खाद्यतेलों पर अधिक से अधिक आयात शुल्क लगा दे क्योंकि देश में अभी सूरजमुखी की बुवाई होनी है और आयातित तेल के दाम सस्ते बने रहे तो अधिक लागत आने के डर से किसान इस फसल की बिजाई नहीं करेंगे। सूत्रों ने कहा कि सरसों, बिनौला और मूंगफली की भी पेराई में पेराई मिल वालों को बाजार भाव के मुकाबले लागत अधिक बैठती है। ऐसे में आयातित तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने पर सरकार को विचार करना चाहिए जिससे देश को राजस्व की भी प्राप्ति होगी।

# सोने-चांदी की कीमतों में लगी आग, एक झटके में 1783 रुपये महंगी हुई चांदी, जीएसटी समेत गोल्ड 54700 के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शादियों के सीजन में सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए झटका है। क्योंकि, आज सोना-चांदी दोनों महंगे हुए हैं। आज यानी गुरुवार को सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 343 रुपये महंगा होकर 53120 रुपये पर खुला। वहीं, चांदी भी 1783 रुपये की छलांग लगाकर 63683 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से केवल 3134 रुपये ही सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से अब केवल 12325 रुपये ही सस्ती है। बता दें सोने-चांदी के ये रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए औसत रेट हैं, जो कई शहरों से लिए गए हैं। बता दें सोने-चांदी के ये रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए औसत रेट हैं, जो



कई शहरों से लिए गए हैं। इस पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है कि आपके शहर में सोना-चांदी इस रेट से 500 से 2000 रुपये तक महंगा या सस्ता बिक रहे हों। आज सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोने का जीएसटी समेत औसत हाजिर भाव 54734 रुपये है। इसमें 99.99 पर्सेंट सोना होता है और इससे कोई जेवर नहीं बनता। वहीं, 23 कैरेट गोल्ड की औसत कीमत अब जीएसटी के साथ 54494 रुपये है। आज यह 52907 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। इसमें 95 पर्सेंट

◆बता दें सोने-चांदी के ये रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए औसत रेट हैं, जो कई शहरों से लिए गए हैं। इस पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है।

सोना होता है। इस पर अगर ज्वेलर का मुनाफा जोड़ लें तो यह 60184 रुपये पड़ेगा। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज के साथ यह 62500 रुपये के करीब पहुंच जाएगा। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 48658 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अब 3 फीसद जीएसटी के साथ इस सोने की कीमत 50117 रुपये है। इसमें 85 फीसद गोल्ड होता है। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और ज्वेलर का मुनाफा जोड़ने के बाद यह आपको करीब 61800 रुपये का पड़ेगा।

## एनडीटीवी में उथल-पुथल के बीच रॉकेट की तरह बढ़ रहा शेयर, निवेशकों की चांदी

**नई दिल्ली।** मीडिया हाउस एनडीटीवी में उथल-पुथल का दौर चल रहा है। इस हफ्ते एनडीटीवी में तीन बड़े इस्तीफे हुए हैं। पहले एनडीटीवी के संस्थापक प्रणय रॉय और उनकी पत्नी राधिका रॉय ने प्रवर्तक समूह की कंपनी आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद अब एनडीटीवी हिंदी के चर्चित एंकर रवीश कुमार ने चैनल का साथ छोड़ दिया। इस बदलते माहौल के बीच एनडीटीवी के शेयर का भाव रॉकेट की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को एनडीटीवी के शेयर में एक बार फिर अपर सर्किट लग गया। शेयर का ये परफॉर्मेंस एंकर रवीश कुमार के इस्तीफे के बाद का है। फिलहाल, शेयर का भाव एक दिन पहले के मुकाबले 5 फीसदी बढ़कर 470.05 रुपये पर है। आपको बता दें कि इस पूरे हफ्ते एनडीटीवी के शेयर में तेजी देखने को मिल रही है। 25 नवंबर को एनडीटीवी के शेयर का भाव 370 रुपये के करीब था, जो अब 470 रुपये के पार है। कहने का मतलब है कि सिर्फ 5 कारोबारी दिन में शेयर का भाव 100 रुपये तक चढ़ गया है। अगर फीसदी के हिसाब से भी देखें तो इस दौरान 25 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई है।



## गाजियाबाद, हापुड़ और बागपत में औद्योगिक विकास के लिए 20 हजार करोड़ का होगा निवेश



गाजियाबाद (एजेंसी)। गाजियाबाद, हापुड़ व बागपत जिलों में औद्योगिक विकास के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (यूपीसीडा) ने कमर कस ली है। प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित इन जिलों में 20 हजार करोड़ के निवेश कराने के लिए यूपीसीडा युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। इसमें प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क, वेयर हाउस व लॉजिस्टिक पार्क विकसित किये जायेंगे। जिसके लिए यूपीसीडा ने एक हजार से ज्यादा भूमि की तलाश पूरी कर ली है। कई बड़ी कम्पनियों ने इसके लिए यूपीसीडा से आवेदन भी किया है। यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार झा बताते हैं कि सरकार की इस नीति से ये जिले औद्योगिक दृष्टि से काफी खुशहाल हो जाएंगे। बताया कि प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद, हापुड़ ,बागपत व ट्रॉनिका सिटी में 20 हजार करोड रुपए के निवेश का टारगेट नई औद्योगिक नीति 2023 के तहत दिया है। जिसमें प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे, खास तौर पर वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक पर जोर दिया जाएगा। इसमें सबसे खास बात यह है कि सरकार एक अपनी वेबसाइट बना रही है जिस पर जमीन देने का इच्छुक किसान भी वह वेबसाइट पोर्टल पर सीधे अपलोड कर सकता है।

## टाटा पावर के उपभोक्ता को बिजली का खम्भा हटाने पर सजा, 60 हजार रु. जुर्माना

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में बिजली संबंधी मामलों की सुनवायी करने वाली रोहिणी की एक अदालत ने एक व्यक्ति को बिजली का खंभा गैर-कानूनी रूप से एक जगह से दूसरी जगह हटाने का दोषी करार देते हुए उसे सजा सुनाई है और 60 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। खंभा को शिफ्ट करने के कारण टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन के विद्युत वितरण नेटवर्क के तारों और एबीसी केबलों को नुकसान पहुंचा था। बिजली वितरण कंपनी ने एक बयान में कहा है कि अदालत ने मन विहार निवासी रमेश कुमार अग्रवाल को 25,000 रुपए के निजी मुचलके पर छह माह के प्रोबेशन पर छोड़ दिया है और इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत में उपस्थित होने तथा अदालत के हर फैसले का निष्ठापूर्वक पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विद्युत) जितेंद्र सिंह की अदालत ने उपभोक्ता को विद्युत अधिनियम की धारा 136/139 के तहत सजा और जुमार्ना के अलावा उसे 3,000 रुपए खंभे को ठीक करने के खर्च की भरपायी के लिए अदा करने के भी निर्देश हैं। कंपनी ने कहा है कि तीन अन्य मामलों में भी अभियुक्तों को बिजली के खंभे हटाने के मामले में सजा सुनायी गई है।

## सेबी ने कार्वी का पंजीयन नियमों के उल्लंघन के कारण एक महीने के लिए निलंबित किया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड (पीएमएस कार्वी) का पोर्टफोलिया प्रबंधक के रूप में पंजीयन प्रमाणपत्र एक महीने के लिए निलंबित कर दिया है। कंपनी के नियामकीय नियमों का उल्लंघन करने के कारण यह कार्रवाई की गई। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड या पीएमएस कार्वी ने अपने खुलासा दस्तावेजों में कुछ जानकारियां नहीं दी थीं जिनमें जुमार्ने, लंबित वाद या कार्यवाही और जांच के निष्कर्ष जैसे विवरण शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन करने में भी विफल रही थी और इस तरह उसने पोर्टफोलियो प्रबंधन संबंधी नियमों का उल्लंघन किया। नियामक ने दिसंबर 2019 में कंपनी की पोर्टफोलियो प्रबंधन गतिविधियों की जांच की थी।

## पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब


**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का सिलसिला लगातार जारी है। कारोबार की शुरूआत में ब्रेंट क्रूड 86 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।




हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल का दाम 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल का भाव 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे कारोबार दिन ब्रेंट क्रूड 2.40 डॉलर यानी 2.89 फीसदी की उछाल के साथ 85.43 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 80.39 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इसके बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल के दाम पिछले चार महीने से ज्यादा समय से स्थिर हैं।

## नवंबर में जीएसटी कलेक्शन 1.46 करोड़ रुपए रहा

नई दिल्ली। देश में जीएसटी राजस्व नवंबर महीने में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.46 लाख करोड़ रुपये रहा। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। यह लगातार नौवां महीना है जब माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। वित्त मंत्रालय के अनुसार सकल जीएसटी राजस्व संग्रह नवंबर महीने में 1,45,867 करोड़ रुपये रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी 25,681 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 32,651 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी 77,103 करोड़ रुपये (आयातित वस्तुओं पर प्राप्त 38,635 करोड़ रुपये समेत) और उपकर 10,433 करोड़ रुपये रहा। इसमें 817 करोड़ रुपये आयातित वस्तुओं से प्राप्त उपकर शामिल है।




# प्रधानमंत्री आवास योजना : ग्रामीण को 2024 तक जारी रखने को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप भी पीएम आवास के लाभार्थी हैं तो ये खबर जरूर पढ़ लें। सरकार ने पीएम आवास योजना को लेकर बड़ा ऐलान किया है। सरकार के इस ऐलान के बाद आप सभी को बड़ा फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण को 2024 तक जारी रखने को मंजूरी मिल गई है। आपको बता दें कि सरकार ने पीएम आवास योजना- ग्रामीण के तहत 2.95 करोड़ पक्के मकान अलॉट करने का लक्ष्य रखा है। अब तक लगभग 2 करोड़ पक्के आवास बना कर दिए गए हैं। लेकिन अब भी कई ऐसे परिवार बाकी हैं, जिन्हें ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को 2024 तक जारी रखने को मंजूरी दी गई है। इससे लाखों ग्रामीणों को बड़ा फायदा होगा। सरकार की तरफ से दी गई




जानकारी के अनुसार, इस योजना में केंद्र सरकार का कुल खर्च 1,43,782 करोड़ रुपये होगा और इसमें नाबार्ड को लोन के इंट्रेस्ट पेमेंट के लिए 18,676 करोड़ रुपये शामिल है। दरअसल, सरकार इस योजना के जरिए पहाड़ी राज्यों को भी 90 फीसदी और 10 फीसदी के आधार पर पेमेंट करती है। जबकि बाकी केंद्र और राज्यों का 60 फीसदी और 40 फीसदी पेमेंट होता है। जबकि केंद्र शासित प्रदेशों में सरकार 100 फीसदी पैसे खर्च करती है। गौरतलब है कि सरकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय बनाने के लिए 12,000 रुपये देती है, जो भवन निर्माण के अलावा दिया जाता है। इस योजना के तहत हर परिवार के लिए पक्का मकान, पानी, बिजली और शौचालय उपलब्ध करवाने का सरकार का संकल्प पूरा हो रहा है।

# 250% से ज्यादा चढ़ गया सरकारी कंपनी का शेयर, 6 महीने में दिया ताबड़तोड़ रिटर्न

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक सरकारी कंपनी के शेयरों ने पिछले 6 महीने से कम में छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। यह कंपनी माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड है। वारशिप और सबमरीन बनाने वाली कंपनी के शेयरों ने 6 महीने से कम में ही 250 पर्सेंट से ज्यादा का रिटर्न इनवेस्टर्स को दिया है। माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर इस पीरियड में 235 रुपये से बढ़कर 900 रुपये के पार पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 932 रुपये है। माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर 20 जून 2022 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (इराए) पर 234.85 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 1 दिसंबर 2022 को बीएसई में 926 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 20 जून 2022 को सरकारी कंपनी माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में 1



लाख रुपये लगाए होते और अपने इनवेस्टमेंट को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 3.94 लाख रुपये होता। माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में पिछले 1 महीने में 45 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 1 नवंबर 2022 को बीएसई में 637.80 रुपये के स्तर पर थे। माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर 1 दिसंबर 2022 को 926 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। इस साल अब तक कंपनी के शेयरों में 227 पर्सेंट की तेजी आई है। वहीं, पिछले एक साल में माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में 252 पर्सेंट का उछाल आया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 224 रुपये है। जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स को 200.44 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। इस पीरियड में कंपनी का रेवेन्यू 1702.36 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का मार्केट कैप 18540 करोड़ रुपये के करीब है। यहां सिर्फ शेयर के परफॉर्मेंस की जानकारी दी गई है, यह निवेश की सलाह नहीं है।

## पेज एक के शेष

### दिल्ली, बेंगलुरु व...

यात्रा ऐप का बीटा संस्करण 15 अगस्त को लॉन्च किया गया था। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करती है। यह देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा भी है। डिजी यात्रा चेहरे की पहचान तकनीक पर आधारित है और यह बोर्डिंग प्रक्रिया को तेज और निर्बाध बनायेगी। इसके अलावा, डिजी यात्रा हवाईअड्डे पर बढ़ी हुई सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। यात्री डेटा एयरलाइंस प्रस्थान नियंत्रण प्रणाली के साथ अटैच होगा इससे केवल निर्दिष्ट यात्री ही टर्मिनल में प्रवेश कर सकेंगे। डिजी यात्रा के संचालन के लिए डिजी यात्रा फाउंडेशन को नोडल निकाय बनाया गया है। यह एक गैर-लाभकारी कंपनी है। फाउंडेशन के शेयरधारक एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई), कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल), बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल), दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल), हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एचआईएएल) और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) हैं।

### गुजरात चुनाव : पहले...

जबकि 2017 में पहले चरण में 89 सीटों पर 67.36 प्रतिशत मतदान हुए थे। जिसमें भाजपा को 48, कांग्रेस को 38, बीटीपी को दो, एनसीपी एक सीटें मिली थीं। इस बार आम आदमी पार्टी ने भी पूरी ताकत से प्रचार करके और लुभावने व कारगर लाभकारी योजनाओं के वादे पेश करके मुश्किल खड़ा कर दिया है। दूसरी ओर 2017 के चुनाव के मतदान की तुलना में इस बार कम वोटिंग हुई है, इसका प्रभाव किस पार्टी पर कितना पड़ेगा यह वोटों की गिनती होने पर पता चलेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### दिल्ली में तीन दिन नहीं बिकेगी शराब

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में तीन दिन शराब नहीं बिकेगी। शुक्रवार शाम से तीन दिन तक शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। इस सूचना के बाद दिल्ली में शराब के शौकिनों में बैचनी फैल गई है और वे शराब के जुगाड़ में जुट गए हैं। पर घबराने की बात नहीं है सिर्फ 2 दिसम्बर को शाम साढ़े पांच बजे से 4 दिसंबर, 2022 को शाम 5,30 बजे तक और फिर से 7 दिसंबर, 2022 को दिल्ली में मतगणना के दिन ड्राय डे घोषित किया है। आबकारी विभाग ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार शाम से तीन दिनों तक शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। तीन दिन का प्रतिबंध चुनाव प्रचार खत्म होने से लेकर मतदान खत्म होने तक लागू रहेगा। 7 दिसंबर को जब मतगणना होगी तो शराब बिक्री पर फिर से रोक रहेगी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनाव के लिए 4 दिसंबर को वोटिंग होगी।

### सुप्रीम कोर्ट में तीसरी बार फिर हुआ ऐतिहासिक नवाचार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में भी हो रहे नवाचार नया-नया इतिहास रच रहे हैं। अब एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में तीसरी बार गुरुवार को महिला जजों की बेंच गठित की गयी है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वैवाहिक विवाद और जमानत के मामलों से जुड़ी स्थानांतरण याचिकाओं पर सुनवाई के लिए न्यायाधीश हिमा कोहली और न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी वाली पूरी तरह महिला न्यायाधीशों की एक पीठ गठित की। पीठ के समक्ष 32 मामले सूचीबद्ध किए गए है, जिनमें से वैवाहिक विवाद और जमानत वाली 10-10 स्थानांतरण याचिकाएं हैं। स्थानांतरण याचिका वे याचिका होती हैं, जिनमें किसी मामले को राज्य एजेंसियों से केंद्रीय एजेंसी या किसी उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध किया जाता है। गौरतलब है कि इससे पहले पूरी तरह से महिला पीठ का गठन 2013 में किया गया था, जब न्यायाधीश ज्ञान सुधा मिश्रा और न्यायाधीश रंजना प्रसाद देसाई की पीठ का गठन हुआ था। इसके बाद 2018 में न्यायाधीश आर भानुमति और न्यायाधीश इंदिरा बनर्जी की पीठ का गठन किया गया। अभी उच्चतम न्यायालय में तीन महिला न्यायाधीश हिमा कोहली, बीवी नागरत्ना और बेला एम त्रिवेदी हैं। नागरत्ना का 2027 में देश की पहली प्रधान न्यायाधीश बनना तय है। उच्चतम न्यायालय में अभी सीजेआई समेत 27 न्यायाधीश हैं, जबकि इसकी कुल क्षमता 34 न्यायाधीशों की है।

# एलएसी के पास चीन बना रहा सैन्य चौकी, अमेरिकी सांसद ने खोली पोल

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** चीन ने फिर से भारत की आंखों में धूल झोंकते हुए एलएसी के पास एक और सैन्य चौकी का निर्माण किया है। जुलाई 2022 में 16वें दौर की कमांडर लेवल वार्ता में चीन ने वादा

- चीन अपने सैनिकों को पीछे हटाने की करता है बात

किया था कि उसकी सेनाएं पीछे हटेंगी। चीन का भारत के साथ पिछले लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है। अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमुर्ति ने दुनिया के सामने चीन के खतरनाक इरादे का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चीन द्वारा सैन्य चौकी का निर्माण किया जाना अपने पड़सियों के प्रति चीनी आक्रामकता का चिंताजनक संकेत है। चीन लगातार एलएसी पर अलग-अलग तरह के निर्माण कर रहा है, जिसकी खबरें और तस्वीरें आए दिन सामने आती हैं। एलएसी पर एक ओर तो चीन अपने सैनिकों को पीछे हटाने की बात करता है, लेकिन दूसरी ओर उसकी सेना वहां हेडक्वार्टर और सैन्य चौकियों का निर्माण कर रही है।



### भारत और चीन के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद

**बता दें,** चीन आए दिन ऐसी कोई न कोई गलत हरकत करता रहता है, जिससे संबंधित मुद्दे पर और तनाव बढ़े। चीन का भारत के साथ पिछले लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है, कई बार हालात काफी बिगड़ भी गए। इस बीच अमेरिका के सांसद ने इस संबंध में आई एक खबर के बाद इसे लेकर बड़ा बयान दिया है। बता दें, विदेशी न्यूज पेपर 'पॉलिटिको' ने बुधवार को दावा किया कि चीन ने भारत के साथ विवादित सीमा के पास एक सैन्य चौकी बनायी है।

### अमेरिका ने कहा- हम भारत के साथ

**अमेरिकी** सांसद ने कहा कि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की एक नयी चौकी संबंधी खबर बीजिंग की बढ़ती क्षेत्रीय आक्रामकता का एक और चिंताजनक संकेत है, जो अमेरिका का भारत और अन्य सुरक्षा साझेदारों के साथ संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता को दोहराता है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की इन हरकतों के बीच भी अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ इंटेलीजेंस और सैन्य सहहयोग के क्षेत्र में साझेदार रहता है। इससे यह संदेश मिलता है कि अमेरिका भारत, ताइवान और चीन का सामना कर रहे अन्य देशों के साथ है।

# भोपाल : एशिया का सबसे बड़ा एटमॉस्फेयरिक रिसर्च सेंटर तैयार



**भोपाल (एजेंसी)।** जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से 20 किमी. दूर शीलखेड़ा में एशिया का सबसे बड़ा एटमॉस्फेयरिक रिसर्च सेंटर अब पूरी तरह तैयार हो गया है। इसकी मदद से 300 किमी. दूर मौसमी सिस्टम किस रास्ते आयेगा, बादल कहां से कैसे आयेंगे, कहां ओले गिरेंगे और कहां कितना पानी

- 300 किमी. दूर बना मौसमी सिस्टम किस रास्ते आयेगा, कहां ओले गिरेंगे पहले चलेगा पता

बरसेगा, यह सब पहले ही मालूम हो जायेगा। इस रिसर्च सेंटर में फिनलैंड से इंपोर्ट कर अत्याधुनिक तकनीक सी बेड ड्वैल पोलर मैट्रिक रडार और केयू बैंड रडार लगाये गये हैं। वैज्ञानिक इस रडार के जरिए यह भी बता देंगे कि यह मानसूनी सिस्टम कहां मौजूद है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी पुणे इसका हेड क्वार्टर होगा। आईआईटीएम के डायरेक्टर आर. कृष्णन ने अपनी टीम के साथ सेंटर का निरीक्षण किया। पहली बार भोपाल आए कृष्णन ने बताया कि यह रिसर्च सेंटर स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स के रिसर्च के लिए भी उपलब्ध रहेगा। मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंस के अधीन आनेवाले आईआईटीएम की निगरानी में यह सेंटर स्थापित किया गया है।

### अगले महीने होगा उद्घाटन

**सेंटर** की इलेक्ट्रिफिकेशन, इंटरनेट से जुड़ी सुविधाएं बाउंड्रीवॉल समेत अन्य व्यवस्थाएं पूरी हो गयी हैं। अगले महीने केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में इसका औपचारिक उद्घाटन किया जायेगा। इस सेंटर में पुणे, बेंगलुरु, कोलकाता सहित देश के कई शहरों के वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। आनेवाले दिनों में और भी कई शहरों के वैज्ञानिक यहां काम के लिए आएंगे। कृष्णन ने बताया कि इस सेंटर में विंड प्रोफाइलर रडार भी लगाया गया है। इसके जरिए जमीन से 12 किमी. ऊंचाई पर वायुमंडल में हवा का रुख क्या है उसमें कितनी नमी है, इसकी भी सटीक जानकारी मिल जायेगी।

# कांग्रेस नेताओं में मुझे गाली देने की मची है होड़ : मोदी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की रावण वाली टिप्पणी का उल्लेख करते हुए गुरुवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं के बीच उन्हें गाली देने की होड़ मची है। खड़गे से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री ने मोदी के खिलाफ औकात बता देने संबंधी टिप्पणी की थी। पंचमहल जिले के कलोल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं में होड़ मची है कि कौन मोदी को सबसे गंदी गाली देगा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर कभी यकीन नहीं किया, वे अब रामायण के रावण को लेकर आए हैं। मुझे आश्चर्य है कि मेरे लिए ऐसे अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करने के बावजूद उन्होंने पश्चाताप नहीं किया, माफी मांगने के बारे में तो भूल ही जाओ।



### जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल हैक

**नयी दिल्ली।** दिल्ली एम्स के सर्वर पर साइबर अटैक के बाद अब केंद्र के एक मंत्रालय का ट्विटर हैंडल अकाउंट हैक हो गया। हैकर्स ने गुरुवार सुबह केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल हैक कर लिया। बताया जा रहा है कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल सुबह हैक किया गया था लेकिन अब यह ठीक हो गया है।

### मातृ मृत्यु दर में आयी गिरावट बहुत ही उत्साहजनक

**मातृ** मृत्यु दर में आयी गिरावट को बहुत ही उत्साहजनक : मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में आयी गिरावट को बहुत ही उत्साहजनक करार देते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण से जुड़े सभी पहलुओं पर केंद्र सरकार मजबूती से काम कर रही है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की ओर से साझा किए गए उस ट्वीट पर आयी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एमएमआर में महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज हुई है और यह देश में एक नया मील का पत्थर है। उन्होंने कहा था,मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में महत्वपूर्ण गिरावट आईं, प्रति लाख 2014- 16 में 130 से घटकर 2018-20 में 97 जीवित प्रसव हो रहे हैं।

### कोरोना संक्रमण : देशवासियों के लिए राहत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देशवासियों के लिए राहत भरी खबर है कि पिछले 24 घंटों में देश में कोरोना महामारी के संक्रमण से किसी भी मरीज की जान नहीं गयी। मृतकों का आंकड़ा 5,30,622 पर बरकरार है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 219.92 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 88 सक्रिय मामले कम होने से इनकी संख्या घटकर 4,767 रह गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के बताया कि इस अवधि में कोरोना संक्रमण से 377 लोगों के मुक्त होने से कुल संख्या बढ़कर 4,41,37,249 हो गयी है और स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है।

# मुंबई में कोरियाई लड़की से छेड़छाड़, दो गिरफ्तार

### कोरिया से आयी एक व्लॉगर मुंबई में कर रही थी स्ट्रीमिंग, इसी दौरान युवकों ने की बदसलूकी

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई से देश को शर्मसार करनेवाली घटना सामने

- एक युवक ने उसका सिर पकड़कर किस करने का किया प्रयास
- लड़की ने ट्विटर पर पोस्ट किया वीडियो, पुलिस हुई सक्रिय

आई है। कोरिया से मुंबई आई एक व्लॉगर के साथ छेड़खानी की गई। यूट्यूबर यह युवती मुंबई के एक गली में वीडियो बना रही थी, इसी दौरान कुछ युवकों ने उसके साथ छेड़खानी की। इस करतूत का वीडियो भी सोशल मीडिया में



वायरल हो रहा है। ऐसा बताया जा रहा है कि महिला दक्षिण कोरिया की नागरिक है। पुलिस ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है, लेकिन उन्होंने खुद इस घटना का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है। मामला मीडिया मे आने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी। गुरुवार को आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया।

वीडियो शेयर करनेवाले एक ट्विटर अकाउंट पर दावा किया गया है कि पीड़िता दक्षिण कोरिया की नागरिक है। युवती रात करीब 8 बजे उपनगरीय खार इलाके में लाइव स्ट्रीमिंग कर रही थी। इसी दौरान यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान मोबीन चंद मोहम्मद शेख (19) और मोहम्मद नकीब सदरियालम अंसारी (20) के रूप में हुई है। वीडियो वायरल होने के बाद खार पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है।

# महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर कॉलेज में बवाल

### फेस्टिवल के दौरान छात्र ने कर्नाटक का झंडा लहराया, पूरी क्लास ने पीटा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में एक स्टूडेंट की दूसरे स्टूडेंट्स ने जमकर पिटाई कर दी। दरअसल, इंटर-कॉलेज में एक प्रोग्राम चल रहा था। इसी दौरान उस स्टूडेंट ने कर्नाटक का झंडा लहरा दिया। इसके चलते सेकेंड ईयर के उस स्टूडेंट को उसके क्लासमेट्स ने मिलकर पीट दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये घटना गोगटे कॉलेज की है, जो कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद के चलते हुई। स्टूडेंट की पिटाई के विरोध में कन्नड़ संगठन ने प्रदर्शन किया है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसके अलावा महाराष्ट्र समर्थक स्टूडेंट्स की भी पिटाई की। वहीं, कन्नड़ संगठन ने आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र एकीकरण समिति बेलगावी में माहौल खराब कर रही है। इसी धारणा के चलते झंडा फहराने वाले स्टूडेंट के साथ मारपीट की गई।

### मारपीट करनेवाले सभी स्टूडेंट्स हैं नाबालिग

**बेलगावी** में स्टूडेंट की पिटाई का वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में कई स्टूडेंट्स डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। उनमें से एक स्टूडेंट कर्नाटक का झंडा लहरा कर डांस कर रहा है। झंडा देखते ही अन्य स्टूडेंट्स मिलकर उसे पीटने लगते हैं। इस मामले की जानकारी पुलिस को मिलते ही स्टूडेंट्स को थाने बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि मारपीट में शामिल सभी छात्र नाबालिग हैं। फिलहाल पुलिस उनसे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।



### सीमा विवाद को लेकर होनी है सुनवाई

**कर्नाटक** और महाराष्ट्र सीमा विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि महाराष्ट्र का आवेदन विचार योग्य नहीं है। हमारे वकीलों ने यही तर्क दिया है। हमारा रुख संवैधानिक और कानूनी है।

